सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:22

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 22.5 न्यू | 33.7 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77341.08 |
| निफ्टी | 23537.85 |
| सोना | 72,270 |
| चांदी | 91,198 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 25 जून, 2024 | 12 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 188, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




भारत ने तीरंदाजी में ओलंपिक टीम कोटा हासिल किया

पृष्ठ 13 पर

**टी-20 विश्व कप** आज का मैच

अफगानिस्तान vs बांग्लादेश

स्थान: सेंट विंसेंट, समय : सुबह 6:00 बजे

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ये कैसी सुविधा, आईजीएमसी में एमआरआई को लग रहे 4 महीने -पेज 2
- कांग्रेस ने नालागढ़ से किया सौतेला व्यवहार : केएल ठाकुर -पेज 3
- पैराग्लाइडिंग विश्व कप के लिए बिलिंग तैयार -पेज 5
- द. अफ्रीका सेमीफाइनल में, विंडीज बाहर -पेज 13
- संविधान पर हमला हमें स्वीकार्य नहीं : राहुल -पेज 14


### हंगामे के साथ 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू, प्रधानमंत्री समेत सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

# मोदी ने याद दिलाया आपातकाल, विपक्ष का बवाल



एजेंसी, नई दिल्ली

**हंगामे** के साथ 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरुआत में मौन रखा। सत्र से पहले राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई।

इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इस दौरान जब मोदी ने कांग्रेस को संविधान की याद दिलाई तो इस पर विपक्ष ने खूब हंगामा किया। वहीं, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। हाल ही में नीट की परीक्षा का पेपर लीक होने के मुद्दे से राजनीति गरमा हुई है। मंगलवार को भी अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा।



विपक्ष ने लहराईं संविधान की प्रतियां

### मोदी ने आपातकाल को बताया काला धब्बा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सत्र से पहले अपने संबोधन में सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। पीएम ने आज के दिन को लोकतंत्र के लिए गौरव का दिन बताया। जनता ने हमारी नीयत और नीति पर मुहर लगाई है। देश के लोगों की सेवा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन में आपातकाल का जिक्र भी किया। लोकतंत्र में आपातकाल को काला धब्बा बताया। भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं में निष्ठा रखने वालों के लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है।

### विपक्षी गठबंधन उठाता रहेगा आवाज : खड़गे

सदन की शुरुआत में राहुल गांधी समेत विपक्ष के नेताओं ने हाथ में संविधान की प्रतियां लेकर विरोध किया। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन संसद के अंदर और बाहर लोगों की आवाज उठाएगा। आपातकाल को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाने के पीएम मोदी बयान पर खड़गे ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आप विपक्ष को चेतावनी दे रहे हैं। आप 50 साल पुराने आपातकाल की बात कर रहे हैं, लेकिन पिछले 10 साल में अघोषित आपातकाल को भूल गए हैं।

### कांग्रेस सांसद ने संविधान की प्रति लेकर ली शपथ



**असम** की धुबरी लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने संविधान की प्रति लेकर लोकसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। रकीबुल हुसैन ने अपने अनोखे कदम से सबका ध्यान खींचा है। जहां असम की धुबरी लोकसभा सीट से जीते कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन अपनी पार्टी से पहली बार सांसद चुने गए ह।

### अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, डॉ. राजीव और कंगना ने भी ली शपथ



**नई दिल्ली।** हिमाचल के चार सांसदों ने भी लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर, शिमला से सुरेश कश्यप, कांगड़ा से डॉ. राजीव भारद्वाज और मंडी की सांसद कंगना रनौत ने संसद भवन में सांसद पद की शपथ ली। 17वीं लोकसभा में अनुराग केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री थे। इन मंत्रालयों से पहले वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री (31 मई 2019 से 7 जुलाई 2021) के रूप में भी कार्यभार संभला था। इस मौके पर अनुराग ने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में 18वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने अपने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

### नड्डा को बनाया राज्यसभा में सदन का नेता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता बनाया गया है। वह राज्यसभा में पीयूष गोयल की जगह लेंगे। नड्डा के पास केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और उर्वरक व रसायन मंत्रालय का जिम्मा भी है। राज्यसभा की वेबसाइट पर भी नड्डा का नाम बतौर सदन का नेता अपडेट किया गया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर अंतरिम रोक को चुनौती देने वाली याचिका पर अगली सुनवाई 26 जून को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस बीच अगर दिल्ली हाई कोर्ट अपना आदेश पारित करती है तो उसे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जाए।

### आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा स्थगित



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आदि कैलाश और ओम पर्वत की तीर्थयात्राएं 25 जून से अस्थायी रूप से स्थगित कर दी जाएगी। यात्रा के लिए दोबारा बुकिंग सितंबर में शुरू होगी।

### उड़ी में आतंकी ढेर हथियार बरामद

**जम्मू।** सेना के जवानों ने ऑपरेशन बजरंग के जरिए एक आतंकवादी मारा गया, जिसकी पहचान रफीक पासवाल निवासी बाग के रूप में हुई है। सर्च के दौरान उसके पास से एक एके-47 राइफल, 1 चीनी पिस्टल भी मिला है। इसके अलावा कई गोलियां भी मिली हैं। मारे गए आतंकी के पास से पाकिस्तानी और भारतीय रुपए भी मिले हैं। वहीं, नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट जारी किया है।

### चंडीगढ़ में टॉय ट्रेन पलटी, बच्चे की मौत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के एक मॉल में 'टॉय ट्रेन' का डिब्बा पलटने से उसमें सवारी कर रहे एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा अपने परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### प्रज्वल रेवन्ना के भाई को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज रेवन्ना को पुलिस ने यौन उत्पीड़न केस में गिरफ्तार किया था। बेंगलुरु की कोर्ट ने सूरज को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### कलबुर्गी हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी फर्जी

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ई-मेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली, जो तलाशी अभियान के बाद फर्जी निकली।

## अनंत व्यंग्य




# सीएम ने आयोग के समक्ष रखी प्रदेश की वित्तीय स्थिति

### हिमाचल के तीन दिवसीय दौर पर पहुंची 16वें वित्तायोग की टीम, सरकार के साथ बैठक

रविंद्र जस्टा, शिमला

**केंद्र** सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश के लिए बनाए गए 16वें वित्तायोग की टीम तीन दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची है। 16वें वित्तायोग की टीम ने सरकार के साथ सोमवार को राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में बैठक की। इसमें सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे।

सीएम ने राज्य की वित्तीय स्थिति और अपेक्षाओं को वित्तायोग के समक्ष रखा। सरकार ने लगातार बढ़ रहे राजस्व घाटे को देखते हुए वित्त आयोग के समक्ष राज्य के हितों की पैरवी की, ताकि नया वित्त आयोग केंद्र के समक्ष ग्रांट को बढ़ाने की सिफारिश कर पाए। बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से भिन्न हैं। आपदाएं यहां समस्याएं और अधिक बढ़ा देती हैं। ऐसे राज्यों में धन की अधिक आवश्यकता होती है। अभी हिमाचल सरकार ने अपनी बात रखी है। सभी प्रदेशों से राय और चर्चा करने के बाद आयोग अपनी सिफारिशें देगा। हिमाचल ने ओपीएस लागू की है, जिससे वित्तीय स्थिति पर असर हुआ है। इस पर देखा जाएगा, उसके बाद ही ग्रांट पर निर्णय होगा। आयोग चिंतन करेगा और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर राज्यों की हिस्सेदारी तय होगी।



16वें वित्तायोग की टीम के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुक्खू व अन्य मंत्री।

सुक्खू ने बताया कि सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनावश्यक संस्थानों को बंद करने जैसे बड़े कदम उठाए हैं। इसके अलावा, प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कृषि, पशुपालन और बागवानी जैसे क्षेत्रों को अधिमान दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### केंद्र ने 9,042 करोड़ का भुगतान नहीं किया : सुक्खू

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने पर बल दिया, ताकि इन क्षेत्रों से स्थानीय लोगों का पलायन रोका जा सके। प्रदेश प्राकृतिक आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है और हिमाचल को आपदा पूर्व प्रबंधन एवं राहत कार्यों की दृष्टि से विशेष प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। आयोग को बताया कि पिछले वर्ष बरसात में भारी बारिश एवं बाढ़ से हुए नुकसान के एवज में केंद्र सरकार ने 9,042 करोड़ का भुगतान अब तक नहीं किया है।

# चुवाड़ी उपमंडल में वाहन पास को लेकर कहासुनी, चाकू से युवक की हत्या

### पुलिस ने चार आरोपी किए गिरफ्तार, एक फरार


बबलू पठानिया, चुवाड़ी

**चंबा** जिले के चुवाड़ी उपमंडल में वाहन पास लेने के मामूली विवाद पर पांच लोगों ने एक 24 वर्षीय युवक की चाकू से हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही चुवाड़ी पुलिस हरकत में आई और पांचों आरोपियों में से चार को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि पांचवां फरार हो गया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस ने जगह-जगह नाकेबंदी कर दी है।

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर चुवाड़ी चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाया। निखिल ठाकुर पुत्र चरण सिंह गांव मेहला, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा रविवार को छिंज मेला देखने के लिए आया था और सोमवार को निजी वाहन से नूरपुर लौट रहा था। इस दौरान चुवाड़ी से कुछ दूर पहुंचने पर एक अन्य वाहन वहां से गुजर रहा था। सड़क संकरी होने के चलते दोनों वाहन पास नहीं हो पा रहे थे। इस बात को लेकर निखिल और अंकु, विनय, अंकित गांव कामन, अतुल गांव चुवाड़ी व विशाल गांव लाहिड़ी में आपस में कहासुनी हो गई। इसी बीच निखिल पर पांचों ने चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। राहगीरों ने इसकी सूचना चुवाड़ी पुलिस को दी और आरोपियों पर शिकंजा कस दिया, लेकिन एक आरोपी भाग गया।

चंबा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और फरार एक आरोपी की तलाश जारी है। मृतक के परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

**नूरपुर तहसील का निखिल ठाकुर छिंज देखकर लौट रहा था वापस**



चुवाड़ी उपमंडी में युवक की हत्या के बाद छानबीन में जुटी पुलिस टीम। इस दौरान इकट्ठे हुए लोग।

### कितना भी बिगड़ जाए स्वास्थ्य, नहीं उठूंगी अनशन से : आतिशी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जारी जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी की नेता और जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। सोमवार को उनके अनशन का चौथा दिन है। रोजाना उनके स्वास्थ्य की जांच हो रही है, जिसमें डॉक्टर के मुताबिक धीरे-धीरे उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए उनका यह 'अनिश्चितकालीन अनशन' जारी रहेगा। चाहे कितना भी स्वास्थ्य बिगड़ जाए, पीछे नहीं हटूंगी। दिल्ली का सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली का 100 एमजीडी अर्थात 46 करोड़ लीटर से ज्यादा पानी रोक रखा है। यह एक दिन में 28 लाख से ज्यादा लोगों के काम आता है।

# कुनिहार-नालागढ़ सड़क पर गंभर पुल के पास फटा बादल

### भारी मात्रा में सड़क पर मलबा; यातायात अवरुद्ध, दो वाहन आए चपेट में

कृष्ण रघुवंशी, अर्की

**बारिश** के बीच सोमवार को कुनिहार ब्लॉक के तहत नालागढ़ मार्ग पर गंभर पुल के नजदीक बादल फटने से पहाड़ों से भारी मात्रा में मलबा सड़क व पुल पर आ गया। इस मलबे में दो वाहन भी चपेट में आ गए और एक ढाबे को भी नुकसान पहुंचा है।

मलबा सड़क पर आने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी अवरुद्ध मार्ग को खोलने में जुटे हुए हैं। जब बादल फटा दुकानदार अपनी दुकानें खोलने की तैयारी कर रहे थे। अचानक पहाड़ी आया मलबा सड़क पर जमा होने लगा। एक कार चालक ने बताया कि उनका परिवार कार में सवार था। अचानक मलबा आने से गाड़ी को धक्का लगा और गाड़ी पुल पर आ गई। वहीं एसडीएम अर्की यादविंदर पाल ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। (अनंत ज्ञान)



कुनिहार-नालागढ सड़क मार्ग पर बादल फटने से गंभर पुल पर आया मलबा।

# सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में नौकरियों में 5 नंबर का बोनस को दिया असंवैधानिक करार

एजेंसी, चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार के सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक-आर्थिक आधार पिछड़े उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले को पलटते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि यह असंवैधानिक है।

हरियाणा की खट्टर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। फैसला 5 मई, 2022 से लागू किया था। इसके तहत जिस परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी सालाना 1.80 लाख रुपए से कम हो, ऐसे परिवार के आवेदक को 5 अतिरिक्त अंक का लाभ मिलता है। हरियाणा सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट में 1.80 लाख सालाना इनकम वाले परिवारों को बोनस अंक का लाभ दिया था। राज्य के परिवार पहचान पत्र वाले युवाओं को ही यह फायदा मिला। इसे अन्य अभ्यर्थियों ने कोर्ट में चुनौती दी। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 31 मई 2024 को बोनस अंक देने के फैसले को खारिज किया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि यह एक प्रकार से आरक्षण देने जैसा है। जब आर्थिक पिछड़ा वर्ग के तहत राज्य सरकार ने पहले ही आरक्षण का लाभ दिया है तो यह आर्टिफिशियल श्रेणी क्यों बनाई जा रही है।

**मौसम** 28 को मानसून पहुंचने के आसार, लोगों को गर्मी से मिली राहत की सांस

# शिमला सहित कई जिलों में बरसे मेघ

रविंद्र जस्टा, शिमला

**शिमला** व सोलन सहित प्रदेश के अन्य जिलों में सोमवार को बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग केंद्र शिमला के अनुसार, प्रदेश में 28 जून को मानसून पहुंचने का पूर्वानुमान है।

हिमाचल में अधिकतम तापमान शिमला 26.0, सुंदरनगर 37.0, भुंतर 36.0, ऊना 40.2, नाहन 30.9, बिलासपुर 39.4, मंडी 35.6, कांगड़ा 39.0, हमीरपुर 38.8, चंबा 38.1, बेरथिन 37.6 व बजौरा में 36.4 रहा है।

सबसे ज्यादा तापमान ऊना का रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में गर्मी के चलते पर्यटक पहाड़ी क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में हिमाचल में होटलों में ऑक्यूपेंसी 80 से 90 प्रतिशत चल रही है।



शिमला में बारिश के बीच अपने गंतव्य की ओर जाते लोगा।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 40.2° |
| बिलासपुर | 39.4° |
| कांगड़ा | 39.0° |
| हमीरपुर | 38.8° |
| चंबा | 38.1° |
| बरठीं | 37.6° |
| सुंदरनगर | 37.0° |
| मंडी | 35.6° |
| धौलाकुआं | 34.5° |
| धर्मशाला | 33.7° |
| नाहन | 30.9° |
| सोलन | 30.5° |


ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS

NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)

COURSES OFFERED 2024-25

Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE

T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)

T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in ELECTRICIAN
SANITARY HEALTH INSPECTOR
SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL)
FITTER

ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY

ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY

ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM

ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520, 9816242139, 9816102238
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में जाम से नहीं मिल रही राहत

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में लोगों को जाम से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को मिनटों का सफर घंटो में तय करना पड़ रहा है। जाम में फसने के चलते लोगों के पसीने छूट रहे है। जाम को बल करने को प्रशासन द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। शिमला में इस वर्ष पर्यटकों की भारी संख्या देखने को मिल रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक लगातार शिमला सहित पहाड़ों का रुख कर रहे है। बीते 20 दिनों में 8 लाख 50 हजार वाहन शिमला पहुंचे है। इसमें 2 लाख 50 हजार पर्यटकों के वाहन है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड आंकड़ा है। इस भारी संख्या में पर्यटकों के शिमला पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखना भी अपने आप में एक चुनौती है। शिमला की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए वाहनों की यह संख्या कई गुना अधिक है। (अनंत ज्ञान)

### कोटखाई के बाघी क्षेत्र में कल लगेगा पावर कट

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सहायक अभियंता बाघी ने बताया कि हुली से बाघी 22 केवी लाइन फीडर में जरूरी रखरखाव के लिए 26 जून को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 तक क्षेत्र में विद्युत् आपूर्ति बाधित रहेगी, जिस कारण ग्राम पंचायत रामनगर, रावलाक्यार, नगान, कलबोग, क्यारवी, गलेहा, रतनाड़ी, बाघी और कडीवन में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### 7 प्रशिक्षुओं ने उत्तीर्ण की नाईपर-2024 परीक्षा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय फ़ार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के 7 प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय स्तरीय नाईपर प्रवेश परीक्षा (स्नातकोत्तर)-2024 उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। 15 जून को हुई इस परीक्षा के माध्यम से सभी नाईपर संस्थानों में मास्टर व पीएचडी के लिए प्रवेश लिया जाएगा। गौर रहे कि इस संस्थान के प्रशिक्षु निरंतर राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर स्नातकोत्तर में प्रवेश कर रहे हैं। इस वर्ष भी 7 छात्र-छात्राओं ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें बैच 2019-2023 से साहिल ठाकुर (रैंक-116), आरुषि (रैंक-514) शीतल (रैंक-1151) और बैच 2020-2024 से ध्रुव ग्रोवर (रैंक-808), तनवी नेगी (रैंक-893), धनप्रीत कौर (रैंक-1494) व अमन ठाकुर (रैंक-1950) ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विवेक शर्मा ने उक्त विद्यार्थियों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### हैंडबॉल गेम में मोहम्मद शाहिक का चयन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घूमारवीं निवासी मोहम्मद शाहिक युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के अंतर्गत राज्य खेल छात्रावास में चयनित होने पर घूमारवीं में खुशी की लहर। घूमारवीं गांधी चौक निवासी मोहम्मद शाहिक घूमारवीं के प्रमुख समाजसेवक एवं व्यवसायी मोहम्मद रफीक का पोता है। 15 वर्षीय मोहम्मद शाहिक ने बिलासपुर में मई महीने में हैंडबॉल का ट्रायल दिया था। उसके उपरांत युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के निर्देशक आईएएस संदीप कुमार द्वारा जारी पत्र संख्या 1441-42 के तहत बिलासपुर में स्थित राज्य स्तरीय खेल छात्रावास हॉस्टल में हैंडबॉल गेम में मोहम्मद शाहिक का चयन हुआ है। घूमारवीं की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों मीना शर्मा, बृजलाल ठाकुर, वीना शर्मा, मोहम्मद अकबर ने कहा कि घूमारवीं में पहुंचने पर मोहम्मद शाहिक का स्वागत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पेंशनरों के बकाया देय अदा करे प्रदेश सरकार

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ से संबंधित हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अखिल भारतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ विपन कुमार डोगरा ने विशेष रूप से भाग लिया। प्रदेश महामंत्री उमेश ने बताया कि महासंघ ने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री से कर्मचारियों की न्यायोचित मांगें शीघ्र पूर्ण करने को कहा है। अभी तक संशोधित वेतनमान -2016 से हुई वृद्धि का बकाया व एरियर का भुगतान नंही हुआ है और न ही भत्ते संशोधित किए गए हैं, न ही पैशनरों की संशोधित पैंशन, ग्रेचुइटी व लिव इन कैशमैंट का भुगतान हुआ है। अभी तक बोर्डों, निगमों के कर्मचारियों को पुरानी पैंशन का लाभ नहीं दिया गया है। उन्होंने सरकार से शीघ्र कर्मचारियों व श्रमिकों की मांगों को पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया है। (अनंत ज्ञान)

# ये कैसी सुविधा, आईजीएमसी में एमआरआई को लग रहे 4 महीने

## अस्पतालों में सीटी स्कैन के लिए 15 से 20 दिन की दी जा रही डेट, मरीज निजी लैबों का रुख करने को मजबूर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधाओं की पोल खुलती नजर जा रही है। आपको यह जानकार हैरानी होगी की प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में इन दिनों एमआरआई के लिए 4 महीने की डेट दी जा रही है।



वहीं प्रदेश में सीटी स्कैन मशीनों की हालत भी यही है। प्रदेश में सीटी स्कैन भी सिर्फ 5 जिलों में हो रहे। कई जगह पर सीटी स्कैन के लिए भी 15 से 20 दिन की डेट दी जाती है। कुछ जिलों में तो सीटी स्कैन मशीन ही नहीं है। हालत यह है कि कुछ अस्पतालों में मशीनें खराब हैं तो कई जगह पर रैडियोलॉजिस्ट नहीं है और मशीनें धूल फांक रही है। ऐसी स्थिति में मरीजों की हालत दयनीय हो गई है। मरीजों को एमआरआई और सीटी स्कैन के लिए निजी लैब की ओर रूख करना पड़ रहा है। भारी पैसे खर्च कर मरीजों को अपनी जान बचानी पड़ रही है। सवाल तो यह है कि स्वास्थ्य सुविधा देने को लेकर सरकार व विभाग द्वारा एक से बढ़कर एक दावें किए जा रहे हैं, लेकिन दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। यहां पर सरकार के दावें 'हाथी' के दांत साबित होते नजर आ रहे है। सचाई तो यह सामने सामने आई है कि मरीज सरकारी अस्पतालों की अपेक्षा निजी अस्पतालों में जाने के लिए तैयार है।

### सुविधा देने को लेकर खुल रही स्वास्थ्य विभाग व सरकार की पोल

**मरीजों** को भारी भीड़ के बीच पहले तो अस्पतालों में डॉक्टर के पास चैकअप करवाने को धक्के खाने पड़ रहे और उसके बाद टैस्ट नहीं हो पाते है। जब तक टैस्ट होते है तब तक कई मरीजों की जान जाती है तो कुछ ज्यादा गंभीर हो जाते है। अस्पतालों की स्थिति काफी दयनीय है और स्थिति सुधारने की काफी ज्यादा आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं मरीज

**आईजीएमसी** में राजगढ़ सिरमौर व कांगड़ा के रहने वाले दो मरीजों से जब बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें डॉक्टर ने एमआरआई लिखा है, लेकिन यहां पर मई महीने की डेट दी जा रही है। मरीजों ने डर के चलते अपना नाम व फोटो ना छपवाने की शर्त पर कहा की आईजीएमसी में हालत काफी ज्यादा खराब चली हुई है।

### आधे दिन खराब रहती है मशीनें

**सरकारी** अस्पतालों में एक ओर लापवरही यह है कि जब भी मशीनें खराब होती है तो उसे जल्द से ठीक नहीं करवाया जाता है। आधे दिन तो मशीनें खराब ही रहती है। मरीजों को बार-बार अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस स्थिति मरीज प्राईवेट में ही जाने को तैयार हो जाता है।

### रेडियोलॉजिस्ट की कमी का मुद्दा पहले भी विवादों में रहा

**प्रदेश** के कई जिलों में अभी भी रैडियोलॉजिस्ट की कमी चल रही है। सिरमौर के पांवटा में तो कुछ समय पहले रेडियोलॉजिस्ट का मुद्दा काफी ज्यादा विवादों में रहा है। जब तक सरकार रेडियोलॉजिस्ट के पद नहीं भर्ती है तब तक यह दिक्क तें आती रहेंगी। सरकार की यह लापवाही काफी ज्यादा मरीजों पर भारी पड़ रही है। प्रदेश में शीघ्र अति शीघ्र रेडियोलॉजिस्ट के पदों को भरना चाहिए।

### निजी लैब वाले लूट रहे चांदी

**सरकारी** अस्पतालों में एमआरआई व सीटी स्कैन न होने से निजी लैब वाले चांदी लूट रहे है। एमआरआई की बात की जाए तो निजी लैब में 4 से 7 हजार के बीच होता है और सरकारी में 2600 से 4 हजार के बीच होता है। वहीं सीटी स्कैन भी निजी लैब में 1500 के करीब व सरकारी में 600 से 700 के बीच होता है। ध्यान रहे सरकारी अस्पतालों में हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड पर यह टैस्ट निशुल्क होते है।

### मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण मिलती है डेट

**इस** बारे आईजीएमसी के प्रिंसिपल डॉ. सीता ठाकुर का कहना है कि अस्पताल में मरीजों की ज्यादा संख्या होने के चलते एमआरआई और सीटी स्कैन की डेट दी जाती है। आईजीएएमसी में इन दिनों यह दोनों ही टेस्ट हो रहे है। हमारे पास जब कम मरीज आते है तो समय से सीटी स्कैन व एमआरआई हो जाते है। कोशिश की जा रही है कि मरीजों को ज्यादा दिक्कतें न आए। ऐसे में मरीजों के हित में उचित उदम उठाए जा रहे हैं।

# पुलिस कस्टडी में मेरा बेटा सुरक्षित नहीं : बंबर ठाकुर

## पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, मांगी सीबीआई जांच

**शुभम राही, बिलासपुर**

सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने एक बार फिर से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। बंबर ठाकुर ने कहा कि मेरा बेटा पुलिस कस्टडी में भी सुरक्षित नहीं होगा। मुझे और मेरे परिवार को मारने की पुलिस साजिश रची जा रही है।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर शहर के गोलीकांड में अगर मैं और मेरा परिवार संलिप्त कोई भी पाया जाता है तो उसको बचाने के लिए हमारे परिवार से कोई भी आगे नहीं आएगा, अगर इस मामले में हमारे परिवार का कोई भी सदस्य नहीं पाया जाता है तो उनको बचाने के लिए सबसे पहले बंबर ठाकुर आगे आएगा। सोमवार को नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने



पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, साथ हैं अन्य।

कहा कि पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उनके घर औहर में उनको बिना जानकारी दिए घुस गए थे। पुलिस कर्मचारियों द्वारा उनके घर के दरवाजों और अलमीरा को भी तोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मचारियों ने उनके घर से क्या लिया है क्या नहीं उनकी जानकारी उन्हें नहीं है, लेकिन उनके घर पर पड़े पुराने मोबाइल को पुलिस कर्मचारी यहां से ले गए हैं। जिसका वह पूरी तरह से विरोध करते हैं। बंबर ठाकुर ने कहा कि अगर पुलिस को उनके घर की चैकिंग करनी थी तो वह उनको बताते वह स्वयं उनके साथ चलकर अपने घर की चैकिंग करवाते। लेकिन पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा किया गया यह बरताव बिल्कुल भी सहनीय नहीं है। प्रेसवार्ता करते हुए बंबर ठाकुर ने कहा कि यह गोलीकांड भाजपा की पूरी सोची समझी साजिश है। उन्होंने एम्स प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं और कहा है कि जिस व्यक्ति को गोली लगी है जिला अस्पताल में भी सही बातचीत कर रहा था और खून की एक बूंद तक नहीं निकली थी।

ऐसे में उन्होंने कहा कि कहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के इशारों पर तो नहीं कहीं एम्स प्रशासन कार्य कर रहा है। बंबर ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि इस विषय पर सीबीआई या फिर हाईकोर्ट के सीटिंग जज से जांच करवाई जाए, ताकि इस विषय पर उचित कार्यवाही हो सकें। बंबर ठाकुर ने कहा कि उनको और उनके परिवार को बदनाम करने के लिए भाजपा ने यह षड़यंत्र रचा है। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षा मंत्री ने ग्राम मझोली में बिशू मेले में की शिरकत

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

ठोडा दल खूंद मधान व परगना धारठी (मधान) की ओर से तीन दिवसीय बिशू (ठोडा) मेला का आयोजन ठियोग के ग्राम मझोली (कुफ्टा) ग्राम पंचायत कथोग (मधान) में किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिरकत की।

मेले को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने घोषणा की है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कथोग में भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की राशि का 25 प्रतिशत हिस्सा लोक निर्माण विभाग को जल्द सौंप दिया जाएगा, ताकि कार्य अतिशीघ्र शुरू हो सके। इसके साथ ही स्थानीय पंचायत को पांच लाख रुपए की राशि सीटी वर्क के लिए दी जाएगी। उन्होंने मेला समिति को 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा ठोडो खेल में हिस्सा ले रही दोनों टीमों को 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की। मेले में ठोडा दल सरतेला (शाठी) व ठोडा दल डरौल (पाशी) द्वारा पारंपरिक ठोडा खेल से लोगों का मनोरंजन किया गया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पारंपरिक खेलों को नई खेल नीति में शामिल करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि खेल कोटे से खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी लेने में प्राथमिकता मिले। उन्होंने स्थानीय जनता से अपील की कि अपने पारंपरिक खेलों को जीवित रखने में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस मौके पर विधायक ठियोग कुलदीप सिंह राठौर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कंवर, देवेंद्र नेगी निदेशक लैंड मार्डगेज बैंक, वरिष्ठ नेता भूषण ठाकुर, उपप्रधान सुरेश आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# कूड़ा संयंत्र लगाने के लिए चार पंचायतों से ली झूठी एनओसी

## नौणी, कोटीपुरा, राजपुरा और रघुनाथपुरा पंचायत के ग्रामीण भड़के

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के साथ लगती नौणी, कोठीपुरा, राजपुरा और रघुनाथपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को बिलासपुर मुख्यालय पर एकत्रित होकर उपायुक्त से मुलाकात की है। इस दौरान ग्रामीणों ने उनके चार पंचायतों के साथ लगते क्षेत्र पड़गल में प्रशासन द्वारा कूड़ा संयंत्र यंत्र लगाने का विरोध जताया।

ग्रामीणों का कहना है कि उनका विरोध सबसे ज्यादा इसलिए है क्योंकि यहां पर चार पंचायतों द्वारा दी गई एनओसी की यहां पर न तो पंचायत प्रधान व अन्य प्रतिनिधियों को जानकारी थी और न ही किसी ग्रामीण सदस्य को। पंचायत के किसी प्रतिनिधि ने झूठे साइन करवाकर यह एनओसी दे दी है। यहीं नहीं, ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यहां पर वन अधिकार समिति का भी गठन किया गया है और इस समिति में जो कार्यकारिणी बनाई गई है वह भी पूरी तरह से एक फ्रॉड बनाई गई है, क्योंकि इस समिति में जो सचिव व सदस्य बनाए गए हैं उन लोगों को इसकी



बिलासपुर के सर्किट हाउस में एकत्रित हुए ग्रामीण सामूहिक चित्र में।

### कहा- जिस ग्रामीण महिला की अंगुलियां तक नहीं उसके भी एनओसी में लगाए गए झूठे अंगूठे

बिल्कुल भी जानकारी नहीं है।

ग्रामीणों ने नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि इस एनओसी में इतना बड़ा फ्रॉड किया गया है कि जिनमें कुछ ग्रामीण ऐसे भी है, जिनकी हाथ की अंगुलियां तक नहीं है, ऐसे में इस एनओसी में यहां पर झूठे ही अंगूठे लगा दिए गए।

ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस संदर्भ में जल्द से जल्द जांच की जानी चाहिए। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि इस संदर्भ में जल्द में जल्द से एनओसी रद्द की जाए और यहां पर इस तरह से कोई भी कूड़ा संयंत्र यंत्र नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीणों ने कहा कि यहां पर कूड़ा संयंत्र यंत्र लगने से प्राकृतिक जल स्त्रोत प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि यहां पर एम्स, फोरलेन सहित मंडी भराड़ी पुलि के साथ लगती गोबिंदसागर झील भी है, इस यंत्र के लगते से यहां पर यह स्थान प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन को यह भी आश्वस्त किया है कि अगर प्रशासन कोई उपयुक्त स्थान चिन्हित करता है तो ग्रामीण प्रशासन को पूरा सहयोग करेगा। (अनंत ज्ञान)

# जेपी नड्डा पर बयानबाजी बंबर की हताशा: राजेंद्र गर्ग

**नीरज शर्मा, घुमारवी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर द्वारा दिए गए ब्यान पर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग भड़क गए हैं। गर्ग ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं। यह उनकी हताशा को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पूर्व विधायक बंबर ठाकुर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बारे में टिप्पणी कर रहे हैंए वह सत्य और तथ्यों से परे हैं। बंबर ठाकुर जेपी नड्डा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह कहना कि बिलासपुर में हुए गोलीकांड पर पुलिस गंभीरता एवं निष्पक्षता से कार्य कर रही हैए अपने आप में हास्यस्पद्ध बात है। क्योंकि गोलीकांड के मुख्य आरोपी को पांच दिनों के बाद भी पुलिस

### पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की टिप्पणी पर भड़के पूर्व मंत्री

पकडने में सफल नहीं हो पाई है। यही सुक्खू सरकार की निष्पक्षता एवं गंभीरता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस सत्ता के दबाव में काम कर रही है और घटना के मुख्य आरोपी को माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत न मिलने पर भी आरोपी दनदनाते घूम रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली सुक्खू सरकार गुंडातत्वों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने सवाल दागा कि क्या यही व्यवस्था परिवर्तन है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि गोली किसने किसको चलाई यह एक अलग बात है और यह गोलियां वहां किसी भी आम व्यक्ति को लग सकती थी। उन्होंने कहा कि शांत प्रिय प्रदेश में इस प्रकार की 'गुंडागर्दी-गोलीकांड' कतई सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में सुक्खू सरकार सत्तासीन हुई है तब लगातार प्रदेश में हत्याओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। (अनंत ज्ञान)

# खेलों का सिरमौर बिलासपुर बना मर्डर और शूटरों का प्रमुख अड्डा

## कभी दिन में चलाई जा रही गोलियां, तो कभी घरों में घुसकर हो रही हत्याएं

**शुभम राही, बिलासपुर**

एक समय था जब बिलासपुर जिला को खेलों का सिरमौर नाम से जाना जाता था, लेकिन अब वहीं बिलासपुर हत्याओं, दिन-दिहाड़े गोलीकांड, चोरी, डकैती और नशा माफियों के नाम से प्रचलित होने लगा है। अभी कुछ समय पहले सिकरोहा पंचायत के चंदपुर गांव में बुजुर्ग दंपति की हुई हत्या का मामला शांत नहीं हुआ था कि बिलासपुर शहर में एक गोलीकांड सामने आ गया।

हैरान करने की बात तो यह है कि यह गोलीकांड कोई शहर के बाहर एकांत नहीं बल्कि कोर्ट परिसर से 50 मीटर, एसपी रेजिडेंट से 100 मीटर, डीसी और एसपी ऑफिस से महज 150 मीटर की दूरी पर दिन-दिहाड़े गोलियां बरसाई गई, जिसमें एक युवक को गोली भी लगी है, जिसका उपचार बिलासपुर एम्स में चल रहा है। बिलासपुर शहर की बात करें तो यहां पर कानून व्यवस्थाओं पर काफी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि शहर में हुए गोलीकांड के बाद बिलासपुर पूरे प्रदेश में सुर्खियों पर बना हुआ है। इस गोलीकांड को जहां भाजपा ने हथियार बनाकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना भी शुरू कर दिया है, वहीं मामले में कांग्रेस के एक नेता के बेटे का नाम आने के बाद प्रदेश में राजनीतिक चर्चाएं अधिक बढ़ गई।

आपको बताते चलें कि बिलासपुर मुख्यालय की बात करें तो यहां पर आए दिन चोरियों के मामले भी सामने आ रहे हैं। यहीं नहीं, चोर आम जनता के घरों में डाके कम बल्कि सरकारी अफसरों और उनकी कॉलोनियों में जाकर चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। दिन-दिहाड़े रोड़ साइड खड़ी गाड़ी से सामान चोरी होना या फिर घरों के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम देना यह बिलासपुर में अब आम सी बात होने लगी है।

वहीं, बिलासपुर पुलिस के पास भी दर्जनों मामले प्रतिमाह चोरी के सामने आ रहे हैं, जिसके चलते पुलिस प्रशासन अधिकतर इन चोरी की वारदातों को सुलझाने में लगा हुआ है। बिलासपुर नगर के डियारा सेक्टर की बात करें तो पुलिस प्रशासन की ओर से इस एरिया को हॉट स्पॉट माना जाता है, क्योंकि बिलासपुर शहर के पुलिस नक्शे के अनुसार पुलिस प्रशासन का डियारा सेक्टर पर अधिक फोकस हैं क्योंकि इस एरिया में कुछ शरारती तत्वों ने चोरियां, चिट्टा सहित अन्य कई वारदातों को अंजाम दिया है, जिसके बाद पुलिस प्रशासन की विशेष टीम का इस एरिया पर अधिक फोकस भी रहा है। इसी के साथ फोरलेन शुरू होने से यहां पर बाहरी राज्यों के पर्यटकों और लोगों का आगमन अधिक हो गया है, जिसके चलते यहां पर भी पुलिस प्रशासन की विशेष टीम आए दिन चिट्टा सहित चरस के साथ आरोपी लोगों को पकड़ रही है, लेकिन जिस तरह से बिलासपुर जिला में बड़े अपराध के चलते भविष्य में यहां पर लोगों के लिए काफी दिक्कतें हो सकती है।

हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से नशेड़ियों, चोरी के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है, लेकिन अब यहां पर हालात ऐसे पैदा हो गए हैं कि पुलिस एक आरोपी को पकड़ती है तो उसके बाद 10 आरोपी निकलकर सामने आ रहे हैं, जिससे न केवल पुलिस व स्थानीय लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

# सूख रही बावड़ियां, बिना अनुमति हैंडपंप लगाया तो होगी कार्रवाई

**बलवंत कमल, दधोल**

घुमारवीं क्षेत्र के साथ लगती ग्राम पंचायत दधोल के तहत आने वाले लगभग छह प्राकृतिक जल स्त्रोत सूखने की वजह से पूरी तरह से सूख गए हैं। बिलासपुर में इस साल तापमान अधिक होने की वजह से ग्रामीणों को पानी की समस्या अधिक हो गई है।

आज पंचायत की अधिकतर जनसंख्या पीने के पानी के लिए सरकारी नलों पर आश्रित है, लेकिन उनमें भी तीसरे से चौथे दिन पानी मिलता है। अगर जल्दी ही प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सेहेजा नहीं गया तो पानी की गंभीर समस्या पैदा हो जाएगी। वहीं, इस समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग ने भी दधोल क्षेत्र में कड़े आदेश जारी कर दिए हैं और कहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति बिना विभाग की अनुमति से हैंडपंप लगाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। क्योंकि विभाग ने भी माना है कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों के सूखने का मुख्य कारण हैंडपंप भी हैं।

गौरतलब है कि शहरों से लेकर गांव तक आज सबसे गंभीर समस्या पानी की बनती जा रही है। यह समस्या सरकारों को भी परेशान कर रही है। यहां तक की दिल्ली जैसे शहरों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिसके लिए हिमाचल से पानी मंगवाया जा रहा है। मगर बात करें हिमाचल के कई जिलों में पानी के प्राकृतिक स्त्रोत सूख रहे हैं जिसका मुख्य कारण बहुत सारे हैंडपंप लगना हैं क्योंकि यह प्राकृतिक स्त्रोतों का पानी हैंडपंप खींच रहे हैं और जो पानी कभी पूरे गांव को राहत देता था वो केवल एक या दो घरों तक सीमित रह गया है, जिसके कारण पानी की समस्या बढ़ती जाए रही है। आपको बता दें कि हिमाचल सरकार द्वारा 2019 में बिना स्वीकृति के हैंडपंप लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

उधर, जल शक्ति विभाग मंडल भराड़ी के सहायक अभियंता पवन शर्मा ने कहा कि विभाग की तरफ से कोई हैंडपंप नहीं लगाया जा रहा है अगर कोई नया हैंडपंप लगवाना चाहता है तो उसे जल शक्ति विभाग के भू जल संरक्षण आर्गेनिजेशन की स्वीकृति लेनी पड़ेगी। अगर कोई भी हैंडपंप बिना अनुमति लगाता है और जो मशीन का ठेकेदार लगाता है और विभाग को शिकायत मिलती है तों उनके खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**धक्केशाही** — बाहरी लोगों ने स्कूलों में करवाई निशुल्क प्रतियोगिता, बाद में पैसे मांगने पर हुआ हंगामा

# घुमारवीं में बच्चों के टेलेंट के नाम पर मची लूट

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवी क्षेत्र में बच्चों के टेलेंट के नाम पर उगाही करने का मामला सामने आया है। सोमवार को जब बच्चों से पैसे उगाहने की बात सामने आई तो अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी।

जानकारी के अनुसार बाहरी राज्य के कुछ लोग बिना किसी आधिकारिक इजाजत लिए पिछले तीन दिनों से क्षेत्र के सरकारी व निजी स्कूलों में पहुंचे। जहां पर स्कूली बच्चों की डांस व निबंध प्रतियोगिता करवाई गई। इन बाहरी राज्य के लोगों ने विद्यार्थियों को कहा कि यह टेलेंट प्रतियोगिता

### विवाद बढ़ता देख मौके पर बुलानी पड़ी पुलिस

नि:शुल्क है। इसके लिए किसी तरह का कोई पैसा नहीं देना होगा। जिसके बाद पहले राउंड में विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों बच्चों ने भाग लेते हुए अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। इसके बाद 23 तारीख को बच्चों के घरों पर फोन कर कहा गया कि आपके बच्चे दूसरे राउंड के लिए चयनित हो गए हैं। सोमवार को बच्चों को लेकर घुमारवी के एक निजी स्कूल में बुलाया गया। दूसरे राउंड में चयनित होने की बात सुनते हुए डंगार, ओहर, बधाघाट आदि दूर-दराज क्षेत्रों से अभिभावक अपने बच्चों को लेकर घुमारवी पहुंचे। जहां पर दूसरे राउंड के नाम पर प्रत्येक बच्चे से छः सौ रुपए मांगा गया।

कुछ अभिभावकों ने तो पैसे जमा करवा दिए, लेकिन अधिकतर अभिभावकों ने आपत्ति जाहिर कर दी कि जब आपने पहले कहा था कि यह प्रतियोगिता बिल्कुल निशुल्क रहेगी तो अब पैसे क्यों मांगे जा रहे हैं? इस पर विवाद बढ़ गया। वाहरी राज्य के लोग जो टेलेंट के नाम पर पैसे मांग रहे थे उनके व अभिभावकों के बीच गहमागहमी बढ़ गई। अभिभावकों में शामिल कमल ठाकुर, सुमन, रोशनी, बन्दना, उषा, संगीता, रजनीश, रजनी जसपाल आदि ने कहा कि वाहरी राज्य से आए यह लोग बच्चों के टेलेंट के नाम पर उगाही कर रहे हैं। आखिर किसकी इजाजत से यह लोग स्कूलों में पहुंचे जहां पर टेलेंट के नाम पर बच्चों की प्रतिस्पर्धा करवाई गई।

इसके अलावा निशुल्क प्रतियोगिता करवाने के बाद जब बच्चों को घरों से बीस से तीस किलोमीटर दूर घुमारवीं बुलाया गया तो पैसे बटोरने का धंधा क्यों किया गया। जितने भी बच्चे पहले राउंड में भाग लिए हुए थे वह सभी बच्चे दूसरे राउंड के लिए चयन कैसे हो गए। अभिभावकों के मुताबिक पैसे बटोरने के लिए इस तरह का कार्य प्रवासी लोगों द्वारा किया जा रहा है। गरीब लोग निशुल्क प्रतियोगिता के नाम पर किराया खर्च करके घुमारवी पहुंचे, लेकिन यहां पर मोटी उगाही देख वह चकित रह गए। अभिवहाकों के मुताबिक छः सौ रुपए प्रति बच्चे के हिसाब से लाखों रुपए इक्कठा कर चुके यह प्रवासी लोग बिना इजाजत कार्य कर रहे हैं, लेकिन इनकी जांच करने वाला कोई नही है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस कर रही मामले की जांच

**उधर,** इस संदर्भ में जब एसडीएम घुमारवीं गौरव चैधरी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस तरह की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस को भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में समर सीजन में हरियाणा से घूमने आए दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। दोनों मृतक हरियाणा के पलवल जिले के




हथीन उपमंडल के भीमसीका गांव के रहने वाले थे। सड़क हादसा नारकंडा के कैंची मोड़ के पास हुआ था। कार में पांच युवक सवार थे। इनमें एक युवक साबिर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था, वहीं सकील, आकिल, शौकीन और इरफान घायल हुए थे। इनका आईजीएमसी में उपचार चल रहा है। रात को आईजीएमसी में इलाज के दौरान साबिर के भाई शौकीन की भी मृत्यु हो गई। दोनों भाइयों की मौत की सूचना से उनके परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने कि है। शिमला पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं।

## चुनावी मैदान में 15 प्रत्याशी, चार नामांकन रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आगामी 10 जुलाई को देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाले उपचुनावों के नामांकनों की छंटनी के बाद अब 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हैं। देहरा में अब कुल पांच, हमीरपुर में चार व नालागढ़ में छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। अगले दो दिन 25 व 26 जून को तीन बजे तक प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश, भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी सुलेखा देवी, अरुण अंकेश स्याल और संजय शर्मा चुनावी रण में हैं। विधानसभा क्षेत्र देहरा से दो कवरिंग प्रत्याशियों कांग्रेस के हरि ओम और भाजपा के वीर सिंह के नामांकन पत्र रद्द हुए हैं। अब यहां पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप कुमार और नंद लाल शर्मा चुनाव मैदान में हैं। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा, भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर, स्वाभिमान पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी गुरनाम सिंह, हरप्रीत सिंह और विजय सिंह चुनावी मैदान में हैं। नालागढ़ से एक निर्दलीय प्रत्याशी उदय कुमार सिंह तथा कांग्रेस के कवरिंग प्रत्याशी परमिंदर कौर बावा का नामांकन रद्द हुआ है। यहां से अब छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

## हरदीप के खिलाफ टिप्पणी करने पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ उपचुनाव में प्रत्याशियों के खिलाफ गलत टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा के खिलाफ गलत प्रचार व टिप्पणी करने पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा के चुनाव एजेंट अब्दुल मतीन खान




की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। मतीन खान ने बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ युवकों द्वारा झूठी आईडी बनाकर हरदीप बावा के खिलाफ गलत शब्दों का प्रयोग करके छवि को खराब किया जा रहा है, जिससे हरदीप बावा के प्रचार पर असर पड़ रहा है। उन्होंनेउक्त आईडी की पहचान कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। डीएसपी नालागढ़ भीष्म ठाकुर ने बताया कि कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## परिवार से पैसे लेने के लिए रची थी अपहरण की साजिश

**आर मोहन, सोलन।** बिजनेस की कार्यशैली से परेशान और परिवार से मनमुटाव पर सोलन के एक युवक ने पैसों के खातिर अपने ही अपहरण की साजिश रच दी। शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अभय गोयल निवासी कथेड़ बाईपास सोलन ने पुलिस थाना सदर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 23 जून को उसके भाई अमन के मोबाइल नंबर से उसके दोस्त के व्हाट्सऐप पर मैसेज आया कि वह अमन गोयल के बाप को बता दें कि अमन इनके पास है। उसे बचाने के लिए एक लाख रुपए ट्रॉन्सफर करो। इस संबंधी पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लोकेशन के आधार पर अमन गोयल को हरियाणा के शाहपुर के समीप बने गुरुद्वारा के पास बरामद किया। पूछताछ के दौरान अमन गोयल ने बतााया कि उसका परिवार से मनमुटाव था, जिस कारण उसने पैसे एठनें के लिए अपने ही अपहरण की साजिश रची थी। (अनंत ज्ञान)

# चिकित्सक रहकर भी लोगों की सेवा कर सकते थे कांग्रेस प्रत्याशी : आशीष

### भाजपा प्रत्याशी ने ग्राम केंद्र लंबलू व चमनेड में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर मांगे वोट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर से उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा ने सोमवार को ग्राम केंद्र लंबलू व चमनेड में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर जनता से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि वह लगातार 5 सालों से जनता के बीच चल रहे हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि हमीरपुर की जनता उन्हें इस बार भी भारी मतों से विजय प्राप्त करवाकर विधानसभा भेजेगी।

वह विधानसभा में लोगों की आवाज को बुलंद करेंगे। केंद्र में भाजपा सरकार से अनेकों परियोजनाएं हमीरपुर में लाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाने की बजाए केवल मात्र उनका ही दुष्प्रचार कर रहे हैं। ऐसी झूठ की


जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा।

राजनीति करने के लिए ही वह चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी को देहरा से टिकट दिया, वहीं हमीरपुर से पूर्व नेता के पुत्र को टिकट देकर परिवारवाद को बढ़ावा दिया है।

कांग्रेस प्रत्याशी कहते हैं कि वे जनसेवा के लिए चुनाव में आए हैं। लेकिन जिस पेशे में वह थे, उससे बड़ा जनसेवा का कार्य कोई हो ही नहीं सकता। वह चिकित्सक रहकर भी लोगों की सेवा कर सकते थे। लेकिन सत्ता के लोभ के चलते उन्होंने नौकरी छोड़ी व अब चुनावी मैदान में है। वह लगातार झूठी बयानबाजी कर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आते ही अनेकों संस्थान बंद कर दिए। लंबलू क्षेत्र के ही डिग्री कॉलेज और पीएचसी बंद हुए हैं। अगर कांग्रेस प्रत्याशी को लोगों की इतनी ही परवाह होती तो वह इन संस्थानों को बंद नहीं होने देते।

क्योंकि वे चिकित्सक हैं और क्षेत्र पीएचसी की महत्ता को जानते हैं, इसके बावजूद भी उन्होंने डिनोटिफाई हुए पीएससी के खिलाफ कुछ नहीं बोला। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदर्शकान्त, अजय शर्मा, भोरंज से पूर्व विधायक अनिल धीमान, सेक्टर प्रभारी पुरषोत्तम ठाकुर, तिलक राज शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# जयराम पिटा हुआ चेहरा, उनके नेतृत्व में भाजपा ने सारे चुनाव हारे : कौशल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि बिके हुए नौ पूर्व विधायक भाजपा और जयराम ठाकुर की कुंडली में राहु बनकर बैठे हुए हैं। वैसे भी जयराम पिटा हुआ चेहरा है, उनके नेतृत्व में भाजपा ने सारे चुनाव हारे है। सोमवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कौशल ने कहा कि धनबाद षड्यंत्र और खरीद-फरोत के जिस तरीके पर हिमाचल में भाजपा चल रही है, उसके लिए जनता की अदालत में कोई स्थान नहीं है। यही वजह है कि भाजपा अभी के तीनों उपचुनाव अब हारने वाली है।

हिमाचल में मौजूदा कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत में है। जयराम और भाजपा के नेता जितना चाहे लोगों को गुमराह करने में लगे रहें। अब उनका कुछ भी बनने वाला नहीं है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि सीपीएस के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का जो बयान आया है वह न्यायालय की अवमानना है। इस पर न्यायालय को संज्ञान लेना चाहिए।


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते प्रेम कौशल।

जयराम को यह कैसे मालूम हो सकता है कि उनकी सदस्यता जा रही है। मामला जब कोर्ट में विचाराधीन है, तो फिर जयराम को यह कैसे मालूम हो सकता है कि कोर्ट का फैसला इनके खिलाफ आने वाला है।

## संविधान के भक्षक कर रहे रक्षक बनने का ढोंग : भारद्वाज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

भारत के इतिहास में इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी इतिहास का सबसे बड़ा कला अध्याय रहा। संविधान के भक्षक आज रक्षक बनने का ढोंग कर रहे है। यह बात भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा की कांग्रेस की सत्ता की लालसा 1975 से लेकर अब तक साफ दिखाई देती है। कांग्रेस पार्टी का सत्ता बरकरार रखने के लिए असंवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है, जैसा कि 1975 के आपातकाल के दौरान देखा गया था।

कांग्रेस और उसके सहयोगियों की रणनीति आज भी हमारे लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरा है जितना 1975 में था। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस ने नालागढ़ से किया सौतेला व्यवहार : केएल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

नालागढ़ विधानसभा में पिछले डेढ़ वर्ष में कांग्रेस सरकार ने कोई भी काम नहीं करवाया है, जिससे जनता में कांग्रेस सरकार के प्रति गहरा रोष है। नालागढ़ से भाजपा के प्रत्याशी केएल ठाकुर ने कहा कि अब जल्द ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने वाली है। प्रदेश की विकास विरोधी कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता में जबरदस्त रोष है।

नालागढ़ की जनता प्रदेश की कांग्रेस सरकार को नालागढ़ से किए गए सौतेले व्यवहार और विकास पर लगाए गए ग्रहण के विरोध में वोट की चोट से जवाब देगी।

उन्होंने दावा किया कि चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह से लोग भाजपा को सर्मथन दे रहे है और जनप्रतिनिधि कांग्रेस छोड़ भगवा बिग्रेड का हिस्सा बना रहे है उससे स्पष्ट हो गया है की इस बार उपचुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेगी।

केएल ठाकुर ने उक्त शब्द जोघों, बाहा, जुखाड़ी, घड़याच, लूनस व पोले का ख़ासा में चुनाव प्रचार के दौरान कहे।

केएल ठाकुर ने कहा कि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सरकार की नालागढ़ के लिए कोई ऐसी उपलब्धि नहीं है, जिसका जिक्र कांग्रेसी कर सके, लेकिन प्रदेश सरकार की नाकामियों और सौतले व्यवहार की की लिस्ट लंबी है।

# भाजपा को मिल रहा लोगों का आशीर्वाद : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को हिमाचल प्रदेश के लोगों को पूरा सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है। भाजपा प्रदेश में हो रहे सभी उपचुनावों को जीतेगी। प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 68 में से 61 सीटों पर पिछड़ गई।

मुख्यमंत्री और ज्यादातर मंत्री अपना हलका नहीं बचा पाए। ऐसा पहली बार हुआ है जब प्रदेश में कोई सरकार इतनी जल्दी अपनी



लोकप्रियता खो दी हो। यह सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है। किसानों, युवाओं, बागवानों के साथ धोखा किया।

डेढ़ साल के कार्यकाल में प्रदेश के विकास को पूरी तरह ठप करके रखा। जनहित के मुद्दों की उपेक्षा की। चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया। तानाशाही और बदले की भावना से काम किया। नई संस्थानों को खोलने की बजाय पहले से खुले संस्थानों को बंद किया। आज तक प्रदेश में ऐसी सरकार नहीं देखी, जिसने विकास की और जनपेक्षाओं की पूर्ण उपेक्षा की। सभी विधानसभा उपचुनाव को भाजपा जीतेगी। प्रदेश के लोग इस सरकार के कारनामों से ऊब गए हैं और सरकार को सबक़ सिखाने की तैयारी बैठे हैं। (अनंत ज्ञान)

# ..तो हिमाचल में राष्ट्रपति शासन की मांग करेंगे : हर्ष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तंज करते हुए चेताया है कि यदि भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कोई गैर-कानूनी कारवाई की तो फिर यह सरकार भी नहीं बचेगी।


प्रेस कॉन्फ्रेंस दौरान हर्ष महाजन व अन्य भाजपा नेता।

क्योंकि सुक्खू जिस तरीके से राजनीति में उलझे हुए हैं, उसमें सेल्फ स्टाइल सिस्टम और गुंडाराज के अलावा यहां और कुछ भी जनता को नहीं मिल रहा। विधायकों को धमका रहे हैं, उन्हें जलील कर रहे हैं। जिन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं, वह सारे मामले बेवजह के हैं।

कानूनी तौर पर उनमें कुछ नहीं है। इसीलिए यदि फड़फड़ाने की ज्यादा कोशिश की, तो हिमाचल के सभी सांसद जिनमें चार लोकसभा के और तीन राज्यसभा के राष्ट्रपति और गृह मंत्री से मिलेंगे और धारा 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करेंगे। ऐसा नहीं है कि सुक्खू जो चाहेंगे वहीं हिमाचल में हो जाएगा। सीएम के पास सरकार को चलाने का तजुर्बा ही नहीं है और केवल राजनीतिक उलझनों में उलझे हुए हैं। ऐसी कोई भी सरकार नहीं चलती। (अनंत ज्ञान)




















न मे पार्थास्ति कर्तव्यं
त्रिषु लोकेषु किंचन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव
च कर्मणि ॥

श्री कृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन! तीनों लोकों में मुझे किसी भी वस्तु के प्रति लगाव नहीं है कुछ भी ऐसा नहीं है जो मुझे चाहिये हो, लेकिन फिर भी मैं अपने कर्तव्यों में लगा हूं। यहां श्री कृष्ण लोगों को अकर्मण्य होकर बैठने से रोकते हैं और सदैव कर्म करने की प्रेरणा देते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 25 जून 2024

# चतुर्थी पर गणेश जी के साथ करें हनुमान जी की पूजा

25 जून यानी मंगलवार को आषाढ़ मास का पहला चतुर्थी व्रत है। मंगलवार को चतुर्थी होने से इसे अंगारक चतुर्थी भी कहा जाता है। इस तिथि पर घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनाए रखने की कामना से व्रत किया जाता है। मंगलवार और चतुर्थी के योग में गणेश जी के साथ ही हनुमान जी और मंगल ग्रह की भी विशेष पूजा करनी चाहिए। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, चतुर्थी तिथि के स्वामी गणेश जी हैं, इसी तिथि पर गणेश ने अवतार लिया था। एक माह में दो चतुर्थियां आती हैं, एक कृष्ण पक्ष में और दूसरी शुक्ल पक्ष में। गणेश जी के भक्त इन दोनों चतुर्थियों पर व्रत रखते हैं। इस व्रत में भक्त दिनभर निराहार रहते हैं और शाम को चंद्र दर्शन के बाद गणेश पूजा करके व्रत पूरा करते हैं।



## ऐसे कर सकते हैं गणेश जी की सरल पूजा

**गणेश** जी को जल, दूध और फिर जल से स्नान कराएं। हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। चंदन का तिलक लगाएं। दूर्वा, चावल, जनेऊ सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित करें। लड्डू और फलों का भोग लगाएं। गणेश जी के 12 नाम वाले मंत्रों का जप कम से कम 108 बार करें। गणेश जी के मंत्र- ऊँ सुमुखाय नमः, ऊँ एकदंताय नमः, ऊँ कपिलाय नमः, ऊँ गजकर्णाय नमः, ऊँ लंबोदराय नमः, ऊँ विकटाय नमः, ऊँ विघ्ननाशाय नमः, ऊँ विनायकाय नमः, ऊँ धूम्रकेतवे नमः, ऊँ गणाध्यक्षाय नमः, ऊँ भालचंद्राय नमः, ऊँ गजाननाय नमः। धूप-दीप जलाकर गणेश जी की आरती करें। अंत में भगवान से जानी-अनजानी गलतियों के लिए क्षमा याचना करें। पूजा के बाद प्रसाद बांटें और खुद भी लें।

## अंगारकी संकष्टी चतुर्थी पर बन रहा सुनफा योग

25 जून को चंद्रमा मकर उपरांत कुंभ राशि पर संचार करने वाले हैं और चंद्रमा से शनि दूसरे घर में गोचर कर रहे हैं, जिससे सुनफा योग का निर्माण हो रहा है। अंगारकी संकष्टी चतुर्थी तिथि पर सुनफा योग के साथ लक्ष्मी नारायण योग, त्रिग्रही योग और श्रवण नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है, जिससे कल के दिन का महत्व बढ़ गया है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, कल बन रहे शुभ योग का फायदा 5 राशियों को मिलने वाला है। इन राशियों को पुराने कर्जों से राहत मिलेगी और भाई-बहन के संबंधों में स्नेह बढ़ेगा। राशियों के साथ कुछ ज्योतिषीय उपाय भी बताए गए हैं, इन उपायों के करने से कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति मजबूत होगी और इन 5 राशियों को हनुमानजी का आशीर्वाद भी मिलेगा, जिससे इन राशियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में सभी कष्टों व परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।

## मंगल देव हैं नौ ग्रहों के सेनापति

ज्योतिष में मंगल देव को ग्रहों का सेनापति माना गया है। यह ग्रह मेष और वृश्चिक राशि का स्वामी है। अंगारक चतुर्थी पर सबसे पहले गणेश जी की पूजा करें। गणेश जी के बाद मंगल ग्रह की पूजा करें। मंगल ग्रह की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है। इसलिए शिवलिंग का अभिषेक करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल के साथ ही लाल फूल भी चढ़ाना चाहिए। मंगल देव को लाल गुलाल चढ़ाएं। मंगल देव की भात पूजा खासतौर पर की जाती है। भात पूजा में शिवलिंग का पके हुए चावल से श्रृंगार करना चाहिए। ऊँ अं अंगारकाय नमः मंत्र का जप करते हुए शिव पूजा करें। जिन लोगों की कुंडली मंगल ग्रह से संबंधित दोष हैं, उन्हें मंगलवार को लाल मसूर का दान करना चाहिए। मंगलवार को हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। मंगलवार को ही हनुमान जी का अवतार हुआ था, इस वजह से हर मंगलवार हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है।



# जानें... कब-कब होता है पितृ दोष ?


**पितरों** की हम पर कृपा न रहना ही पितृ दोष है। हमारे पूर्वजों द्वारा उनकी जिंदगी में जान बूझकर या अनजाने में किए गए बुरे कर्म उनकी आत्माओं को परेशान करते हैं। बच्चों द्वारा जान बूझकर या अनजाने में किए गए बुरे कर्म पूर्वजों की आत्माओं को तकलीफ पहुंचाते हैं। पूर्वजों की अपने बच्चों के लिए कुछ करने की भावना का पूरा न हो पाना। किसी पूर्वज की कम उम्र में अचानक या अप्राकृतिक रूप से मौत हो जाना।



डॉ. अमन शर्मा

अगर कोई पूर्वजों को याद न रखे और उन्हें उचित सम्मान न दे। अगर पूर्वजों को लेकर मन में कुछ इच्छाएं रहें। यदि पिता की तरफ से सातवीं पीढ़ी तक का कोई पूर्वज और माता की तरफ से चौथी पीढ़ी तक का कोई पूर्वज कम उम्र में या फिर अप्राकृतिक रूप से मर जाए।

यदि आज की पीढ़ी या आज की पीढ़ी से पहले की पीढ़ी कोई ऐसा काम करे जो खानदान के संस्कारों के विरुद्ध हो, अंतरजातीय विवाह आदि करे, अन्य धर्म को मानने लगे, धर्म विरुद्ध आचरण करें, पारिवारिक संस्कृति से भिन्न खान -पान और क्रियाकलाप करें। आज की अथवा पिछली पीढ़ी ऐसे किसी शक्ति को पूजने लगे जो नैसर्गिक देवता की श्रेणी में न आता



हो, अपितु कभी मनुष्य रहा हो और मृत आत्मा स्वरुप हो अर्थात प्रेत आदि की श्रेणी में आता हो। आज की अथवा पिछली पीढ़ी अपने धर्म के श्रद्धेय से भिन्न किसी अन्य के अन्त्य स्थल अथवा समाधि जैसे मजार, गिरजाघर, मस्जिद आदि को पूजने लगे। आज की पीढ़ी अथवा पिछली पीढ़ी अपने धर्म और पूजन परंपरा से भिन्न अन्य धर्म के पूजन परंपरा का पालन करने वाले की शरण में जाए और उनके पूजा अथवा शक्ति का हस्तक्षेप अपनी समस्या निवारण के लिए मांगे। पूर्व की पीढ़ी में कोई आत्महत्या कर लिया हो अथवा ऐसी स्थिति में अचानक दुर्घटनाग्रस्त हुआ हो, जबकि उसकी इच्छाएं अतृप्त हों।

प्रस्तुतिः डॉ. अमन कुमार शर्मा


## पितृ दोष के उपाय

- पितृ पक्ष के दौरान पितरों के लिए विधि-विधान से तर्पण और श्राद्ध करें। ब्राह्मणों को भोजन कराएं और दान दें। साथ ही वर्ष की प्रत्येक एकादशी, चतुर्दशी, अमावस्या पर पितरों को जल तर्पण करें और त्रिपंडी श्राद्ध करें।
- पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रतिदिन दोपहर के समय पीपल के वृक्ष की पूजा करें। पितरों को प्रसन्न करने के लिए पीपल के जल में काले तिल, दूध, अक्षत और पुष्प अर्पित करें। पितृ दोष को शांत करने के लिए यह उपाय बहुत कारगर है।
- पितृ पक्ष के दौरान रोज शाम को घर की दक्षिण दिशा में तेल का दीपक जलाएं। ऐसा आप रोजाना भी कर सकते हैं। किसी जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन कराने, दान देने या किसी गरीब कन्या की शादी में मदद करने से पितर प्रसन्न होते हैं। ऐसा करने से पितृ दोष शांत होने लगता है।
- घर की दक्षिण दिशा में पूर्वजों की तस्वीरें लगाएं। प्रतिदिन उनसे अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगें। कहा जाता है कि इससे पितृ दोष का प्रभाव कम हो जाता है।

# कुंडली में नाड़ी दोष के प्रभाव और उपाय

सनातनी हिंदू परंपराओं में विवाह से पहले स्त्री पुरुष दोनों की कुंडलियों का मिलान किया जाता है। कुंडली मे आठ बिंदुओं के आधार पर गुणों का मिलान किया जाता है। अगर कुंडली में नाड़ी दोष होता है तो उसका शास्त्रोक्त विधि-विधान से निवारण किया जाता है। इन गुणों के कुल 36 अंक होते हैं। इनमें से 18 गुणों का मिलना जरूरी होने के साथ नाड़ी दोष नहीं होना चाहिए, ताकि आगामी दाम्पत्य जीवन सुखद हो। साथ ही स्त्री पुरुष का आपसी तालमेल ताउम्र अच्छा बना रहे। कुंडली मिलान की प्रक्रिया में ज्योतिष विद्या में सबसे बड़ा दोष नाड़ी दोष माना जाता है। अगर नाड़ी दोष स्त्री पुरूष की कुंडली में मिलता है तो फिर विवाह नहीं किया जाता है। ज्योतिषि के जानकारों का कहना है यदि नाड़ी दोष होने के बाद भी स्त्री पुरुष का विवाह कर दिया जाता है तो आगामी दांपत्य जीवन में स्त्री पुरुष को कई तरह के रोग होने की संभावना बनी रहती है। स्त्री पुरुष व उनकी होने वाली संतानों को रक्त संबंधी रोग हो सकता है या स्त्री पुरुष भी संतान सुख से वंचित रह सकते है। नाड़ी दोष वर-वधू दोनों के एक ही नाड़ी के होने से नाड़ी दोष लगता है।

प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर



## नाड़ी दोष के तीन प्रकार

**आदि नाड़ी :** अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, ज्येष्ठा, मूल, शतभिषा तथा पूर्वाभाद्रपदा।

**मध्य नाड़ी :** भरणी, मृगशिरा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, अनुराधा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा तथा उत्तराभाद्रपदा।

**अन्त्य नाड़ी :** कृत्तिका, रोहिणी, श्लेषा, मघा, स्वाती, विशाखा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण तथा रेवती।

## नाड़ी दोष के उपाय

नाड़ी दोष होने से वर-वधू को वैवाहिक जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विवाह से पहले नाड़ी दोष का निवारण करना बहुत ही जरूरी होता है। इस दोष के कारण पत्नी को गर्भधारण में परेशानी होती है। ऐसे में संतान के असामान्य पैदा हो सकती है। दांपत्य जीवन बहुत ही खराब बीतता है। रिश्तों में तनाव बना रहा है कई बार तलाक की नौबत आ जाती है।

- नाड़ी दोष को दूर करने के लिए पति-पत्नी को साथ में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए। मंत्र जाप और दोष का निवारण किसी जानकार से ही कराना चाहिए।
- नाड़ी दोष को दूर करने के लिए अपने वजन के बराबर का अनाज दान करने से भी लाभ होता है। उपाय से नाड़ी दोष को दूर कर सकते हैं।
- इसके प्रभाव को कम करने के लिए अनाज के साथ स्वर्ण, भोजन, गाय और कपड़ों का दान करना भी अच्छा होता है।

# संतति योग सुख

**जीवन** में विवाह एवं महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसका मूल उद्देश्य संतान प्राप्ति है क्योंकि संतान जीवन के आगे का चक्र है जो आपके कुल को आगे बढ़ाता है। संतान कैसी होगी? क्या वह माता-पिता के सुख प्रदान करेगी या कष्ट देगी। वास्तव में संतान के रूप में आपके पूर्ण जन्म के ऋणी जातक जन्म लेते हैं। यदि आपका ऋण उस पर है तो संतान आपको सुख देगी, आपकी सेवा करेगी आपके लिए जीवन समर्पित कर देगी। यदि आप संतान के ऋणी है तो आपको जीवन भर संतान के लिए करना होगा उससे कष्ट भी प्राप्त होंगे। कई जातकों के विवाह उपरांत वर्षों तक संतान नहीं होती से ऋण का स्वरूप है। आपको सुख मिलेगा या नहीं। विलंब से संतान के योग प्रस्तुत लेख में दिए जा रहे हैं।

संतान सुख सलिंब, संतान प्राप्ति संख्या संतति हीनता, संतान की मृत्यु, जारससंतान, दामीजात संतान, पुर्भूजात संतान तथा दत्तक पुत्र संबंधी विभिन्न योग सं जन्मपत्रिका में विद्यमान होते हैं, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं :-

## संतान सुख योगः

**पंचम** भाव पंचमेश तथा गुरु शुभ ग्रह से दृष्ट अथवा युक्त हो तो संतान का सुख होता है। बली गुरु लग्नेश द्वार दृष्ट हो तो प्रबल संतान योग होता है। **लग्नेश** तथा नवमेश दोनों ही सप्तमस्थ हों तो संतान योग होता है।

- पंचमेश चतुर्थ भाव में हो तो, पहली संतान कन्या होती है।
- द्वितीयेश लग्नस्थ हो तो संतान योग होता है।
- लग्न अथवा द्वितीय भाव में चंद्रमा, मंगल और शुक्र अलग-अलग अथवा एकत्र हों तो पहली संतान पुत्र होता है।
- पंचमेश द्वितीय में अथवा अष्टम भाव में हो, तो कन्या अधिक होती है।
- कर्क राशि का चंद्रमा पंचम भाव में हो, तो अल्प संतति योग होता है।
- पंचम भाव में वृषभ राशि का चंद्रमा शुक्र में वर्ग में हो अथवा चंद्रमा शुक्र से युत हो, तो बहुत से पुत्र होते हैं।
- पंचम भाव में शनि हो, तो दूसरा विवाह करने से संतति प्राप्त होती है।
- पंचम भाव अथवा एकादश भाव में बुध, शुक्र अथवा चंद्रमा तीनों में से कोई ग्रह हो तो कन्याएं अधिक होती है।
- पंचमेश के नवांश का स्वामी शुभ ग्रह से युक्त अथवा द्रष्ट हो, तो संतति योग होता है।
- लग्नेश तथा पंचमेश लग्न, चतुर्थ सप्तम अथवा दशम भाव में हो, तो संतति सुख होता है।
- पंचम भाव में वृषभ, कर्क और तुला में से कोई भी राशि हो। पंचम भाव में शुक्र अथवा चन्द्रमा स्थित हो अथवा इनकी दृष्टि हो तो बहुपुत्र योग होता है।



-विभा शर्मा, जोगिंद्रनगर

- पंचम भाव में मेष, वृषभ अथवा कर्क राशि का केतु हो, तो संतान होती है।
- पंचम भाव में वृषभ, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर अथवा मीन राशि हो और इन्हीं राशियों के नवांश शनि, बुध, शुक्र अथवा चंद्रमा ग्रहों से युक्त हो, तो कन्याएं अधिक होती हैं।
- पंचम भाव में मेष, सिंह, तुला, धनु य अथवा कुंभ राशि हो तथा इन राशियों के नवांशधिपति मंगल, शनि और शुक्र से द्रष्ट हों, तो पुत्र संतति की अधिकता रहती है।
- लग्नेश तथा पंचमेश शुभ ग्रह के साथ व केंद्रस्थ हो तथा द्वितीयेश बलवान हो, तो संतति योग होता है।
- लग्न अथवा चंद्रमा से पंचम स्थान में शुभ ग्रह हो तथा पंचम स्थान शुभ ग्रहों अथवा पंचमेश से द्रष्ट हो तो संतान योग होता है।
- पंचमेश तथा गुरु बलवान हो और लग्नेश पंचम भाव में हो तो संतान योग होता है।
- सप्तमेश के नवांश का स्वामी, लग्नेश, धनेश और नवमेश इन तीनों के से द्रष्ट हों, तो संतान सुख प्राप्त होता है।

**लग्नेश तथा पंचमेश लग्न, चतुर्थ, सप्तम अथवा दशम भाव में शुभ ग्रह से युत अथवा द्रष्ट हो, तो सन्तान सुख प्राप्त होता है।**

केन्द्र तथा त्रिकोणाधिपति शुभ ग्रह हो तथा उनमें से कोई एक पंचम भाव में हो तथा पंचमेश षष्ठ, अष्टम और द्वादश भाव में नहीं तो तथा वह अस्त शत्रुक्षेत्री अथवा पापयुक्त नहीं हो, तो संतान सुख प्राप्त होता है।

## विलंब से संतान सुख के योगः

पंचम भाव में सभी पाप ग्रह अथवा दशम भाव में सभी शुभ ग्रह स्थित हों, तो संतान विलम्ब से होती है। सूर्य, मंगल और राहु पंचम भाव में हो, तो संतान विलंब से होती है। लग्नेश, पंचम और द्वादश भाव में हो, तो संतान विलंब से होती है।

- पाप ग्रह अथवा गुरु चतुर्थ अथवा पंचमभाव में तथा अष्टम भाव में चंद्रमा हो, तो 30 वर्ष की आयु में संतान सुख मिलता है।
- पाप ग्रह की राशि लग्न में पाप ग्रह से युक्त हो सूर्य निर्बल हो तथा मंगल वृषभ, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर अथवा मीन राशि में हो, तो 30 वर्ष की आयु के बाद संतान होती है।
- गुरु पंचम भाव में हो अथवा पंचमेश शुक्र से युक्त हो तो 32 वर्ष अथवा इसके बाद पुत्र संतति की प्राप्ति होती है।
- गुरु नवम भाव में हो अथवा गुरु से नवम भाव में शुक्र लग्नेश से युक्त हो, तो 40 वर्ष की आयु में पुत्र सन्तति होती है।
- राहु एकादश भाव में हो, तो वृद्धावस्था में पुत्र होता है। पंचमेश नीच राशि में, लग्न मेष लग्न में तथा बुध और केतु पंचम भाव में हो, तो कष्ट से पुत्र की प्राप्ति होती है।
- पंचम भाव में केतु बैठा हो, तो विलंब से संतान प्राप्त होती है। ऐसा अन्य ग्रहों की शुभ स्थिति होने पर ही संभव है अन्यथा केतु संतानहीन बनाता है।

प्रस्तुति : विभा शर्मा, जोगिंद्रनगर

# लंकापति से जुड़ा है बैजनाथ के शिव मंदिर का इतिहास

**प्राचीन** ऐतिहासिक बैजनाथ शिवलिंग जिला कांगड़ा के बैजनाथ उपनगर में है। किंवदंतियों के अनुसार लंकापति रावण ने कैलाश पर भगवान शिव की घोर तपस्या की। भोलेनाथ ने रावण की तपस्या से खुश होकर उसे वरदान के रूप में शिवलिंग दिया और कहा कि इसे मार्ग में कहीं पर भी नहीं रखना अन्यथा यह वहीं स्थापित हो जाएगा। लंकापति रावण अपने पुष्पयान से लंका जा रहे थे। बैजनाथ के पास लघुशंका लगी और लंकापति ने इसे बैजनाथ गांव में एक गवाले को दिया और कहा कि इसे भूमि पर न रखना। लेकिन उसने उसे भूमि पर रख दिया और वह वहीं स्थापित हो गया। इसे बारहवें ज्योर्तिलिंग के नाम से जाना जाता है। पुराणों में बारहवें ज्योर्तिलिंग के दो अन्य स्थान बताए गए हैं। इन तीन स्थानों में कौन वास्तविक है, यह खोज का विषय है।

पठानकोट-मनाली के मार्ग पर पड़ने वाले बैजनाथ उपनगर के किनारे सदा बहने वाली बिनवा खड्ड है। समुद्र से इसकी ऊंचाई लगभग साढ़े चार हजार फुट है। मंदिर देखने में अत्यंत प्राचीन दिखता है। इसकी वनावट शिखरशैली की है। पुरातत्व विभाग की देखरेख में आने से इसकी हालत काफी सुधारी है, लेकिन अब भी इसके अस्तित्व को भारी खतरा है। मंदिर वाली पहाड़ी का बिनवा खड्ड के कारण क्षरण हो रहा है। मंदिर की दीवारों पर सैकड़ों मूर्तियां उत्तकीर्ण हैं। वातावरण और ठंडी हवा के कारण क्षति पहुंच रही है। कुछ पुराने मंदिर खंडित हो चुके हैं। वानर सेना भी इसे काफी नुकसान पहुंचाती है। कई चेहरे खंडित हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर को 1905 में आए भूकंप में काफी नुकसान हुआ था। दीवारों पर मूर्तियां उत्कीर्ण निर्माण समय की है।

मंदिर के निर्माण के संबंध में कई धारणाएं हैं। वास्तविकता का पता नहीं है। निर्माण वहां स्थापित शिलालेख के आधार पर आठवीं शताब्दि माना है। मंदिर के भीतर दोनों ओर शिलालेख हैं। वे शारदा या ब्राह्मी लिपि के हैं। लक्ष्मणचंद्र और उनके पूर्वजों ने आठ पीढ़ियों तक इस पर अपना अधिकार रखा। उस समय कांगड़ा त्रिगर्त राजाओं के अधीन था।



## विजयदशमी पर नहीं जलता रावण का पुतला

**एक** अद्भुत बात यह है कि यहां विजयदशमी उत्सव पर रावण के पुतले को नहीं जलाया जाता। हालांकि दो बार पुतले को जलाने का प्रयास किया गया, लेकिन आश्चर्य की बात कि जिसने रावण के पुतले को अग्नि लगाई, अगले वर्ष वह जीवित नहीं बचा। इसके बाद विद्वान लोगों ने मंत्रणा कर रावण के पुतले को जलाने पर रोक लगा दी। वर्तमान में अखरोटों की वर्षा मंदिर पर की जाती है। यह संक्रांति होती है। वहीं, मकर संक्रांति को शिवलिंग पर मक्खन, देसी घी चढ़ाए जाने की प्रथा है। यहां पर शिवरात्रि उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

प्रस्तुति : सुदर्शन अवस्थी इंदु

## न्यूज ब्रीफ

### जिले में अब सामान्य समय पर ही खुलेंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में अब सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल सामान्य समयसारिणी के अनुसार ही खुलेंगे। यह आदेश जिला दंडाधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि हीटवेव के चलते 20 मई को स्कूलों के खुलने तथा छुट्टी होने के समय में बदलाव किया गया था। उस अधिसूचना अब निरस्त कर दिया गया है तथा मंगलवार से सभी स्कूल प्रबंधन को सामान्य समयसारिणी के अनुसार ही स्कूल खोलने तथा छुट्टी करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी ने की बैठक

**राकेश डोगरा, डरोह।** रविवार को लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी की एक



बैठक मेला मैदान में बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता छिंज मेला कमेटी प्रधान कुलवीर सिंह राणा ने की। इस दौरान मेला कमेटी सचिव अमर सिंह राणा ने मेले में हुए खर्चे व वकाया बची राशि के बारे में छिंज मेला कमेटी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी। इस बारे में सभी कमेटी सदस्यों ने सचिव अमर सिंह राणा द्वारा दी गई तमाम जानकारी पर सहमति जताई। इस मौके पर कमेटी के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### नौशहरा मंदिर की नई कार्यकारिणी का विरोध

**शुभम शर्मा, देहरा।** गांव नौशहरा के प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ शिव एवं लक्ष्मी-



नारायण मंदिर की बनी नई कार्यकारिणी बनते ही सवालों के घेरे में आ गई है। कमेटी के पूर्व प्रधान कुलवीर सिंह सचिव रोहतक शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को एक विरोध किया गया जिसमें एकजुट हुए मंदिर सेवादारों ने कहा कि यहां विगत दिनों उपरोक्त मंदिर की नई कार्यकारिणी कमेटी गठित की गई लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस नई कमेटी की मीटिंग में न हमें बुलाया गया न ही सहमति ली गई। बिना सूचित किए ही नई कार्यकारिणी के प्रधान व अन्य पदाधिकारी मनोनीत कर डाले, जबकि इस नई कार्यकारिणी हमे भी अपने मनमाने ढंग से पदाधिकारी बना दिया। बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया कि पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल फिलहाल 6 महीने आगे बढ़ाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### अन्वेषिका समन्वयकों की तीन दिवसीय बैठक शुरू

**शालबिया शर्मा, गरली।** भौतिकी और फोटोनिक्स विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी



संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर और इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) द्वारा संयुक्त रूप से अन्वेषिका समन्वयकों की 3 दिवसीय बैठक का उद्घाटन समारोह सोमवार सुबह मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल में किया गया। निदेशक एनआईटी हमीरपुर, प्रख्यात शिक्षाविद् और शोधकर्ता प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उद्घाटन करते हुए निदेशक एनआईटी हमीरपुर ने बताया कि अन्वेषिका प्रयोगों के माध्यम से नई भौतिकी सीखने का एक बेहतरीन मंच है। यह निश्चित रूप से छात्रों को अपने नवीन विचारों को सोचने और लागू करने के लिए प्रोत्साहित करता है, साथ ही यह किताबों की सीमाओं से परे अपने प्रयोगात्मक कौशल को बढ़ाने के मामले में छात्रों की एक बहुत मजबूत नींव तैयार करेगा। (अनंत ज्ञान)

### श्री ब्रजेश्वरी मंदिर प्रशासन ने दुरुस्त किए कैनोपी शेड

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** श्री ब्रजेश्वरी मंदिर कांगड़ा में नेहरू चौक से लेकर मंदिर



तक श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने कैनोपी शेड बनाए गए हैं। लेकिन सफाई न होने से कैनोपी में बनाए परनाले अक्सर ब्लॉक रहते हैं। इस कारण इनसे जहां दुकानों पर पानी गिरने से दुकानादारों को काफी नुकसान झेलना पड़ता है। साथ ही यहां से गुजरने वाले श्रद्धालु और आम जनता को भी कनोपी शेड के अंदर छतरी लेकर गुजरना पड़ा है। ऐसे में मंदिर न्यास की हुई बैठक में नगरकोट धाम कांगड़ा ब्रजेश्वरी देवी ट्रस्ट के सदस्य पंडित अशोक हिमाचली ने यह साफ सफाई का अहम मुद्दा उठाया था कि बरसात से पहले कैनोपी शेड को साफ किया जाए। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों और मंदिर प्रशासन ने अपने कर्मचारियों और सुलभ शौचालय के प्रभारी जगदीश ने तुरंत प्रभाव से अपने कर्मियों के साथ मंदिर बाजार से लेकर नेहरू चौक तक पूरे कैनोपी शेडों को अच्छे ढंग से साफ करवाया, ताकि दुकानदारों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा-जमानाबाद-समीरपुर मार्ग एक माह के लिए बंद

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा-जमानाबाद वाया समीरपुर मार्ग 24 जून से 25 जुलाई तक बंद रहेगा। मार्ग पर पुलिया निर्माण के चलते ट्रैफिक रोकी गई है। इस बारे डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेशों के अनुसार कांगड़ा-जमानाबाद वाया समीरपुर रोड 24 जून से 25 जुलाई तक बंद रहेगा। वाहनों की आवाजाही इच्छी-जमानाबाद रोड से होगी। बता दें कि कांगड़ा-जमानाबाद सड़क मार्ग पर हलेड़कलां में एक पुलिया का निर्माण होना है। इस पुलिया के निर्माण के चलते लोक निर्माण विभाग कांगड़ा के एसडीओ ने मार्ग बंद कर ट्रैफिक को इच्छी-जमानाबाद रोड से डायवर्ट करने की अनुमति मांगी थी। इसको लेकर आदेश जारी हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# ललेहड़ में फोरलेन निर्माण से बंद हुआ श्मशानघाट का रास्ता

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

ग्राम पंचायत ललेहड़, जोगीपुर और कछयारी में फोरलेन का निर्माण होने से इस ग्राम पंचायत में बने श्मशानघाट का रास्ता बंद हो गया है। इस समस्या को इस पंचायत के लोगों ने काफी समय पहले जिला कांगड़ा के उपायुक्त के समक्ष रखा था, लेकिन आज तक इस समस्या का कोई हल नहीं हो सका और ग्राम पंचायत ललेहड़, जोगीपुर और कछयारी के लोगों को जिला मुख्यालय धर्मशाला में पहुंचकर उपायुक्त के कार्यालय में दस्तक देनी पड़ी। वहीं जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इन लोगों की समस्या को सुनते हुए तत्काल इस समस्या के समाधान के निर्देश जारी कर दिए।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला कांगड़ा में फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है और ऐसे में सिर्फ यही पंचायत नही अपितु कई पंचायतों के लोग अपनी-अपनी समस्या को लेकर उनसे मिल रहे है उन्होंने कहा कि उन्होंने आज ललेहड़, जोगीपुर और

**समस्या को लेकर ग्रामीणों ने डीसी हेमराज बैरवा को सौंपा ज्ञापन**

कछयारी के लोगों की समस्या को सुना है और इस मामले से संबंधित अधिकारियों को भी इस समस्या के समाधान के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं उन्होंने कहा कि जल्द ही ललेहड़, जोगीपुर और कछयारी के लोगों की इस परेशानी का समाधान कर दिया जाएगा इस मौके पर उपायुक्त से मिलने के लिए पहुंचे प्रतिनिधी मंडल ने अपनी पंचायतों की अन्य समस्याओं से भी उपायुक्त को अवगत करवाया। उपायुक्त ने सभी समस्याओं के समाधान की बात भी कही। पंचायत के उपप्रधान शशिपाल ने कहा कि गांव में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो मृतक की अर्थी को शमशानघाट तक नहीं पहुंचाने में मुश्किल हो रहा है। सड़क दोनों ओर से ऊपर नीचे बनी हुई है, इस कारण अर्थी को हाथों से उठाकर घुटनों पर सड़क से पार करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

## प्रशासन के आदेशों पर नगर परिषद कांगड़ा ने रेहड़ी-फड़ी वालों पर कसा शिकंजा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मिनी सचिवालय के बाहर कई महीनों से बाहरी राज्यों के लोग अपनी रेहड़ी-फड़ी सजा रहे थे। इतने महीनों से ये लोग यहां पर अपनी दुकानें सजा रहे थे, लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई भी ध्यान नहीं गया, यह अपने आप में एक सवाल है। ये लोग जहां अपनी रेहड़ी-फड़ी लगाकर सामान बेच रहे थे, यह जगह मिनी सचिवालय के गेट से मात्र 15 फीट की दूरी पर है। सोमवार को अचानक कांगड़ा जिला प्रशासन की नजर इन पर कैसे पर पड़ गई ?

बता दें कि यह जो रेहड़ीनुमा दुकानें थीं, वे प्रशासन द्वारा लगाए लोहे के संगल के अंदर लगाई जाती थीं, लेकिन इतने दिनों तक प्रयासन मूक दर्शक बना रहा। कांगड़ा प्रशासन के निर्देशों पर सोमवार को ही नगर परिषद ने हिम्मत दिखाई और मिनी सचिवालय के गेट के साथ लगी रेहड़ीनुमा दुकानों को यहां



**नगर परिषद ने रेहड़ी फड़ी वालों का सामान भी किया जब्त**

से हटाया और उनका सामान भी जब्त कर लिया गया। नगर परिषद की गाड़ी सामान सहित रेहड़ियों को यहां से ले गए।

वहीं रेहड़ी-फड़ी वालों का कहना है कि जब चौक से लेकर बस स्टैंड के बीच कई रेहड़ियां बाहर के लोग लगा रहे हैं, तो यहां के लोकल लोग क्यों यहां पर रेहड़ी-फहड़ी लगाने के लिए मना कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब प्रशासन द्वारा एक तरफ संगल लगाकर बैंच लगा दिए गए, तो दूसरी तरफ ऐसा क्यों नहीं किया गया। प्रशासन को चाहिए कि जिस तरह से एक तरफ बैठने के लिए बैंच लगाए गए, उसी तरह दूसरी तरफ भी बैंच लगा देने चाहिए, ताकि वहां कोई भी व्यक्ति यहां पर रेहड़ी न लगा सकें। (अनंत ज्ञान)

> मिनी सचिवालय के बाहर बाहरी राज्यों के लोगों की ओर से रेहड़ियां लगाने की काफी लोगों की शिकायतें आ रही थीं। कांगड़ा प्रशासन ने इस संबंध में नगर परिषद कांगड़ा को कार्रवाई करने के लिए कहा था। जिला परिषद ने उन्हीं आदेशों के मद्देनजर सोमवार को अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की है।
>
> **इशांत जसवाल**
> **एसडीएम कांगड़ा**

# सरकार की कठपुतली बन गए हैं विधानसभा अध्यक्ष : बिक्रम

**अनंत ज्ञान टीम, देहरा/धर्मशाला**

तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को स्वीकार करने के मामले में भाजपा नेता, पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को जब यही करना था तो पहले क्यों नहीं किया। जानबूझकर पूरे मामले को लटकाया गया, ताकि तीनों निर्दलीय विधायक गत दिनों हुए आम लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में भाग न ले पाएं। इस तरह से जानबूझकर किसी फैसले को लटकाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक पद पर बैठे हैं, लेकिन वह अपनी गरिमा के विपरीत काम कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष सरकार की कठपुतली बन कर काम कर रहे हैं। इस तरह से पद की गरिमा के विपरीत वह क्यों काम कर रहे हैं, उन्हें इसका जवाब देना चाहिए।



**पद की गरिमा के विपरीत कर रहे काम**

बिक्रम ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष के कुलदीप सिंह पठानिया के पिछले दिन दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा छह विधायकों का सर कलम कर देने और तीन विधायकों के सर आरी के नीचे हैं होने जैसे बात करना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक संवैधानिक एवं गरिमापूर्ण पद पर बैठे किसी भी माननीय द्वारा इस तरह की बात करना समझ से परे है। हिमाचल की यह संस्कृति नहीं रही है। इस तरह के बयानों की हिमाचल जैसी देवभूमि में कोई जगह नहीं है। विक्रम ठाकुर ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में वह कांग्रेस सरकार को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर कर रहे हैं। इतिहास में उनके द्वारा गरिमा एक विपरीत किया गया आचरण याद किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में अब 5 प्रत्याशी मैदान में

## जांच के बाद सभी नामांकन पत्र पाए गए सही : एसडीएम

**शिवम शर्मा, रक्कड़**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी नामांकन सही पाए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम



एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा

देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए सात प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। उन्होंने बताया कि पत्रों की जांच के लिए 24 जून (सोमवार) की तिथि निर्धारित की गई थी।

सभी नामांकन पत्रों की जांच सोमवार को सामान्य पर्यवेक्षक इजराइल वात्रे इंटी (आईएएस) की उपस्थिति में सम्पन्न कर दी गई है। एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान उपचुनाव के लिए दाखिल सभी नामांकन वैध पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज छंटनी के दौरान दो मुख्य दलों के प्रमुख प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए जाने पर कांग्रेस के कवरिंग कैंडिडेट हरि ओम तथा भाजपा के कवरिंग कैंडिडेट वीर सिंह के नामांकन कवरिंग उम्मीदवार होने के नाते स्वत: ही रद्द हो गए। (अनंत ज्ञान)

### ये हैं पांच प्रत्याशी

**उपचुनाव** के लिए दर्ज नामांकन की छंटनी के बाद प्रत्याशियों की संख्या पांच हो गई है। एसडीएम ने बताया कि कांग्रेस से कमलेश ठाकुर, भाजपा से होशियार सिंह सहित तीन निर्दलीय उम्मीदवार संजय शर्मा, सुलेखा देवी और अरुण अंकेश स्याल अब चुनावी मैदान में हैं। वहीं, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है।

### चुनाव पर्यवेक्षक ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक

**शालनी शर्मा, रक्कड़।** देहरा में चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक इजराइल वात्रे इंटी (आईएएस) ने सोमवार को चुनावी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। एसडीएम देहरा के कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सामान्य पर्यवेक्षक ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनावों के दौरान ध्यान रखने वाली बातों के बारे विस्तार से बताया। बैठक में निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा सहित चुनावी ड्यूटी में तैनात अन्य अधिकारी व देहरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# कमलेश ठाकुर की जीत के लिए नाग मंदिर करियाड़ा में की पूजा



**सालबिया शर्मा, गरली**

कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की जीत के सोमवार को प्रदेश कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्र कुमार का परिवार निचला करियाड़ा के प्राचीन नाग मंदिर पहुंचा।

इस दौरान जहां चौधरी चंद्र कुमार की पत्नी कृष्णा चौधरी द्वारा अपने परिवार के साथ सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर की शानदार जीत के लिए पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संसार सिंह, केसीसी बैंक के डायरेक्टर सुनील कश्यप व कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान नाग मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिह गुलेरिया, मंदिर पुजारी राहुल गुलेरिया व मोनू गुलेरिया ने बताया कि यहां ज्यादातर निर्दलीय विधायक होशियार सिंह के समर्थक थे, जो उनकी जनविरोधी नितियों से तंग आकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# एयरपोर्ट विस्तार पर अब 2 जुलाई को होगी सुनवाई

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई दो जुलाई तक रख दी है जिसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि सोमवार को इस बारे शिमला में सुनवाई हुई अब अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर नजर टिकाए हुए हैं। क्षेत्र के हजारों लोगों को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

# निजी स्कूलों के 55 मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां पत्रकार संघ द्वारा अक्षय मैरेज पैलेस नगरोटा बगवां में शिक्षा क्षेत्र में निजी स्कूलों के 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि नगरोटा बगवां के उपमंडल अधिकारी मुनीश शर्मा ने शिरकत की।

विशेष अतिथि नगरोटा बगवां आयुष हर्ब्स के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सोढ़ी ने भाग लिया। इस अवसर पर रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां की अधिकारी मधु चौधरी,ग्रीन फील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य सुधासु शर्मा, हिमालयन पब्लिक स्कूल नगरोटा बगवां के निदेशक अनुराग गुप्ता, होलीफेथ पब्लिक स्कूल पठियार के निदेशक दीपक सूद, ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर शिक्षा क्षेत्र में बच्चो के भविष्य को लेकर अपने विचार सांझा किए।

मुनीश शर्मा ने कहा कि जो भी अपना भविष्य सुनहरा बनाना चाहते हैं, उन्हें अपनी पढ़ाई की और विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि बच्चों को अपना भविष्य सुनहरा बनाने के लिए विषयों को जबरदस्ती न थोपें, बल्कि बच्चों को भी विषय विशेष में अपनी दिलचस्पी रखने की छूट दें।

वहीं, जितेंद्र सोढ़ी ने कहा कि बच्चे अपने कल के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने माता-पिता के साथ सलाह मशविरा कर उन विषयों का चयन करें, जिनसे वे बेहतर अंक लेकर परीक्षा परिणाम को सामने ला सके। अंत में मुख्यातिथि ने निजी स्कूलों के 55 बच्चों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# छात्रा से छेड़छाड़ करने पर अध्यापक के खिलाफ केस दर्ज

**अनिल छांगू, जवाली।** पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत एक सरकारी स्कूल के अध्यापक द्वारा



जमा एक कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने अध्यापक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। छात्रा के पिता ने पहले इसकी शिकायत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर 21 जून को की थी। सोमवार को छात्रा के पिता ने पुलिस थाना जवाली में पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत थाना में की।

शिकायत मिलने पर एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा पुलिस थाना जवाली में तफ्तीश करने पहुंचे तथा शिकायत के आधार पर अध्यापक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने अध्यापक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# पठानकोट में द कारपोरेट अस्पताल अमृतसर की नई यूनिट का शुभारंभ

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

द कारपोरेट अस्पताल अमृतसर ने पठानकोट में भी अपनी यूनिट का शुभारंभ कर दिया है। जिला पठानकोट को भी ऐसे अस्पताल की जरूरत थी, जहां 24 घंटे सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की टीम उपलब्ध हो। कम खर्च में मरीज का इलाज हो, इन सब जरूरतों को अब कारपोरेट अस्पताल पूरा करेगा।

यह जानकारी कारपोरेटर अस्पताल के एमडी डाक्टर जितेंद्र मल्होत्रा ने दी। उन्होंने बताया अस्पताल में जितनी भी मशीन है वह विश्व भर के मेडिकल क्षेत्र में इस्तेमाल की जाने वाली सबसे आधुनिक मशीनें हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गिने चुने जगहों पर ही इतने आधुनिक मशीनें है। डाक्टर जितेंद्र मल्होत्रा ने बताया कि अस्पताल पिछले 20 वर्षों से अमृतसर में मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहा है। जिसके



बाद अब पठानकोट जिलावासियों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और जेएंडके के लोगों को भी उसी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होने बताया कि पठानकोट के लोगों को पहले अमृतसर जाना पड़ता था जिसकी अब जरुरत नहीं होगी। क्योंकि, उनकी पठानकोट में खुली शाखा अमृतसर की भांति पठानकोट में भी सुविधाएं मुहैया करवाएगी। ट्रामा मैनेजमेंट का काम डाक्टर राजिंद्र राजन के नेतृत्व में पूरा स्टाफ बखूबी निभा रहा है। डाक्टर जितेन्द्र मल्होत्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी मरीजों के लिए गोल्डन आवर काफी महत्वपूर्ण होता है। अस्पताल की और से किसी भी दुर्घटना में जख्मी मरीज का हम पहले इलाज करेंगे। उनसे किसी भी प्रकार से पैसे की मांग नहीं की जाएगी।

हमारी पहली कोशिश है मरीज की जान बचायी जाए। उन्होने बताया कि जल्द ही आयुष्मान स्कीम के तहत भी इलाज शुरू किया जाएगा। इस मौके पर प्रबंधन इंद्रजीत सिंह, डॉक्टर मंजीत सिंह, मनजोत कौर, डॉक्टर उत्तम समेत अन्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## पहलगाम में 29 जून से आयोजित किया जाएगा 16वां विशाल भंडारा

**संजीव महाजन, नूरपुर।** भगवान बर्फानी श्री अमरनाथ की यात्रा का अपना ही महत्व है। इस यात्रा के दौरान बहुत सारे श्रद्धालु दूर-दराज के क्षेत्रों से भोले बाबा के दर्शनार्थ पहुंचते हैं, जिनकी सुविधा के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा लंगर संचालित किए जाते हैं। इन्हीं में बर्फानी बाबा सेवा दल ट्रस्ट की नूरपुर-जवाली शाखा के माध्यम से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव की कृपा से 16वां विशाल भंडारा 29 जून से आरंभ किया जा रहा है। यह भंडारा पहलगाम में लगवाया जा रहा है और इसमें श्रद्धालु लंगर का प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव अमरनाथ के चरणों में अपना स्थान बनाएं, ऐसा सभी से निवेदन है। (अनंत ज्ञान)

**वर्ल्ड कप** — कामयाब होती दिख रहीं बीपीए की विश्व कप करवाने की कोशिशें

# पैराग्लाइडिंग विश्व कप के लिए बिलिंग तैयार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक खेलों के विश्व प्रसिद्ध बीड़ बिलिंग घाटी में इस साल बीपीए की विश्व कप करवाने की कोशिशें कामयाब होती दिख रही हैं। इस वर्ष होने वाले वर्ल्ड कप के लिए बीपीए ने एफआईए व पीडब्लयूसीए के साथ संपर्क साधकर बिलिंग घाटी में अक्तूबर व नवंबर माह में विश्व कप को लेकर ताल ठोक कर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक खेलों में रुचि रखने वाले लोगों का मानना है कि पैराग्लाइडिंग के लिए यह घाटी सबसे सर्वोत्तम जगह है, जहां हर वर्ष सैकड़ों पायलट घंटों पैराग्लाइडिंग का आनंद उठाते हैं। बीते वर्ष यहां एक



वर्ष दो बड़े पैराग्लाइडिंग इवेंट होने के बाद अब इस वर्ष फिर से बिलिंग घाटी में वर्ल्ड कप होने से यहां पैराग्लाइडिंग का रोमांच बढ़ेगा।

इससे पहले भी वर्ष 2015 में बीड़ बिलिंग घाटी में सफल वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था जिसके बाद घाटी अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पटल पर छा गई थी। (अनंत ज्ञान)

### सारी औपचारिकताएं पूरीं : अनुराग शर्मा

**बिलिंग** पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के निदेशक अनुराग शर्मा ने बताया कि बीड़ बिलिंग घाटी में एक लंबे अंतराल के बाद वर्ल्ड कप को लेकर बीपीए ने लगभग सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीडब्लयूसीए की ओर से जल्द ही वर्ल्ड कप को लेकर तिथि फाइनल कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार व पर्यटन विभाग के सहयोग से बिलिंग घाटी में इस वर्ष एक सफल वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। इसके साथ ही बीड़ बिलिंग में कार्निवाल के आयोजन के भी पूरे प्रयास रहेंगे।

### सरकार देगी पूरा सहयोग : किशोरी लाल

**बैजनाथ** के विधायक एवं सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ हलके के लिए बीड़ बिलिंग घाटी पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष भी यहां दो बड़े इवेंट हुए थे। जबकि इस वर्ष यहां वर्ल्ड कप करवाने को लेकर बीपीए तैयार है, जिसको लेकर सरकार व पर्यटन विभाग का संस्था को पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप होने से बीड़ घाटी में पर्यटन कारोबार को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कैबिनेट रैंक पर्यटन विभाग आरएस बाली से वर्ल्ड कप को लेकर चर्चा करेंगे।

# पर्यटन की दृष्टि से कांगड़ा रेल लाइन को ब्रॉड गेज करना जरूरी

**अजय पाल, पंचरुखी**

जिला कांगड़ा के लिए सामरिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कांगड़ा घाटी रेल लाइन पिछले सात दशकों से विधानसभा तथा लोकसभा के चुनावों में बड़ा मुद्दा बनती रही है। लेकिन 164.6 किलोमीटर इस नैरो गेज रेल ट्रैक को ब्रॉड गेज लाइन में बदलने की जहमत आज तक किसी भी सरकार ने नहीं उठाई है।



कांगड़ा जिले में ज्वालाजी, ब्रजेश्वरी, चामुंडा, बैजनाथ मंदिर व अन्य पर्यटक स्थलों के लिए सालाना लाखों यात्री रेल गाड़ी से ही सफर करते थे। जिला कांगड़ा में पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। अगर इस नैरो गेज रेल ट्रैक को ब्रॉड गेज लाइन में बदल दिया जाए तो पर्यटन को बहुत बढ़ावा मिल सकता है, जिससे प्रदेश सरकार की आर्थिकी भी मजबूत होगी। इस विषय पर किसान नेता मनजीत डोगरा ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इस रेल लाइन को ब्रॉड गेज करवाने के लिए केंद्र सरकार मे जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों राजीव भारद्वाज तथा इंदु गोस्वामी को इस मुद्दे को पुरजोर से संसद मे रखना चाहिए, ताकि पिछले सात दशकों से कांगड़ा घाटी की जनता की लंबित मांग पूरी हो सके। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### व्यय पर्यवेक्षक से करें उम्मीदवारों के खर्च की शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार के खर्च पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। आयोग ने इसके लिए वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी आनंद कुमार को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आनंद कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों के चुनावी खर्च से संबंधित शिकायत के लिए उनके मोबाइल नंबर 9317747893 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ईमेल के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### भरेड़ी में आज बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**बाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि 25 जुन को 33,11 के वी उपकेंद्र नालटू व 11 के वी विद्युत अनूभाग भरेड़ी, चंदरूही, धमरोल, जाहू की विद्युत लाइनों की मुरम्मत हेतु विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से 5 बजे तक पूर्णतया बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियन्ता ई. संजय कुमार ने दी। (अनंत ज्ञान)

### परवाणु जा रही एचआरटीसी बस बीच रास्ते में हांफी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हमीरपुर से परवाणु वाया ऊना जा रही निगम की बस डिडवीं टिक्कर के नजदीक खराब हो गई। यहां पर बस करीब आधा घंटे तक खड़ी रही। बस के ड्राइवर ने बड़ी मुश्किल से बस को दोबारा स्टार्ट किया, तो बस भोटा के नजदीक दोबारा बंद हो गई। यहां पर भी बस करीब आधा घंटा तक सड़क किनारे ही खड़ रही। बताया जा रहा है कि बस की प्रेशर पाइप का कलंप निकल गया था, इसके चलते समस्या पेश आई थी। बस ड्राइवर ने बस को बड़ी मुश्किल से राधा स्वामी चौक भोटा से आगे मकैनिक शॉप तक बस को पहुंचाया, उसके बाद बस रूट पर रवाना हो पाई। यात्रियों ने भी निगम प्रबंधन से गुहार लगाई है कि लांग व लोकल रूटों पर बसों को चैक करेक भेजा जाए। (अनंत ज्ञान)

### पेयजल योजना का काम शुरू होने पर सीएम का आभार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पपलोबल ब्राह्मणा पपलोल हजारु एवं सरियाणा गांव में काफी अरसे से पेयजल समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। कांग्रेस जिला महासचिब पवन कालिया ने बताया कि उक्त गांवों के लोगों को पिछले कई वर्षों से बिझड़ी टैंक से पांच-छह किलोमीटर अंतिम छोर पर पड़ते हैं। रास्ते में काफी गांव हैं। पीछे नल खुल जाने से यहां पानी नहीं पहुंचाता था। विधायक लखनपाल के पास कई बार लोगों ने गुहार लगाई पर उन्होंने आजतक नहीं सुनी। हाल ही में एक प्रतिनिधिमंडल सीएम से जल संकट से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने उसी समय जलसक्ति विभाग को आदेश किए कि पानी की समस्या को तुरन्त प्रभाव से दूर किया जाए। ऐसे में जल शक्ति विभाग ने युद्ध स्तर पर कार्य चालू कर दिया है। अब बिझड़ी टैंक से सीधी पाइप लाइन बिछाई जा रही है और पपलोहल ब्राह्मणा गांव में नया टैंक बनेगा। अब इन गांवों की पानी की समस्या हल हो जाएगी। कालिया और अन्य ग्रामीणों ने इस काम को इतनी जल्दी करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस बारएक्सीयन जल शक्ति विभाग बड़सर डीआर चैहान का कहना है कि मुख्यमंत्री के आदेशों के अनुसार जल शक्ति विभाग ने बिझड़ी जल संग्रहण टैंक से जिन जिन गांवों में पेयजल समस्या है बड़ी पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया है आगामी वर्षों में पेयजल की किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

### प्रभु श्री राम के वनवास का किया सुंदर वर्णन

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा बाल भवन में श्रीरामचरितमानस कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज ने प्रभु श्री राम के स्वयंवर के बाद माता सीता के साथ अयोध्या में पहुंचने पर किस प्रकार स्वागत किया उसके बारे में वर्णन किया। उसके बाद श्रीराम के वनवास का अति मनमोहक वर्णन प्रस्तुत किया जिसे सुनकर संगत भी निहाल हो गई। उन्होंने कहा कि तमसा नदी पर भगवान के रात्रि निवास पर लक्ष्मण ने श्रीराम की रक्षा की और पहरेदार बनकर रहे। अगले प्रसंग में केवट का श्री राम जी के साथ मधुर संवाद का वर्णन किया था केवट ने भगवान राम, लक्ष्मण और सीता माता को गंगा नदी को पार करवाया। (अनंत ज्ञान)

# तेछ गांव में एक माह से नहीं आ रहा पानी विरोध में सड़कों पर उतरी महिलाएं, जताया रोष

## मुख्यमंत्री के गृह जिले के गांव में पानी के लिए मचा हाहाकार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

वड़सर विधानसभा के क्षेत्र में आजकल पेयजल समस्या को लेकर हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। हालांकि जल शक्ति विभाग भी 24 घंटे अलर्ट मोड पर है, परंतु पेयजल समस्या से तो स्थानीय लोगों को ही जूझना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर के गांव तेछ में सामने आया है।

ग्रामीण महिलाएं पानी की समस्या का न हल होने के चलते सड़कों पर उतर आई थी। महिलाओं का कहना है कि पिछले लगभग एक महीने से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। नलों में नाम मात्र पानी आता है इस बारे कई बार विभाग के फील्ड कर्मचारियों को भी मौखिक तौर पर अवगत करवाया गया है। परंतु आज दिन तक पेयजल समस्या का कोई



पेयजल की समस्या से परेशान महिलाएं खाली बर्तन लेकर विरोध जताती हुईं।

समाधान नहीं हुआ है। उनका कहना है कि पेयजल समस्या इतनी विकराल है कि पीने का पानी किसी के प्राइवेट कुआं से लाती हैं तब जाकर बच्चों बूढ़ों की प्यास बुझाई जा रही है। अगर कोई अपने कुआं से पेयजल भरने से मना कर दो तो ऐसे में पीने का पानी कहां से लाएं। एक महिला का यह भी कहना है कि मेरी सास कैंसर की मरिज है कब उसकी देखभाल करनी है पेयजल की समस्या का समाधान करना है। 24 घंटे पेयजल समस्या को लेकर दौड़ धूप करना पड़ती है।

ग्रामीण महिलाओं में बीना देवी, तृप्ता देवी, लीला देवी, सत्या देवी, कामता देवी, बनिता देवी, राम प्यारी,स्नेह लता आदि का कहना है कि लगभग 1 महीने से ही पेयजल समस्या गांव में चल रही है।

इस गांव में 40 से 45 के करीब घर पढ़ते हैं पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण महिलाएं बहुत ही परेशान हैं। महिलाओं ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि तेछ गांव की पेयजल समस्या को जल्दी हल किया जाए। (अनंत ज्ञान)

> इस संदर्भ में विभाग के पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है फिर भी हमने जल शक्ति विभाग के एसडीओ एवं संबंधित जई को मौका पर भेज दिया है। अगर कहीं थोड़ी बहुत पेयजल समस्या होगी तो उसे शीघ्र हल कर दिया जाएगा।
> **-डीआर चैहान, एक्सीयन, जल शक्ति विभाग, बड़सर।**

# कभी भी गिर सकते हैं जोल स्कूल के कमरे, हालत दयनीय

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

**50 बच्चे कर रहे शिक्षा ग्रहण, बरसात में हो सकता है बड़ा हादसा**

उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत बडेहर के अंतर्गत राजकीय प्राइमरी स्कूल जोल में 50 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जहां पर 1964 में पांच कच्चे कमरे बनाए गए थे जिनकी हालत अब दयनीय हो चुकी है और यह कमरे गिरने की कगार पर हैं।

इसके बारे में स्कूल स्टाफ व एसएमसी के सदस्यों ने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी थी अब बरसात भी शुरू होने वाली है और इस बरसात में इस स्कूल के गिरने की संभावना बनी हुई है। अगर बच्चों को इसी बिल्डिंग में बिठाया जाता रहा तो बरसात में कोई अनहोनी घटना भी हो सकती है लेकिन अभी तक इस स्कूल के कमरों को बनाने के लिए किसी तरह का कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिससे 50 बच्चों की जान जोखिम में पड़ी हुई है।

आखिर शिक्षा विभाग के अधिकारी क्यों खामोश बैठे हुए हैं क्या यह अधिकारी किसी अनहोनी घटना का ही इंतजार कर रहे हैं। आखिर सवाल उठता है कि क्यों इस स्कूल के कमरों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है ऐसे तो शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है, लेकिन इन स्कूलों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस संदर्भ में भोरंज कार्यकारी बीपीइओ एनके नड्डा का कहना है कि इसके बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है फाइल डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंटरी हमीरपुर को भेजी गई है लेकिन अभी उसका रिप्लाई नहीं आया है। इस संदर्भ में डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री हमीरपुर अशोक कुमार ने कहा की अगर स्कूल कि हालत ऐसी है तो आगामी कार्रवाई की जाएगी

इस बारे में विधायक भोरंज सुरेश कुमार ने कहा कि अभी आचार संहिता लगी हुई है आदर्श चुनाव आचार संहिता के हटने के बाद स्कूल के कमरों का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# उपचुनावों में सभी सीटें जीतेगी सुक्खू सरकार : सुरिंद्र ठाकुर

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**बोले- अगर चुनाव ही लड़ना था तो अपनी विधायकी से त्याग पत्र क्यों दिया**

हिमाचल में वर्तमान समय में देहरा, हमीरपुर एवं नालागढ़ में हो रहे उपचुनावों में प्रदेश की सुक्खू सरकार इन तीनों सीटों को जीत कर इतिहास रचेगी।



ये बात कॉग्रेस के युवा कार्यकर्ता सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी ने आज एक वार्ता के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ जिला के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के जिला सदस्य राजेश कुमार पिंका, कुलदीप पटियाल, प्रवीण चैधरी आदि विशेष रूप से शामिल थे। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा के इन तीनों विधायकों ने जिन्होंने पहले एक आजाद प्रत्याशी के रूप में अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ा था एवम उन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें भारी जनादेश देकर अपने क्षेत्र की सेवाएं एवम विकास कार्य करवाने के लिए विधानसभा सदन में भेजा था तो आखिर क्या कारण था जिस वजह से इन्होंने अपनी विधायकी से त्यागपत्र दें दिया।

सुन्नी ने कहा कि हिमाचल पर दोवारा फिर उपचुनाव थोप कर इन भाजपा प्रत्याशियों ने न केवल लोगों के जनादेश का अपमान किया हैं बल्कि प्रदेश के इन विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों को भी

# इतिहास की सबसे निकम्मी सरकार है कांग्रेस : रणधीर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और हमीरपुर के प्रभारी विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार लगातार प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की हर चुनाव में अलग किस्म की बयानबाजी सामने आती है। शिमला नगर निगम चुनाव में मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि मैं शिमला का हूं और कांग्रेस को जिताओ। जब यहां लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हमीरपुर में लगे हैं तो वह कह रहे हैं कि मैं हमीरपुर का हूं। जब वे देहरा में अपनी पत्नी को चुनाव लड़वा रहे हैं, तो वे कह रहे हैं मैं ही देहरा हूं।

उन्होंने बताया मुख्यमंत्री मौकाप्रस्त राजनीति कर रहे हैं, न वो देहरा के हैं, न वे हमीरपुर के हैं न ही शिमला के हैं और न वह



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रणधीर शर्मा, साथ हैं अन्य नेता।

प्रदेश के हैं। वे अगर कुछ हैं तो केवल मित्रों के।

उन्होंने बताया कि अगर मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं तो सिर्फ मित्रों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने लगभग अपने 30 मित्रों को किसी न किसी जगह एडजस्ट कर दिया है। किसी को अध्यक्ष, किसी को चेयरमैन और किसी को तो कैबिनेट रैंक तक देकर मित्रों की सरकार बना दी। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ साल में उन्होंने हमीरपुर के लिए न कोई नई योजना न कोई नया काम शुरू किया। उल्टा अपनी सरकार में उन्होंने हमीरपुर में चल रही योजनाएं एवं काम बंद करवाने का काम किया चाहे वो हमीरपुर का सर्विस सिलेक्शन आयोग हो, चाहे वह लंबलू का डिग्री कॉलेज। चाहे जल शक्ति विभाग की शाखा हो, सब बंद। यहां तक की नादौन विधानसभा की जलशक्ति विभाग की शाखा भी बंद करवा दी।

उन्होंने बताया यहां तक कि इन्होंने गलोड जो कि नादौन विधानसभा में आता है, वहां का डिग्री कॉलेज भी बंद करवा दिया गया। जिससे हमीरपुर विधानसभा में रहने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

उन्होंने बोला अगर हम डेढ़ साल की सरकार की उपलब्धियों की समीक्षा करें, तो इससे यही साबित होता है कि यह सरकार आज तक के इतिहास की सबसे निकम्मी सरकार है। डेढ़ साल के कार्यकाल में इन्होंने ना कोई विकास कार्य शुरू किया और यहां तक की अपनी दी गई गारंटियां भी पूरी करने की कोई कोशिश नहीं की। उन्होंने बताया कि यह चुनाव को देखकर महिलाओं को झूठी घोषणाएं तो कर रहे हैं लेकिन अभी तक किसी को उसका लाभ पहुंचाने में नाकामयाब रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# शिव के नाम का जाप करने मात्र से दूर हो जाते हैं सभी पाप : रिंकू पंडित

**राज कुमार चौधरी, रंगस**

शिव के नाम का जाप करने मात्र से सभी पाप दूर हो जाते हैं, इसके नाम में ही पापों को समाप्त करने की समर्थता होती है। यह बात कथा ब्यास कुठेड़ा वाले रिकू पंडित ने रंगस पंचायत के न्याटी गांव में शिव पुराण कथा के शुभारंभ पर कही।



कलश यात्रा निकालते भक्तजन।

उन्होंने कहा कि माता सती भगवान शिव के मना करने पर भी प्रजापति दक्ष के यज्ञ में पहुंची। बिना बुलाए अपने पिता के घर गईं, अपमान का सामना न करते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शिव पुराण की कथा हमें उपदेश देती है कि जीवन साथी व अपने गुरु पर विश्वास व श्रद्धा होनी जरूरी है। बिन बुलाए मेहमान व बिना परिवार की आज्ञा से कहीं पर भी जाना शुभ नहीं होता।

उन्होंने कहा कि शिव पुराण की कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। हमें भगवान शिव की भक्ति उनकी गाथाओं का श्रवण करना चाहिए, ताकि हमारा मानस जन्म सुखमय बन सके। इससे पहले महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली, उन्होंने भरी गर्मी में कुनाह खड्ड से पानी भर कर मंदिर तक पहुंचाया। इस मौके पर पुजारी सुभाष चंद, वार्ड पंच संजीव सहित कई महिलाएं भी मौजूद थीं। (अनंत ज्ञान)

# शूटिंग चैंपियनशिप में प्रो. कुंदन ने जीते दो गोल्ड मेडल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य राइफल एसोसिएशन द्वारा 13 जून से 17 जून, 2024 तक इंदिरा गांधी खेल परिसर, शिमला में 29वीं एचपी राज्य शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।



असिस्टेंट प्रो. कुंदन लाल अन्यों के साथ।

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के शूटिंग रेंज के समन्वयक कुंदन लाल ने बताया कि 29वीं हिमाचल प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप राइफल स्मॉल बोर पिस्टल और शॉटगन इवेंट में विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थी व 3 प्रोफसेरों डॉ. मनु विनित शर्मा, डॉ. सोनम शर्मा व असिस्टेंट प्रो. कुंदन लाल ने 4 ईवेंटस में भाग लिया, जिसमें प्रो. कुंदन ने 10 मीटर राइफल चैपिंयनशिप मेन व 177 ओपन साइट 10 मीटर एयर राइफल मास्टर मेन दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसमें विश्वविद्यालय के सभी शूटरों ने अच्छा स्कोर हासिल किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी शूटरों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# रोटरी क्लब ने विधवा को दी आर्थिक सहायता

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर रोटी क्लब ने टिप्पर दुर्घटना में मृतक के परिवार को 65000 की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस परिवार को संबंधित राशि का चेक भेंट किया गया है।

गवारड़ू गांव की प्रिया कुमारी के पति नवीन डोगरा की पेपर दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक की अभी तीन महीने पहले ही शादी हुई थी और प्राइवेट नौकरी करता था। उसके पिता का अधरंग का इलाज चल रहा था और कमाई का कोई साधन नहीं था। शोक संतप्त परिवार बीपीएल से संबधित है। रोटरी को मदद की गुहार आई थी। रोटरी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए तुरंत उनके घर जाकर मदद पहुंचाई है। पहले भी रोटरी जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहती है।



पीड़ित परिवार को रोटरी क्लब के पदाधिकारी आर्थिक सहायता देते हुए।

पिछले महीने बरोहा में एक गरीब आदमी का घर गिर गया था पंचायत की तरफ से रोटरी में सहायता की गुहार आई थी। रोटरी ने घर जाकर सहयोग राशि दी थी। रोटरी क्लब हमीरपुर बृद्ध आश्रम मुठान को हर वर्ष रोटरी 72000 रूपए की सहयोग देती है। और कई तरह के जनहित कार्य लगातार करती रहती है। (अनंत ज्ञान)

# छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान का अभाव : प्रो. एचएम सूर्यवंशी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

भौतिकी और फोटोनिक्स विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर और इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 3 दिवसीय अन्वेषिका समन्वयकों की बैठक एमएसी-2024 का उद्घाटन एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी और पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रो. एचसी वर्मा ने किया।

भौतिकी में सर्वश्रेष्ठ विक्रेता पुस्तकों के लेखक द कॉन्सेप्ट ऑफ फिजिक्स और एक अग्रणी प्रयोगात्मक भौतिक विज्ञानी हैं इस समारोह के सम्मानित अतिथि थे। मीट का उद्घाटन करते हुए एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने बताया कि अन्वेषिका प्रयोगों के माध्यम से नई भौतिकी सीखने का एक बेहतरीन मंच है। यह निश्चित रूप से छात्रों को अपने नवीन विचारों को सोचने और लागू करने के लिए प्रोत्साहित करता है, साथ ही यह किताबों की सीमाओं से परे अपने प्रयोगात्मक कौशल को बढ़ाने के मामले में छात्रों की एक बहुत मजबूत नींव तैयार करेगा। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. एचसी वर्मा ने कहा कि आज भी छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान का अभाव है। उन्होंने हमारे देश में इस परिदृश्य को सुधारने की तत्काल आवश्यकता महसूस की। (अनंत ज्ञान)

# निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने किया पौधरोपण

**अतुल, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बनालग में निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल मोहन सिंह डोगरा की अध्यक्षता में गांव के मंदिर की सफाई की और पौधरोपण किया।



पौधरोपण करते डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा व अन्य सदस्य।

इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अजय डोगरा, सचिव विनोद वर्मा, यूथ प्रेसिडेंट रणबीर, अमित ठाकुर, डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा, वाइस प्रेसिडेंट सुभाष शर्मा और मुकेश नाग भी मौजूद रहे। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि उन्होंने इस शुभ कार्य की शुरुआत अपने गांव से की है और भविष्य में यह अभियान अन्य गांवों में भी चलाया जाएगा, जिसमें व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि सभी लोग अपने-अपने गांव में पौधे लगाने के लिए संगठन के प्रतिनिधियों से संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)




**जानकारी** जाइका श्रीलंकन के नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किया हमीरपुर जिले का दौरा

# यह दौरा विचारों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण अवसर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार के अंतर्गत फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना के दूसरे चरण के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई हमीरपुर में महिला, बाल मामले और महिला सशक्तिकरण मंत्रालय, श्रीलंका तथा जाइका-श्रीलंका के अधिकारियों के नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उत्कृष्टता केंद्र बड़ा और राधे कृष्णा स्वयं सहायता समूह जंदली गुजरां का दौरा किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना, समूहों के समक्ष आने



उत्कृष्टता केंद्र बड़ा में श्रीलंका से आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सम्मानित करते हुए।

वाली चुनौतियों की पहचान करना व उनके सशक्तिकरण के लिए संभावित समाधान करना था। जाइका के राज्य परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि जाइका चरण-1 के तहत जिला हमीरपुर में लगभग 32 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं व इन समूहों के मूल्य संवर्धन के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

यह दौरा श्रीलंका के अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास की दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों की गहरी समझ प्रदान करेगा व यह दौरा दोनों देशों के बीच विचारों के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रतिनिधिमंडल ने खंड परियोजना प्रबंधन इकाई के अंतर्गत बनाए जा रहे सब्जी की फसलों की नर्सरी के उत्पादन के लिए उत्कृष्टता केंद्र बड़ा का दौरा किया। यह केंद्र विशेष रूप से हमीरपुर जिले और आसपास के क्षेत्रों के उन्नत सब्जी उत्पादकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस केंद्र के दौरे के दौरान अमित (इनोवेटिव गतिविधि विशेषज्ञ) ने श्रीलंका के अधिकारियों को उच्च तकनीक नर्सरी उत्पादन के बारे में अवगत करवाया। इस केंद्र में प्लग ट्रे और कोकोपीट जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग करके बिना टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन, मिर्ची आदि सब्जियां व गोभी की पनीरी लगाई जाएगी। इस केंद्र में लगभग 2 लाख पौध एक बार में व साल भर में पांच से छह बार पौधे का उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# बैहड़ वार्ड में सड़क निर्माण में बाधा पहुंचाने पर भड़के ग्रामीण



एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा को ज्ञापन प्रेषित करते ग्रामीण ।

**रितेश, सरकाघाट**

नगर परिषद सरकाघाट द्वारा वार्ड सात बैहड में स्थित उप डाकघर से रोपा कालौनी और हिमालयन पब्लिक स्कूल को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए करवाए जा संपर्क सड़क निर्माण कार्य में बाधा डाले जाने से भडके ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम सुधार समिति वैहड के प्रधान राजू राम की अध्यक्षता में एसडीएम सरकाघाट से मिला और उपायुक्त मंडी को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने बताया कि इस सड़क का निर्माण नगर परिषद करवा रही है और लाखों रुपए खर्च भी कर दिया है और 70 प्रतिशत सड़क बन कर तैयार भी हो चुकी है, लेकिन हिमालयन पब्लिक स्कूल से आगे 200 मीटर का गैप इसलिए छूट गया है कि यहां कुछ लोगों ने 22 जून को नप चेयरमैन की उपस्थिति में बल पूर्वक सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया, जो सरासर गलत है जबकि बकायदा इस जमीन की निशानदेही करवाई जा चुकी है और यहां राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में सरकारी जमीन और सरकारी रास्ता अंकित है और रोपा कालौनी के लिए यहां से सडक निकालने का एक मात्र विकल्प है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जो लोग सड़क के कार्य को रुकवाने में लगे हुए है उनके साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए और पुन: सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि वार्ड वासियों को एंबुलेंस और सड़क की सुविधा मिल सके।

इस मौके पर पवन ठाकुर एल विजय कुमार मनोज कुमार रणजीत सिंह रूप लाल मीरा देवी पूजा देवी रजनी देवी यशपाल अनिल ठाकुर सौरभ और रमेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## आपसी विवाद से रुका है निर्माण : कशमीर

**नगर** परिषद के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने कहा की सड़क की जद में एक बावड़ी, पीपल का टयाला और कुछ पेड़ आ गए है इसके अलावा वार्ड के आधे ग्रामीण जमीनी विवाद के चलते कोर्ट में जाने की धमकी दे चुके हैं मामला सुलझने तक ही सड़क का निर्माण कार्य रोका गया है।

# नीट परीक्षा : एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**एमएम डैनियल, चंबा**



प्रदर्शन करते हुए एनएसयूआई के सदस्य।

एनएसयूआई इकाई महाविद्यालय चंबा अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अगुवाई में नीट के पेपर में धांधली के तहत पेपर रद्द होने पर महाविद्यालय चंबा के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं केंद्र सरकार से इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है ।

इस उपलक्ष्य पर एनएसयूआई चंबा अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार को इस दिशा में शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बार युवाओं और छात्र वर्ग का ही शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस से पूर्व अग्निवीर जैसी योजना को लाकर युवाओं का शोषण किया अब इसके उपर आ कर नीट परीक्षा में इस तरह की धांधली और चंद रुपए में बच्चों का भविष्य बेचना कहा: तक सही हैं ।

उन्होंने कहा कि छात्र जिस तरह से दिन रात मेहनत करते है और अंत मे जब उनके साथ ऐसा गलत होता हैं तो छात्र आत्महत्याएं तक करने कीकोशिश करते है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को शर्म आनी चाहिए देश के शिक्षा मंत्री को इतने बड़े पद पर होकर भी बो कुछ नहीं कर पाए। जिस हिसाब से छात्रों का शोषण हो रहा हैं शिक्षा मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

इसके साथ साथ एन एस यू आई सीबीआई की निष्पक्ष जांच की मांग करती हैं और साथ केंद्र सरकार को यह चेतावनी देती हैं अगर जल्द से जल्द इसकी निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो इससे बड़ा उग्र आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदार केंद्र सरकार होगी।

इस मौके पर इकाई उपाध्यक्ष तरुण, कर्ण सिंह, कार्तिक, किरण , पंकज, महासचिव आर्यन, यमन, राहुल, ऋषि, सचिव तुषार, अंशु, करण सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें। (अनंत ज्ञान)

# 40 करोड़ की लागत से चुराह की पांच सड़कें हो रही चका चक

**आजम डार, तीसा**




सड़क के हुए कार्य का दृश्य।

ग्रामीण इलाकों में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदल रही है। जिसके चलते आने वाले समय में लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी चंबा जिला के अंतर्गत आने वाले लोक निर्माण विभाग मंडल तीसा के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से 5 सड़कों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिस पर 40 करोड़ रुपए के आसपास पैसा खर्च किया जा रहा है।

हालांकि दो सड़के जुलाई में बनकर तैयार हो जाएंगे इनमें कलहेल बंजली छतरी मार्ग शामिल है और चार अन्य सड़कें है। जिनका कार्य तेजी के साथ आगे चल रहा है। वहीं दूसरी और तीसा मंडल के अधिशासी अभियंता जोगिंद्र कुमार का कहना है कि तीसा मंडल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 40 करोड़ की लागत से पांच सड़कों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, ताकि ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों गांव को सड़क सुविधा के साथ जोड़ा जाए और उन्हें सड़क सुविधा का लाभ दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

# लेक्चरर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कालिया से की मुलाकात

**गोन्दपुर बनेहड़ा, आशीष**



राकेश कालिया से मुलाकात करते प्रवक्ता संघ के पदाधिकारी ।

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने गगरेट क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया से उनके निवास स्थान पर भेंट की और उन्हें विधायक निर्वाचित होने पर बधाई दी। इस अवसर पर लेक्चरर संघ के प्रांतीय सगठन व प्रेस सचिव राजन शर्मा, विहारी लाल, मुकेश कुमार, संदीप कुमार अन्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# मिंजर स्मारिका और निमंत्रण कार्ड पदमश्री विजय करेंगे डिजाइन

**एमएम डैनियल, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद सहायक आयुक्त व अन्य अधिकारी।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला- 2024 के तहत निमंत्रण कार्ड के डिजाइन एवं स्मारिका के प्रकाशन की रूपरेखा तय करने को लेकर सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह की अध्यक्षता में निमंत्रण कार्ड एवं स्मारिका उप समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में उप समिति के सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों ने हिस्सा लिया । मिंजर मेला के निमंत्रण कार्ड एवं स्मारिका के आवरण पृष्ठ के डिजाइन को लेकर चर्चा के दौरान सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि पदमश्री विजय शर्मा से इनका डिजाइन करवाया जाए।

मिंजर स्मारिका के प्रकाशन की रूपरेखा तय करने को लेकर चर्चा के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि चंबा ज़िला की समृद्ध लोक-कला एवं संस्कृति, धरोहर, साहित्य, व पर्यटन से संबंधित विषयों को स्मारिका का हिस्सा बनाया जाए।

स्मारिका के प्रकाशन में जिला के सभी साहित्यकारों, युवा लेखकों की रचनाओं को आमंत्रित किया जाए। जिला के युवा चित्रकारों के प्रोत्साहन स्वरूप ऑनलाइन माध्यम से चंबा जिला की समृद्ध लोक-कला एवं संस्कृति, धरोहर व पर्यटन से संबंधित विषयों पर चित्रकलाएं आमंत्रित कर समिति द्वारा चयनित पहली, दूसरी और तीसरी चित्रकला को स्मारिका में प्रकाशित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में गत वर्ष के दौरान निमंत्रण कार्ड तथा स्मारिका प्रकाशन के आय एवं व्यय की जानकारी भी दी गई।(अनंत ज्ञान)

# जगत सिंह नेगी 26 से होंगे चंबा प्रवास पर

**एमएम डैनियल, चंबा**



मंत्री जगत सिंह नेगी 26 जून को सांय जिला के जनजातीय उपमंडल किलाड़ पहुंचेंगे। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के प्रवास कार्यक्रम के संदर्भ में विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि वह 27 जून को आवासीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे परियोजना सलाहकार समिति (पीएसी) तथा दोपहर बाद 4 बजे स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 28 जून को जगत सिंह नेगी सुबह 9 बजे धरवास में एकलव्य आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री साच पास रवाना होंगे। वह दोपहर 12:30 बजे भूत मैदान के सौंदर्यकारण कार्यों का शिलान्यास करने के साथ साच पास-भूत मैदान संपर्क सड़क का शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने बताया कि जारी प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं आरपीजी मंत्री 29 जून को एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भरमौर के तहत लघु सचिवालय पट्टी में सुबह 11 बजे परियोजना सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

भरमौर से डलहौजी जाएंगे तथा उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह डलहौजी में रहेगा। राजस्व, बागवानी जनजातीय, विकास एवं आरपीजी मंत्री 30 जून को सुबह शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सिरमौर में 25 को काला दिवस मनाएगी भाजपा

**बीआर चौहान, राजगढ़**

भाजपा के सिरमौर जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि देश के इतिहास में 25 जून का दिन आपातकाल के काले दिवस के रूप में जाना जाता है ।25 जून 1975 को ततकालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनके खिलाफ आए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध आपातकाल की घोषणा की व पूरे देश में मानवाधिकारों का हनन किया, लाखों पत्रकारों और आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वाले देश प्रेमियों को जेल की सलाखों के पीछे डाला गया और प्रताड़ित किया गया। मेलाराम ने कहा कि इस काले दिन के अवसर पर भाजपा देशभर और प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित करती रही है।

प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह सिरमौर जिले में भी आगामी 25 व 26 जून को सभी संगठनात्मक जिलों में संगोष्ठी मौन जुलूस एवं आपातकाल के समय के सभी लोकतंत्र के प्रहरियों को याद करते हुए उनके सम्मान के कार्यक्रम आयोजित करेगी। (अनंत ज्ञान)

# स्कूल मैदान के लिए एसएमसी धरवेटा विभाग को भेजेगी प्रस्ताव

**एमएम डैनियल, चंबा**



मीटिंग के दौरान मौजूद एसएमसी के सदस्य।

प्राथमिक पाठशाला धरवेटा में एसएमसी की बैठक का आयोजन स्कूल प्रभारी पुष्पांजलि की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष चनालू राम विशेष तौर पर मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्कूल भवन की कमी के कारण पेश आ रही समस्याओं पर मंथन किया गया। एसएमसी अध्यक्ष चनालूराम ने बताया कि स्कूल परिसर में मैदान की कमी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बारे में प्रस्ताव पास करके जल्द ही शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि स्कूल में मैदान को बनाया जा सके।

वहीं स्कूल में जल्द एमडीएम कुक के पद को भरने के बारे में भी मंथन किया गया ताकि जुलाई माह में मिड डे-मील बनाने के लिए दिक्कत पेश न हो। इसके अलावा स्कूली बच्चों के एफए 2 की परीक्षा में प्राप्त अंकों के बारे में मंथन किया। (अनंत ज्ञान)

# कुल्लू में 1200 स्टूडेंट्स ने ग्रहण की एबीवीपी की सदस्यता



सदस्यता ग्रहण करने के बाद जारी सदस्यता कार्ड को दिखाते हुए विद्यार्थी।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों में सदस्यता अभियान चलाया हुआ है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने इन दिनों हरिपुर के लगते आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न स्कूलों में विद्यालय सदस्यता अभियान चलाया हुआ है।

सोमवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने इसी कड़ी में कार्य करते हुए विद्यालय सदस्यता अभियान को गति देते हुए विभिन्न स्कूलों में स्टूडेंट्स को एबीवीपी की सदस्यता दिलवाई। विभाग के संयोजक अमन ने बताया कि कुल्लू में भी यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। अभी तक कुल्लू में कुल 1200 के करीब विद्यार्थियों की सदस्यता हो चुकी है। ( अनंत ज्ञान )

# स्वच्छता को लेकर होंगी कार्यशालाएं : डीसी

**एमएम डैनियल,चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग समिति की बैठक उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा अतिथि क्षेत्र के लिए शुरू की गई रेटिंग प्रणाली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

वहीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि स्वस्थ ग्रीन लीफ रेटिंग का मुख्य उद्देश्य पर्यटन की दृष्टि से होटलों, रिसॉर्टस और होमस्टे में विश्व स्तरीय स्वच्छता को सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने बताया कि इसका लक्षित समूह मोबाइल शौचालय पर आधारित होटल, लॉज, होमस्टे, धर्मशालाएं और शिविर है। उपायुक्त रेपसवाल ने कहा कि रैंकिंग योजना नवंबर-2023 में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा पेयजल और स्वच्छता विभाग के सहयोग से शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि पहल के तौर पर स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण और पर्यटन विभाग की राज्य टीमें हितधारकों के लिए अवधारणा, प्रक्रिया और वांछित परिणामी पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके कार्यान्वयन के लिए एक त्रिस्तरीय समिति प्रणाली प्रस्तावित की गई है। जिसको धरातल पर उतरने तथा सत्यापन के लिए उप मंडल अधिकारी के द्वारा एक सत्यापन उप-समिति गठित की जाएगी। इसके बाद एक जिला समिति होगी ।

बैठक में वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण जयवंती ठाकुर, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा सहित अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# टैक्सी चालक से मारपीट मामले में एसपी को सौंपेंगे ज्ञापन

**पुष्पराज, मंडी**



आपातकालीन बैठक में मौजूद टैक्सी ऑपरेटर सामूहिक चित्र में।

सोमवार को जिला मंडी टैक्सी एकता संगठन के पदाधिकारी के द्वारा आपातकालीन बैठक बुलाई गई जिसका आयोजन चामुंडा भगवती के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार ने की बैठक में जिला मंडी के टैक्सी ऑपरेटर योगराज के ऊपर पंजाब के भरतगढ़ में हुए हमले के बारे में चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि इस घटना के बारे में एसपी मंडी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

मुख्यमंत्री से भी ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि बाहरी राज्य में हिमाचल के टैक्सी ऑपरेटर के साथ इस प्रकार की घटना होने पर तुरंत कानून व्यवस्था मुहैया कराई जाए और बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों के साथ भी इस प्रकार की अभद्रता न पेश आए और कानून व्यवस्था कायम रहे।

इस दौरान विपिन शर्मा ने उक्त घटना के बारे में बताया कि इस घटना से हमारा टैक्सी ऑपरेटर आहत हैं और उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होना जरूरी हैं ताकि प्रदेश में भाईचारा कायम रहे।

जल्द ही सभी रजिस्टर्ड संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी और बाहरी राज्यों के संगठनों के साथ ही तालमेल बिठाया जाएगा ताकी बिना किसी समस्या के सैलानी अपने गंतव्य पर सुरक्षित पहुंच सके। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 00106

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

25 जून, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्थी: (11:13) : **नक्षत्र :** श्रवण (2:33), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** वैधृति (9:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:51), **राहुकाल** (3:53 -05:37 ।

## विशेष दिन

- 25 जून 2024 : संकष्ट अंगार की चतुर्थी आज।
- 25 जून 2024 :पंचक आज से होंगे आरम्भ।

**मेष:** आप एक नई एसोसिएशन या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। आप व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रति उत्साही और आश्वस्त हैं।

**वृषभ:** कुछ की रचनात्मकता चरम पर होगी लेकिन वित्तीय दबाव हो सकता है। धन संबंधी मामलों को समझदारी से निपटाया जाना चाहिए।

**मिथुन:** अच्छे व्यावसायिक अवसर आपके व्यवसाय को बढ़ाने और विस्तृत करने में अति सहायक सिद्ध होंगे। नए क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार होंगे।

**कर्क:** भाग-दौड़ वाला हो सकता है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होंगे और आपका उत्साह आपको साहस एवं बल प्रदान करेगा। व्यावसायिक स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ पाएंगे।

**सिंह:** आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ महंगी वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकते हैं। भूमि में निवेश भी हो सकता है।

**कन्या:** विदेशी संपर्क वाले लोग व्यावसायिक गतिविधि में उतार-चढ़ाव अनुभव कर सकते हैं। नौकरी तलाश कर रहे हैं तो कड़ी मेहनत कीजिए।

**तुला:** व्यवसाय में उन लोगों के लिए एक अनुकूल अवधि है जो एक नई साझेदारी में प्रवेश कर रहे हैं। आर्थिक परियोजनाएं उचित विचार और परिश्रम के बाद ही पूर्ण और सम्पन्न होंगी।

**वृश्चिक:** आय अच्छी रहेगी, किन्तु बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना श्रेयकर रहेगा। आपको अपने करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** व्यावसायिक रूप से आज का दिन शुभ रहेगा। पदोन्नति या व्यावसायिक बेहतरी का प्रबल संकेत है। परियोजना पर काम करने का अवसर मिल सकता है।

**मकर:** महत्वाकांक्षी परियोजनाएं गतिशील हो सकती हैं। नए सहयोगियों के साथ बातचीत करते हुए अपने शब्दों एवं विचारों का चयन खूब सोच-समझ कर कीजिए।

**कुंभ :** वित्तीय रूप से दिन शुभ है और कुछ महत्वपूर्ण लाभ प्राप्ति भी हो सकता है। उद्यमी और व्यवसायी एक नए संघ या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बहुत उत्साहजनक नहीं है। आज कार्यों में देरी और बाधाएं प्रबल होंगी। हालांकि परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से आप मजबूत रहेंगे।

# बाल श्रम पर हो सकता है 50 हजार जुर्माना और कारावास

**राजेश शर्मा, ऊना**

बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध है। यदि कोई बाल श्रम करवाता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत पचास हजार रुपए जुर्माना व 6 माह का कारावास हो सकता है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि बाल मज़दूरी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से 1 जून से आगामी 30 जून, 2024 तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बाल श्रम एक अभिशाप है तथा इसको खत्म करना हम सब का दायित्व बनता है। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को बाल से श्रम से मुक्त करवाकर उनका पुनर्वास के साथ-साथ बच्चों को इस सामाजिक अभिशाप से मुक्ति दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम को रोकने में समाज के प्रति उनका ये बहुत बड़ा योगदान होगा।(अनंत ज्ञान)

# सिरमौर कल्याण मंच ने ओएसडी के निधन पर जताया शोक

**आर मोहन, सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल के ओएसडी संजय शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञात रहे कि रविवार देर शाम संजय शर्मा सोलन में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। वे 53 वर्ष के थे और सिरमौर जिला की उप तहसील नारग के रहने वाले थे। सोमवार को नारग में उनका अंतिम संस्कार हुआ।

सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप, वरिष्ठ उपप्रधान गगन चौहान व डॉ. एसएस परमार, महासचिव यशपाल कपूर समेत मंच के वरिष्ठ सदस्य मियां प्रेम सिंह, बलदेव चौहान, कंवर वीरेंद्र सिंह, पदम पुंडीर, डॉ.रामगोपाल शर्मा, संजीव अवस्थी, जयचंद शर्मा, सुखदर्शन ठाकुर, जय ठाकुर, समेत सभी सदस्यों ने शोक जताया ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल
विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)

ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल विकास खंड सदर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवयश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से डाक द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 06/07/2024 को अपराहन 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनांक 06/07/2024 को अपराहन 01 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

1. A रेत (खड्ड/नदी) प्रति घन मीटर B क्रशर प्रति घन मीटर, 2. बजरी (खड्ड/क्रशर) 10,20,40एमएम प्रति घन मीटर, 3. पत्थर/कट स्टोन प्रति घन मीटर, 4. बोल्डर/सोलिंग प्रति घन मीटर, 5. ईंट 2nd Class प्रति नंबर, 6. A सटरिंग व रास्ता B भवन सटरिंग प्रति स्क्वेयर फुट, 7. RCC पाइप व कौल्लर 300,450,600,900,एमएम/ पेवर प्रति नंबर, 8. जेसीबी हेतु प्रति घंटा, 240000/से ऊपर TDS 10% कटेगा 9. सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से गडल से कार्य स्थल तक उतराई व चढ़ाई के साथ पेवर प्रति बैग 10. पेवर 60,80 एमएम 11. Mixture प्रतिघंटा 12. CIB प्रति

**नियम व शर्तें:-**1.निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएंगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। (एम फार्म) एम फार्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री संबंधित रॉयल्टी वर्तमान में 60/-रु. प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लो.नि.विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6. निविदादाता को 20000/-रु. धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के पास जमा करवानी होगी, तभी निविदाएं मान्य होंगी अन्यथा बिना धरोहर राशि के निविदाएं रद्द समझी जाएंगी। 7. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समायानुसार नहीं कर पाता तो उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापस नहीं होगी। 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता का चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑडर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उल्लेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 12. इसमें रेत 1200cum, बजरी 1200cum, पत्थर/कट स्टोन 1500cum, बोल्डर 1500cum, ईंट 3500 नं. वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित इतनी ही मटीरियल लगेगा। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरांत किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल**



## कार्यालय ग्राम पंचायत गोहर
विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गोहर विकास खंड गोहर जिला मंडी (हि.प्र.) द्वारा दिनांक 07.06.2024 को प्रस्ताव संख्या 10 के माध्यम से वित्त वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बंद निविदाएं डाक द्वारा आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 06.07.2024 को अपराहन 4.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 09.07.2024 को ग्राम पंचायत कमेटी तथा निविदाताओं व उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष 12.00 बजे खोली जाएंगी। निविदाएं निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मापन इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेत/बजरी खड्डु | प्रति घन मीटर |
| 2. | रेत/बजरी क्रशर 10,20,40एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3. | पत्थर कट स्टोन | प्रति पत्थर |
| 4. | पत्थर कट स्टोन (गलमा) | प्रति पत्थर |
| 5. | सोलिंग/पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 6. | बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 7. | जेसीबी मशीन (कटिंग एवं ड्रेसिंग) | प्रति घंटा |
| 8. | शटरिंग, लकड़ी व स्टील (भवन निर्माण/ड्रेन व डगे) | प्रति वर्ग फुट |
| 9. | सीमेंट ढुलाई लोड/अनलोड सहित | प्रति बैग |
| 10. | आरसीसी पाइप (सभी साईज) | प्रति फुट |
| 11. | सीमेंट मिक्सर (ऑपरेटर सहित) | प्रति बैग |
| 12. | नागरिक सूचना बोर्ड पेंटिंग/दीवार लेखन | प्रति वर्ग फुट |
| 13. | साईन बोर्ड लिखाई | प्रति बोर्ड |

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदादाता के पास अपना पैन नं. तथा जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। 2. आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। 3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए विनिर्देश के अनुसार होगी। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां पर उपलब्ध करवानी होगी। 5. निविदादात को 50000/-रुपए की धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी, धरोहर/सुरक्षित राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। धरोहर /सुरक्षित राशि जो की ग्राम पंचायत गोहर के नाम से देय हो, के रूप में स्वीकार की जाएगी। निविदादाता अगर सामग्री आपूर्ति समय (एक सप्ताह) के भीतर नहीं कर पाता जो उसकी धरोहर/सुरक्षित राशि वापस नहीं की जाएगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. निविदा खुलने के उपरांत उपरोक्त सामग्री की दरों को विभाग द्वारा तैयार की गई जस्टीफिकेशन व निविदादाता के साथ नेगोशिएशन के उपरांत अंतिम रूप दिया जाएगा। 8. दरों का उल्लेख करते समय टैक्स इन्क्लुडिंग या एक्सक्लुडड का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 9. दरें अंकों व शब्दों में लिखी जाए। 10. जिसकी निविदा स्वीकृत की होगी ऊपर दर्शाई गई धरोहर राशि पांच दिन के भीतर एफडीआर पंचायत के नाम करनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गोहर**
**विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

मनुष्य के लिए प्रसन्न रहना बहुत सरल है, लेकिन सरल होना बहुत कठिन है। –रबींद्रनाथ टैगोर

संपादकीय

# नए आपराधिक कानून दिलाएंगे त्वरित न्याय

हमारे देश में ब्रिटिशकाल से चले आ रहे पुराने आपराधिक कानूनों भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी, अपराध संहिता यानी सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम यानी इंडियन पैनल कोड में ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। पुराने कानूनों को बदलने के लिए नए कानून पास हुए हैं। ये नए कानून पूरे भारत में एक जुलाई, 2024 से लागू होने जा रहे हैं। नए कानूनों में बहुत सारे बदलाव आएंगे। कुछ बदलाव ऐसे हैं, जो प्रत्यक्ष रूप से हर व्यक्ति को प्रभावित करेंगे। भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस, भारतीय नागरिक संहिता यानी बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानी बीएसए ये तीन नए कानून हैं, जो कि आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन पैनल कोड को रिप्लेस करेंगे।

हालांकि सरकार अभी हिट एंड रन से जुड़ी धारा 106 (2) को लागू नहीं करेगी। इस प्रावधान के विरोध में देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल की थी। इसमें लापरवाही से तेज ड्राइविंग करने पर दस साल की सजा का प्रावधान किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं हैं। बीस नए अपराध परिभाषित किए गए हैं। 33 अपराधों में सजा और 83 धाराओं में जुर्माना बढ़ाया गया है। 23 अपराधों में न्यूनतम सजा निर्धारित की गई है। राजद्रोह के अपराध को हटा दिया गया है। गैंगरेप के लिए 20 साल की कैद या मृत्युदंड का प्रावधान है। भारतीय नागरिकता संहिता के नए कानून में 531 नई धाराएं हैं, जबकि सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। 177 प्रावधानों में संशोधन हुआ है। दुष्कर्म के मामलों में मेडिकल ऑफिसरों को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट का पदानुक्रम मजिस्ट्रेट कोर्ट, सेशन कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तय कर उनके अधिकार क्षेत्र को परिभाषित किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रॉनिक सबूतों जैसे ऑडियो और वीडियो को तवज्जो दी गई है।

नए कानून में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को भी परिभाषित किया गया है। ये नए कानून 21 दिसंबर, 2023 को संसद से पास हुए थे। 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति ने इन कानूनों को अपनी सहमति दे दी थी। अब ई-कोर्ट के माध्यम से समन जाया करेंगे। अपराध प्रक्रिया में सारी टाइमलाइन फॉलो करनी होगी। पुलिस को 99 दिन के अंदर जांच खत्म कर चार्जशीट कोर्ट में फाइल करनी होगी। न्यायाधीशों को चार्जशीट आने के बाद 60 दिन के अंदर चार्जेज फ्रेम करने होंगे। वर्तमान में चार्जशीट पुलिस अपनी मर्जी से फाइल करती है। कभी एक महीने में तो कभी छह महीने में और कभी एक साल बाद चार्जशीट फाइल की जाती है। इसके बाद चार्जेज फ्रेम होने में एक दो साल लग जाते हैं। ऐसे में कब मुकदमा दर्ज होगा और कब न्याय मिलेगा, इस पर अक्सर प्रश्न चिन्ह लगते रहते थे, लेकिन अब सरकार ने इन लचीले कानूनों को सुधारने की ओर बड़ा कदम उठाया है, जिससे त्वरित न्याय की उम्मीद बंधी है। इसका लाभ पीड़ित को अवश्य मिलेगा। अब चाहे जितना भी पेचीदा केस होगा, उसे तीन साल के अंदर हर हाल में निपटाना होगा।

कन्क्लूजन ऑफ ट्रायल के 45 दिन के अंदर न्यायाधीशों को जजमेंट देनी अनिवार्य होगी। एक जुलाई से बदल रहे न्यायिक ढांचे के लिए बहुत सारी तैयारी करनी पड़ेगी। फॉरेंसिक लैब्स और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी। बड़े अपराधों की जांच के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स बुलाए जाएंगे और घटनास्थल की बकायदा वीडियोग्राफी होगी। उम्मीद है नए कानूनों के लागू होने से देश की तस्वीर अवश्य बदलेगी। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल दावा कर रहे हैं कि सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। नए कानूनों का उद्देश्य पुरानी संहिताओं को बदलना, त्वरित न्याय सुनिश्चित करना और समकालीन तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बिठाना है। निश्चित रूप से आमजन को राहत मिलने वाली है। ये तभी संभव हो पाएगा, जब सारी चीजें समय पर फॉलो होंगी। ■

# आज देश में शिक्षा कई तरह की दुर्दशाओं के दौर से गुजर रही

देश के सामर्थ्य के लिए शिक्षा का महत्व सभी जानते हैं, मानते हैं और बखानते हैं। समकालीन चर्चाओं में 'युवा भारत' की भूमिका सभी लोग दोहराते हैं और 'डेमोग्रेफिक डिविडेंड' की बातें करते नहीं थकते। चुनावी घमासान में सबने एक स्वर से देश को आगे ले जाने की कसमें खाईं थीं, किंतु शिक्षा की प्रासंगिकता तथा रोजगार के लिए शिक्षा के महत्व को लेकर लगभग सभी मौन ही धारण किए रहे। वे इसकी स्थिति से संतुष्ट थे या फिर थक हारकर यह मान चुके हैं कि इस सिलसिले में कुछ भी मुमकिन नहीं है।

महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण की सख्त जरूरत, पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और भारतीय संविधान की सुरक्षा जैसे भारी भरकम मुद्दों के बीच शिक्षा और संस्कृति से जुड़े सवाल लगभग नदारद थे। घोषणा पत्र, संकल्प सूची और गारंटियों की काकली के बीच शिक्षा द्वारा मनुष्य के निर्माण और उसके संवर्धन और संरक्षण से जुड़े प्रश्न की कोई जगह नहीं थी। सभी नेता मौखिक रूप से देश को बचाने, बनाने, समता लाने तथा सबको सुखी बनाने के लिए तैयार थे।

सभी नेता बढ़-चढ़कर गरीबों को अनाज देने, मुफ्त रुपए बांटने और सभी तरह की भौतिक सुविधाएं जुटाने की घोषणा करने और खटाखट खैरात बांटने को तैयार थे, यह जान कर भी कि सरकार के पास कोई जादुई तिजोरी नहीं है कि फटाफट सब कुछ सब को मुहैया कर दिया जाए। वे यह भी नहीं सोच रहे थे कि सार्वजनिक मुफ्तखोरी की लत का नुकसान सबको भुगतना पड़ेगा। आखिर अकर्मण्य बनाने में किसका भला होगा? मनुष्य बनने लिए संस्कार की आवश्यकता पड़ती है। यही समझ कर शिक्षा की संस्थाएं बनीं। भारत इस तरह के प्रयास में अग्रगण्य था। यहां के नालंदा और तक्षशिला के बहु अनुशासनात्मक और समावेशी विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय संसार में कहीं न थे। औपनिवेशिक दौर में शिक्षा की जो व्यवस्था रोपी गई, उसके फलस्वरूप हम जिस तरह पिछड़े, उससे अभी तक उबर न सके।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

यह बिडंवना ही कही जाएगी कि विकसित भारत का नारा देते हुए आज देश में शिक्षा कई तरह की दुर्दशाओं के दौर से गुजर रही है। यह एक दुखद सत्य है कि स्वतंत्र भारत में चर्चाएं होती रहीं, आयोग बनते रहे, शोध रपटें आती रहीं, योजनाओं का खाका भी बनता रहा, कुछ आधे-अधूरे कदम भी उठाए गए, परंतु कभी भी शिक्षा की ओर समग्रता से तथा व्यावहारिक स्तर पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा सका था। इसके लिए ढुलमिल और टालू नजरिया ही अपनाया जाता रहा। मोदी सरकार के पहले दौर से ही वर्ष 2015 में शिक्षा में सुधार का वादा ही नहीं किया गया, बल्कि नई शिक्षा नीति का बनाने की कवायद भी शुरू की। सांकेतिक पहल के रूप में 'मानव संसाधन मंत्रालय' का नाम 'शिक्षा मंत्रालय' कर दिया गया था।

दूसरे कार्यकाल में अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए सरकार ने 2020 में अंतरिक्ष विज्ञानी डॉ. कस्तूरीरंगन की अगुआई में लंबे सलाह-मशविरे के बाद नई शिक्षा नीति आई। सबको आशा बंधी कि शिक्षा में एक नया सबेरा आने वाला है। उसकी कुछ झलक भी मिली थी, पर अभी भी लंबी दूरी तय करना शेष है। अब 2024 में मोदी सरकार की 71 मंत्रियों की फौज के साथ तीसरी पारी सौदिनी एजेंडे के साथ शुरू हो चुकी है।

शिक्षा के लिए उसमें क्या जगह है, यह तो स्पष्ट रूप से पता नहीं पर पुराने शिक्षा मंत्री ही फिर से दायित्व संभाल रहे हैं और विभाग का काम-धाम रूटीन में पहले जैसा ही चलता रहेगा। याद रहे कि शिक्षा नीति-2020 कक्षा तीन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा में 'आमूल-चूल परिवर्तन' लाने की विशाल महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ी थी। इस नीति को लागू करने की योजना पर खंड-खंड में कुछ काम भी शुरू हुआ। कई परिवर्तन कुछ जगहों पर लागू हो चुके हैं, पर प्रगति देखते हुए यही लगता है कि रस्म अदायगी ही हो रही है। आधे-अधूरे ढंग से धीमी गति से इस पर काम चल रहा है। शिक्षा के संचालन में विकल्पों की व्यवस्था, रुख में लचीलापन, व्यवस्था की सहजता, स्थानीयता पर बल, पारिस्थितिकी की चिंता, संस्कृति के साथ जुड़ाव, कुशलता-निर्माण को महत्व, रोजगार की उन्मुखता और शिक्षा देने में मातृभाषा के अधिकाधिक उपयोग की बात लिखित और मौखिक रूप में बार-बार सरकारी तंत्र द्वारा दोहराई जाती रही है। ये संकल्प जितने आकर्षक हैं, उनको लागू करना उतना ही कठिन है। परिणाम है कि पहले की तुलना में परिसरों में दुर्व्यवस्था बढ़ती जा रही है और अध्ययन, अध्यापन तथा शोध की गुणवत्ता में गीयवत दर्ज हो रही है।

आज शिक्षा के ज्यादातर परिसर सिर्फ प्रवेश लेकर परीक्षा करा रहे हैं और डिग्री देने में व्यस्त हैं। साल में दो बार प्रवेश की ताजी योजना शिक्षा संस्थाओं को और व्यस्त करने वाला होगा। शिक्षा का संपादन दिनों-दिन कमजोर होता जा रहा है। खास तौर पर स्कूली शिक्षा की स्थिति पूरे देश में खस्ताहाल हो रही है। नीति-हीनता की विपत्ति यह है कि शिक्षक-प्रशिक्षण की व्यवस्था क्या हो? उसका पाठ्यक्रम कैसा हो और कितने समय में उसे कैसे किया जाए, आदि प्रश्नों को लेकर कोई स्पष्ट और दृढ़ व्यवस्था नहीं हो पाई है और कई संशय बरकरार हैं। शिक्षा के जमीनी हालात चिंताजनक हो रहे हैं। कागज पत्र की कार्रवाई बेशक खास हो रही है। नैक है, एनआईआरएफ है, यूजीसी है और और भी बहुत कुछ है, पर शिक्षा जगत में संसाधनों का घोर अकाल पड़ा है। उस स्थिति में 'ऑनलाइन' एक बड़ा सहारा बन कर अवतरित हुआ है।

आज भारत में शिक्षा की दयनीय दशा पर विचार कर ठोस कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया है। आज एक ओर यदि महत्वाकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं दिख रही है, तो दूसरी ओर शैक्षिक तैयारी में लगातार गिरावट हो रही है। अध्यापकों का अकाल और उनके चयन में धांधली की घटनाएं कई प्रदेशों में हुई हैं। इसे देखते हुए मौकापरस्त शार्ट कट और आपराधिक उपाय अपनाते हुए सक्रिय हैं। आज भी शिक्षा के लिए जीडीपी का तीन प्रतिशत के करीब खर्च होता है और छह प्रतिशत का वादा झूठा ही रह रहा है। पेपर लीक होना और ग्रेस मार्क देना आज तो रोग का लक्षण भर है। उससे जुड़े लोगों पर कड़ी कारवाई तो होनी ही चाहिए, पर इस चेतावनी को सुनने की और उस पर गौर कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार अनिवार्य हो गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

# आपातकालीन एक घटना नहीं दुर्घटना थी

तारीख 10 मार्च 1971, स्थान रायबरेली का लोकसभा चुनाव, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार राज नारायण 1,10,000 मतों से इंदिरा गांधी से हारे। अपितु आज के प्रयागराज तत्कालीन इलाहाबाद उच्चतम न्यायालय में सत्ता के दुरुपयोग पर याचिका दायर की व इंदिरा जी द्वारा सरकारी कर्मचारी यशपाल कपूर को अपना चुनावी एजेंट बनाने व रायबरेली के जिलाधीश, पुलिस कप्तान व प्रदेश गृह सचिव के सहयोग से चुनाव जीता। यह न्यायालय में राज नारायण जी व अधिवक्ताओं ने साबित किया।



लेखक : विवेक शर्मा
स्वतंत्र लेखक

12 जून, 1975 को इंदिरा जी के चुनाव को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अमाननीय घोषित कर दिया गया व 6 साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी। इसके फलस्वरूप पूरे देश में राजनीतिक बुद्धिजीवियों व लोकतंत्र प्रहरियों में तत्कालीन व्यवस्था के दुरुपयोग के विरोध में ज्योति प्रज्वलित हुई। इंदिरा जी सर्वोत्तम न्यायालय पहुंची। 24 जून, 1975 को सर्वोत्तम न्यायालय का फैसला इंदिरा जी की उम्मीद के अनुरूप नहीं था। उधर, देश में सत्ता के दुरुपयोग को लेकर विरोध की ध्वनि तीव्रता से बढ़ रही थी। 25 जून, 1975 को इंदिरा सरकार द्वारा प्रस्तावित देश के राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की घोषणा कर दी।

सत्ता ने सभी प्रतिनिधियों, नेताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवकों आरएसएस सहित सबको जेल में डाल दिया गया। यह भारत के इतिहास का एक नया अध्याय प्रारंभ होता है। आज उन्हीं इंदिरा गांधी जी के पौत्र राहुल गांधी संविधान को खतरा बताते हैं। हम आज की युवा पीढ़ी को बताना चाहते हैं कि देश के लिए कुर्बान होने वालों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाती और क्रांति के लिए जेल जाने वालों की जवानी व्यर्थ नहीं जाती और इसी का परिणाम था मोरारजी देसाई, एचडी देवगौड़ा, चंद्रशेखर, एके गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडीस व इस क्रांति संघर्ष के पुरोहित जय प्रकाश नारायण, जो सब तत्कालीन अहंकार के विकल्प बने। 49 वर्षों में 25 जून को हम काला दिवस किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, एक विचार, हठ व अहंकार के विरोध में मनाते हैं। आगामी पीढ़ियों को समझना होगा कि लोकतंत्र में जब भी आवाज को दबाओगे, क्रांति पाओगे। आपातकाल की क्रांति में बहुत से नेता गुमनाम हो गए, कुछ पंचतत्व विलीन हो गए, कुछ के अंश किस्सों में तब्दील हो गए। प्रथम पंक्ति में खड़े नेताओं के पीछे जो भीड़ खड़ी थी, वही मूल विचार था, जो आज फिर लुप्त हो रहा है। इसे बचाना नई पीढ़ी की जिम्मेवारी है व यही राष्ट्रभक्ति है। आपातकाल एक दास्तान नहीं दुर्घटना थी।

तत्कालीन युवा शक्ति ने आपातकाल को चुनौती दी थी। उन्होंने राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार होते हुए आवाज उठाई थी, जिसके नायक जयप्रकाश नारायण श्रीवास्तव ने कहा था क्रांति सात प्रकार की होती है: राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक। आज की आवश्यकता युवा पीढ़ी को सुनिश्चित करनी है, जो गुजरे इस तूफान से उनकी राष्ट्र में आस्था है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता



## नजर लगी है गांव को

शिव सन्याल
ज्वाली, कांगड़ा

नजर लगी है गांव को, बदल गई हर चाल।
गई ठिठोली प्यार की, सजे नहीं चौपाल।।
पनिहारिन सिर ले घड़ा, पायल की झनकार।
मरघट से पनघट हुए, दिखे नहीं पनिहार।।
बच्चों की वो टोलियां, नहीं गांव के बीच।
हवा शहर की है चली, गांव ले गई खींच।।
चली कुल्हाड़ी पेड़ पर, नहीं रही अब छांव।
कंक्रीट सा हो गया, कोमल मेरा गांव।।
राम जैसा पुरुष दिखता नहीं, सीता जैसी नार।
कहने को अब गांव है, रहा नहीं वो प्यार।।
नहीं खुले आंगन रहे, घर-घर में दीवार।
अपनापन अब है नहीं, भूल गए सत्कार।।

# पिकनिक के साथ पर्यावरणीय विमर्श आधुनिकवाद में जरूरी

आजकल समर वेकेशन के शुरू होने के साथ ही कई स्थानों पर हिमाचल प्रदेश के शिक्षण संस्थानों के छात्रों की एकदिवसीय पिकनिक भी शुरू होती है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं जो पूरे वर्ष घर के कामकाज में व्यस्त रहती हैं। ये महिलाएं भी एकदिवसीय किसी आध्यात्मिक स्थान के साथ-साथ प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने के लिए इन स्थानों में जाती हैं। पिकनिक एक ऐसा पर्यटन स्थल है, जिसे भारत के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले पर्यटन स्थलों मे से एक माना जाता है। हिमाचल ऊंचे-ऊंचे बर्फ के पहाड़ों से ढका हुआ है। यहां की वादियां बहुत ही खूबसूरत हैं और यहां ज्यादातर एडवेंचर करने को मिल ही जाते हैं।

पर्यटकों के लिए हिमाचल किसी स्वर्ग से कम नहीं है। हिमाचल प्रदेश एक उत्तरी भारतीय राज्य है, जो अपने लुभावने दृश्यों, जीवंत संस्कृति और साहसिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। यह अपने खूबसूरत हिल स्टेशनों और ट्रैकिंग और स्कीइंग जैसी साहसिक गतिविधियों के लिए पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय गंतव्य है। अप्रैल से जून तक की गर्मियों के महीने हिमाचल प्रदेश में घूमने के लिए आदर्श माह हैं क्योंकि यहां का मौसम सुहाना और चमकीला होता है। सबसे पहले बात होती है इस छोटी-छोटी एक दिवसीय पिकनिक की। इसमें खासकर हमारे हिमाचल प्रदेश के स्कूली छात्र, शिक्षक, युवक मंडल तथा महिला मंडल आदि आते हैं, जो बहुत ही इस तरह के भ्रमण में दिलचस्पी दिखाते हैं। छोटे-छोटे पिकनिक के ये स्थान या तो आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं या प्राकृतिक खूबसूरती के लिए लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

एक गाइडलाइन के तहत पहले ही यह निश्चित किया जाता है कि कहां जाना है और पहले से ही खाने-पीने की व्यवस्था तथा परिवहन आदि सुविधा पर भी विचार-विमर्श किया जाता है। खासकर ग्रामीण प्रवेश की ये महिलाएं अपने एक अनुशासित पद्धति को अपनाकर इस एकदिवसीय पिकनिक को पर्यावरणीय विमर्श के साथ बहुत ही सुंदर बना देती हैं। टिफिन में लंच पैक कर के न किसी तरह के चिप्स, कुरकुरे और प्लास्टिक की बोतल को इधर उधर न फेंक कर एक शुभ संदेश लोगों तक भी पहुंचाती हैं।



लेखक : सिकंदर बंसल
रामपुर बुशहर

दूसरा एकदिवसीय पिकनिक मनाने वालों में मनमौजी छात्र और युवा होते हैं। जिसके पीछे शिक्षक बार-बार पर्यावरण संरक्षण की बात 5 जून से अपने विद्यालय में कहना शुरू कर देता है। 'पर्यावरण बचाओ, देश बचाओ' इत्यादि अभियान से सभी को रू-ब-रू करवाता रहता है, बावजूद इसके भी पर्यावरण संरक्षण में कमी रह जाती है। आज आवश्यकता है कि 'मेरा कूड़ा मेरा है', इसको जलाने और खत्म करने की जिम्मेदारी भी मेरी ही होगी। कई बार ऐसे हिल स्टेशन में कूड़ा -कर्कट बिखरा हुआ पड़ा मिलता है, जिससे उस स्थान की खूबसूरती पर एक दाग लग जाता है।

अगर ये प्रकृति आपकी पिकनिक को एक्सकर्शन ट्रिप बना रहा है तो आपका भी यह दायित्व बनता है आप इसे सुंदर बना कर रखें। प्रख्यात अंग्रेजी कवि जॉन कीट्स कहते हैं कि 'सुंदरता की चीज हमेशा के लिए आनंद देती है', अगर इस सुंदरता को प्रदूषित करके खराब किया जाए तो यह कभी भी चिरस्थायी नहीं रह पाएगी। हिमाचल प्रदेश के हरे भरे घने जंगल, ऊंची पर्वतमालाएं तथा सांस्कृतिक विरासत को संभाले हुए यह प्रदेश बहुत ही सुंदर है। इसकी सुंदरता के बारे में कई विद्वान लेखकों ने बहुत ही सुंदर वर्णन अपनी किताबों और लेखों में किया है। बहुत से महान लेखक हुए, जिनमें वर्तमान में प्रसिद्ध लेखक और कथाकार एसआर हरनोट की प्रसिद्ध पुस्तक 'आभी' हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के दुर्गम आनी क्षेत्र स्थित जलोरी पास से लगभग 5 किलोमीटर दूर सरेऊलसर झील के निर्मल जल को सदियों से 'आभी' नामक एक चिड़िया निर्मल रखे हुए है, जो झील में किसी भी तरह का तिनका पड़ने पर उसे अपनी चोंच से उठा कर दूर फेंक देती है। इस चिड़िया के इस कारनामे को यहां आने वाले विदेशी तथा अन्य पर्यटक देखकर आश्चर्यचकित रह जाते हैं। पर्यावरण को बचाने का संदेश एक छोटी सी चिड़िया 'आभी' द्वारा मनुष्यों को भी दिया जाता है, क्यों न पर्यटक भी उस नन्हीं सी चिड़िया से सीखें। अध्यापकों को भी चाहिए कि अवश्य किसी पर्यटक स्थल के जाने से पहले अवश्य बच्चों को पर्यावरण विमर्श के बारे में अवश्य सिखाएं।

प्रकृति से छेड़छाड़ और उसे प्रदूषित करना, यही असमय मौसमी बदलाव का मुख्य कारण है। हमारे बुजुर्ग अभी भी प्रकृति प्रेम को अपने में समेटे हुए हैं। हमारे धर्म, शास्त्र और संविधान भी हमें प्राकृतिक प्रेम और संरक्षण करना सिखाते हैं। जिस आदर्श समाज और देश की कल्पना हम करते हैं, उस समाज में प्राकृतिक प्रेम होना बहुत आवश्यक है। समाज का एक वर्ग जिसे आप पढ़ा लिखा इंसान जिसमें अधिकतर युवा पीढ़ी होती है, जो मौज-मस्ती के उद्देश्य से पहाड़ों, पर्वतों, झरनों तथा नदी-नालों की तरफ जाते हैं। बदले में बहुत से कूड़े के अवशेष जैसे कि प्लास्टिक और बीयर, शराब की बोतल, प्लास्टिक उस प्रकृति की गोद में थमा बैठते हैं। यह उनके किताबी ज्ञान पर भी प्रश्न चिन्ह अवश्य पैदा करता है। प्रकृति द्वारा रचित सुंदर रचना में अगर इंसानी आभासी दिमाग अपने इन छोड़े गए अवशेषों से यूं ही पर्यावरण को प्रदूषित करता रहेगा तो एक दिन जरूर आएगा, हम सभी अपनी आंखों से विध्वंस और विनाश के गवाह भी बनेंगे।

अंत में अपनी इन पंक्तियो के साथ इस अवशेषों का उल्लेख करना चाहूंगा 'किसी दुकान की शान, पर लायलित इंसानियत जिजीविषा, वो सफर मोटर गाड़ी का स्टीकर, कंपनी मार्का से सुसज्जित, जैसे नवेली दुल्हन ससुराल जाती, सपने संजोए भक्त बेवड़े भीड़ बनते नगर गली की, एक घूंट बार-बार घूंट, जैसे चिल्लाए मरुस्थली ऊंट, किसी सड़क पर नृत्य जरूर, जैसे अंग-अंग थिरके सब शम्मी कपूर, वह गली रास्ता, हम पर गुस्सा होते, क्यों गिरते फिर ये अवशेष भरपूर, ये खाली दिव्यांग बोतले हैं, जैसे असहाय मजबूर, अरे बाबू! चमक नहीं स्वच्छ भारत की हमसे, कहीं शमशान में हमें जलाओ, वो वक्त भी जरूर आएगा, इंसान तू पीने से पहले अवश्य सोच, फिर मुझे कंधा देकर श्मशान में जलाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ

**सुचेता कृपलानी** प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ थीं। उन्हें लोग सुचेता मजूमदार के नाम से भी जानते हैं। सुचेता कृपलानी का जन्म हरियाणा के अंबाला शहर में हुआ। उनकी शिक्षा लाहौर और दिल्ली में हुई थी। वह उत्तर प्रदेश की चौथी और भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री थीं। भारत के संविधान को मूल रूप देने वाली समिति में 15 महिलाएं शामिल थीं, जिन्होंने संविधान के साथ भारतीय समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुचेता कृपलानी इन्हीं में से एक थीं। वह उन चंद महिलाओं में शामिल थीं, जिन्होंने बापू के करीब रहकर देश की आजादी की नींव रखी। वह नोवाखली यात्रा में बापू के साथ थीं। भारत छोड़ो आंदोलन में सुचेता कृपलानी ने लड़कियों को ड्रिल और लाठी चलाना सिखाया। नोआखली के दंगा पीड़ित इलाकों में गांधी जी के साथ चलते हुए पीड़ित महिलाओं की मदद की। वर्ष 1963 में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने से पहले वह लगातार दो बार लोकसभा के लिए चुनी गईं। सुचेता दिल की कोमल तो थीं, लेकिन प्रशासनिक फैसले लेते समय वह दिल की नहीं, दिमाग की सुनती थीं। उनके मुख्यमंत्री काल के दौरान राज्य के कर्मचारियों ने लगातार 62 दिनों तक हड़ताल जारी रखी, लेकिन वह कर्मचारी नेताओं से सुलह को तभी तैयार हुईं, जब उनके रुख में नरमी आई। 1946 में वह संविधान सभा की सदस्य चुनी गईं। 1948 से 1960 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव थीं। दंगों के समय महिलाओं को राहत पहुंचाने, चीन हमले के बाद भारत आए तिब्बती शरणार्थियों के पुनर्वास या फिर किसी से भी मिलने पर उसका दुख-दर्द पूछकर उसका हल तलाशने की कोशिश में वह हमेशा रहतीं। ■



सुचेता कृपलानी
जन्म : 25 जून, 1908
मृत्यु : 1 दिसंबर, 1974

## अपनी बात

**आजकल** लोगों से ठगी के नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। साइबर फ्रॉड में हर रोज इजाफा हो रहा है। आए दिन लोगों के बैंक अकाउंट से पैसे उड़ाए जा रहे हैं। भारत में जितनी तेजी से बैंकिंग सेवाएं ऑनलाइन हो रही हैं, उससे अधिक तेजी से बैंकिंग फ्रॉड भी हो रहे हैं। किसी भी तरह की धोखाधड़ी या फ्रॉड होने पर जानकारी के अभाव में लोग समय पर और सही जगह पर शिकायत नहीं कर पाते हैं। ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने और लोगों की मेहनत की कमाई बचाने के लिए होम मिनिस्ट्री और दिल्ली पुलिस की साइबर सैल ने हाथ मिलाया है। होम मिनिस्ट्री और दिल्ली पुलिस की साइबर सैल ने एक हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया है, जिस पर आप तुरंत शिकायत कर सकते हैं। इसके बारे में बहुत ही कम लोगों को जानकारी है। होम मिनिस्ट्री और दिल्ली पुलिस की साइबर सैल ने 155260 हेल्पलाइन पर शुरू किया है। यदि आप किसी भी तरह के ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार होते हैं, तो तुरंत इस नंबर पर कॉल करें। 7 से 8 मिनट में आपके खाते से उड़ाए गए पैसे जिस आईडी से दूसरे खाते में ट्रांसफर हुई होगी। हेल्पलाइन, उस बैंक या ई-साइट्स को अलर्ट मैसेज पहुंचेगा, फिर रकम होल्ड पर चली जाएगी।

–सुदर्शन सिंह, समलोटी

पाठकों से अनुरोध है कि वे आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।
*editoranantgyaan@gmail.com*

## पाठकों के पत्र...

अनंत ज्ञान समाचार पत्र लगातार पाठकों की रुचि के मुताबिक आमूलचूल सुधार कर रहा है। इसके लिए संपादकीय टीम को साधुवाद। उम्मीद है कि भविष्य में यह अखबार प्रदेश की दशा और दिशा तय करने में कारगर साबित होगा। पाठकों की रुचि बनी रहे, इसके लिए सभी वर्ग की जरूरत के मुताबिक खबरों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खबरों का कंटेंट और बेहतर किया जा सकता है। अखबार का लेआउट और प्रिंट काफी अच्छा है। इसके लिए सभी अनंत ज्ञान परिवार को शुभकामनाएं।

**महेंद्र पाल गुप्ता, सोलन**

मैं जिला ऊना के बंगाणा उपमंडल में मड़ूह के तहत ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। मेरा क्षेत्र पहाड़ी है और नालों के साथ सटा हुआ है। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों और किसानों की समस्याएं बहुत हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो डोहगी, सराय और धुंदला आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचारों की और जानकारी होनी चाहिए। युवाओं के रोजगार संबंधी सूचनाएं और शिमला में सरकारी और विभागीय समाचार बढ़ाने चाहिएं। इसके अलावा कृषि विज्ञान और तकनीक से संबंधित समाचार भी शामिल हों।

**जोगिंद्र सिंह (मड़ूह)**

अनंत ज्ञान समाचार पत्र की यह बड़ी खासियत यह है कि एक ही अखबार में पूरे हिमाचल की खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं। आपके धार्मिक पेज में भी ज्ञानबर्द्धक जानकारी होती है। मुझे आपका ओपिनियन पेज भी बहुत अच्छा लगता है। इसमें आपने देश की समस्याओं से लेकर राजनीति पर अच्छा विश्लेषण किया होता है। आपका यह नया अखबार है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि यह अखबार जल्द की हिमाचल का एक प्रतिष्ठित अखबार उभर कर सामने आए, यही मेरी शुभकामनाएं हैं।

**अश्वनी शर्मा, मारंडा, हिप्र**

महोदय जी मैं सतीश धीमान बंगाणा के भलेती गांव का निवासी हूं। मेरी ग्राम पंचायत भी मुछाली है, जो उपमंडल मुख्यालय से सटी हुई है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र के डिजिटल संस्करण का नियमित पाठक हूं। इसमें खबरें और डिस्प्ले अच्छा है। तीन विधानसभा क्षेत्रों के चुनावों को लेकर रोचक खबरें दी जा रही हैं। व्यापारी वर्ग भी अखबार से जुड़े, इसके लिए कुछ अर्थ व्यवस्था को लेकर तथा शेयर मार्केट तथा आम लोगों के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुओं लोहा और अन्य धातुओं के दाम की खबरों के अलावा एक्सपर्ट लोगों की राय भी रखनी चाहिए। समस्या मूलक के अलावा रोजगारोन्मुखी समाचार और सूचनाएं अधिक होनी चाहिएं। राज्य की राजधानी में विभिन्न विभागों की जानकारी कम है। राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी वाली विशेष खबरें दी जानी चाहिएं। अपराध से जुड़े चर्चित समाचार भी कम हैं। अखबार में स्वास्थ्य सुविधाओं और मौसम को लेकर समाचार भी शामिल हों।

**सतीश धीमान (व्यवसाई)**

प्रदेश में शुरू हुए अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने शुरुआत में ही अपने समाचारों तथा क्लेवर से काफी प्रभावित किया है तथा पूरे प्रदेश के समाचार एक ही समाचार पत्र में मिल जाते हैं। समाचारों तथा संपादन के बेहतर प्रस्तुतिकरण के कारण अपनी शुरुआत से ही अनंत ज्ञान लोगों को पसंद आने लगा है तथा इस पसंद को बनाए रखने में अनंत ज्ञान सफल नजर आता ह और जल्द ही यह एक बड़ा अखबार बनकर उभरेगा।

**संजय पराशर, मंडी**

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
*Email : editoranantgyaan@gmail.com*
*Whatsapp no. :* 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### डोज बोल प्रतियोगिता में मंडी की टीम बनी विजेता




**विनोद जसवाल, नेरचौक।** भारतीय पब्लिक स्कूल नलसर में तीसरी राज्य स्तरीय डोजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश डोजबॉल संघ द्वारा किया गया, जिसका शुभारंभ सीनियर एक्शन बीबीएमबी टाउनशिप सनी भारती ने किया। संघ के अध्यक्ष बृजलाल महासचिव आरएस चौहान कोसा अध्यक्ष अमित चंद और स्कूल के प्रधानाचार्य डीआर रावत मौजूद रहे। प्रतिस्पर्धा में प्रदेश की 8 टीमों ने भाग लिया जिसमें 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें की जूनियर गर्ल्स टीम की विजेता जिला मंडी के बगला टीम और जूनियर बॉयज में विजेता जिला मंडी की नलसर रही। जिला मंडी डोजबॉल संघ के संयुक्त सचिव नरेंद्र वालिया स्कूल प्रधानाचार्य और सभी स्टाफ मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### चलाहरग पंचायत में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** चलाहरग पंचायत में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर चलाहरग पंचायत प्रधान सविता देवी ने बताया कि डॉक्टर शगुन द्वारा 50 लोगों की ओपीडी व 20 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। लोगों का कहा सांसद अनुराग ठाकुर के द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है। ऐसे यही टेस्ट कहीं और जगह करवाने हो तो की पैसे देने पड़ते हैं।और लम्बी कतारों का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### सरौर से चुराग उठाऊ पेयजल योजना प्रभावित

**पीयूष, करसोग।** सरोर खड्ड में बारिश के कारण अत्यधिक गाद भर जाने से सरौर से चुराग उठाऊ पेयजल योजना प्रभावित हुई है जिस कारण योजना को बंद रखा गया है। वहीं जल शक्ति विभाग के एक्शन केके शर्मा ने बताया कि जैसे ही गाद हटना शुरू होगी उसके बाद पेयजल योजना को चालू कर दी जाएगी। वहीं जलशक्ति मंडल करसोग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।(अनंत ज्ञान)

### बारिश ने खोली चुराग बाजार की व्यवस्था की पोल



**पीयूष, करसोग।** बारिश ने एक बार फिर से चुराग बाजार की जल निकासी की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। यहां पहली बारिश के कारण चुराग बाजार जलमग्न हो गया। सड़कों पर चारों ओर पानी रहा, जिसकी वजह से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं चुराग के स्थानीय ग्रामीणों ने अपने क्षेत्रों की जलभराव की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल की और प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलने का काम किया।(अनंत ज्ञान)

### डॉ. रामचंद्र ने संभाला कृषि उपनिदेशक का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** डॉक्टर रामचन्द्र चौधरी ने कृषि उप-निदेशक का कार्यभार संभाला। इससे पूर्व रामचंद्र चौधरी जिला सोलन में कृषि-उप निदेशक के पद पर कार्यरत थे। डॉ रामचंद्र चौधरी मंडी जिले के बल्ह क्षेत्र से सम्बन्ध रखते है और जिले के हर ब्लाक के बारे में भली भाति परिचित है। मंडी जिले का किसान समुदाय इनकी कार्य कुशलता व निपुणता से लाभांवित होगा। (अनंत ज्ञान)

### 27 को 11 केवी चोलथरा फीडर में बिजली रहेगी बंद

**रितेश, सरकाघाट।** चोल्थरा सरकाघाट 11 केवी फीडर के अधीन पड़ने वाले सभी क्षेत्रों बासी कोठी हरलोट भलवान टेला लटेडा रसेन गलू मोर गलू और जनदरेडी में पेड़ों की कटाई छटाई और लाइनों के रखरखाव हेतु 27 जून को विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल इंजीनियर राज सिंह ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बाल रंगमंच कार्यशाला का किया आयोजन



**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी/कोटली।** हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान व रंगमंडल के तत्वाधान में भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से सामुदायिक लोक कला संस्कृति द्वारा बाल रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तुंगल क्षेत्र के बाल कलाकार भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के समापन पर लोक कला प्रस्तुति व नाट्य मंचन किया जाएगा जिसका निर्देशन सीमा शर्मा द्वारा किया जा रहा है। इस रंगमंचीय कार्यशाला में सभी बच्चे विशेष रुचि ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर 19 लाख की ठगी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

देश में नीट परीक्षा में धांधली के आरोपों को लेकर मचे बवाल के दौरान मंडी जिला के उपमंडल सुंदरनगर में भी बेटी को एमबीबीएस में दाखिला के दिलाने के नाम एक पिता 19 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया है। मामले में कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस थाना धनोटू ने धोखाधड़ी और अपराधिक षड्यंत्र रचने का एफआईआर दर्ज किया है।

**आरोपी महिला गिरफ्तार 4 दिन के पुलिस रिमांड पर**

पुलिस ने मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को सोमवार को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 सुंदरनगर के समक्ष पेश किया गया। जहां से अदालत द्वारा आरोपी महिला को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस द्वारा अब महिला को 29 जून को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा। आरोपी महिला पारूल शर्मा मैसेर्ज स्टडी सेवन सीज ए-72 चौथी मंजिल एसटी. 4 प्रताप गंज मधु विहार मेन मार्केट दिल्ली से अन्य आरोपियों की संलिप्तता को लेकर भी पुछताछ अमल में लाई जाएगी।




जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय खयाली राम निवासी गांव नौलखा डाकघर कनैड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने 21 अगस्त 2023 को पुलिस थाना धनोटू में एक शिकायत पत्र दिया था। शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी बेटी ने वर्ष 2021 में नीट(एमबीबीएस) की परीक्षा में नंबर कम आए थे। इस पर उसने अपने सुंदरनगर के पुराना बाजार निवासी दोस्त विनोद कुमार से बात की गई। शिकायतकर्ता को विनोद कुमार ने दिल्ली में रहने वाले उसके एक डाक्टर दोस्त के बारे में बताया और उसकी बेटी की एमबीबीएस में किसी अच्छे प्राइवेट कालेज में दाखिला दिलवाने की जानकारी दी। इसके उपरांत शिकायतकर्ता,शोभा राम सिंह गाव पाधरू और उसकी बेटी असली दस्तावेज लेकर दिल्ली गए।(अनंत ज्ञान)

### ठगी की भनक लगते ही पुलिस में दी शिकायत

**शिकायतकर्ता** ने आरोपी महिला पारुल शर्मा को उसकी बेटी के दाखिले के लिए फोन पर पूछा गया तो वह बहाने बनाने लग गई और दाखिले के लिए और 8.5 लाख रुपए की मांग करने लग गई। इस पर शिकायतकर्ता को आरोपी पर शक हुआ और उसने दिल्ली में रहने वाले अपने दोस्तों से बात कर मामले की पूरी जानकारी प्राप्त की। शिकायतकर्ता ने बेटी के लिए एमबीबीएस की सीट को लेकर विभिन्न तारिखों पर कुल 19 लाख रूपए आरोपी को ट्रांसफर किए हैं। आरोपी महिला का स्थाई पता पारूल शर्मा पत्नी विशाल शर्मा निवासी यू-141 फ्लैट नंबर-6 पहली मंजिल शकरपुर ईस्ट दिल्ली है।

- एमबीबीएस में किसी अच्छे प्राइवेट कालेज में दाखिला दिलवाने का दिया था झांसा

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### पुलिस हर पहलू पर कर रही जांच : डीएसपी

**मामले** पर डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि आरोपी महिला को पुलिस थाना धनोटू की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत ने 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की संलिप्तता को लेकर जांच अमल में लाई जाएगी। भारत भूषण ने कहा कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच अमल में ला रही है।

### आरोपी के खाते में कुल 19 लाख रुपए हुए ट्रांसफर

**शिकायतकर्ता** ने दिल्ली जाने से पूर्व 18-12-2021 को स्टडी सेवन सीज के खाते में विनोद कुमार के खाते से 2 लाख रुपए एडवांस के तौर पर आरोपी पारूल शर्मा के कहे अनुसार विनोद कुमार ने उनकी ओर से भेजे थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि एमबीबीएस सीट को लेकर जब भी कोई बात होती थी तो पारूल शर्मा से विनोद ही बात करते थे। इसके उपरांत पारूल शर्मा के कहने पर शिकायतकर्ता ने अपने खाते से 23 मार्च 2022 को एक लाख, 8 अप्रैल 2022 को 9 लाख और विनोद के खाते से 5 अप्रैल 2022 को 2 लाख,10 अप्रैल 2022 को 5 लाख रुपए ट्रांसफर किए हैं। शिकायतकर्ता अनुसार विनोद के खाते से कुल 9 लाख रुपए उसकी ओर से पारूल शर्मा के कहे अनुसार खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। लेकिन इसके बाद शिकायतकर्ता की बेटी का दाखिला किसी भी कॉलेज में नहीं हुआ है।

# एसपीयू पेपर चेकिंग में परीक्षकों की मनमानी, कोई मूल्यांकन मानदंड नहीं : हर्षित

- सुनवाई नहीं की तो विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय में शुरू करेगी आंदोलन

**पुष्पराज, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा मार्च माह में करवाई गई एंड सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम बीते शुक्रवार 21 जून को उनकी वेबसाइट पर घोषित कर दिए गए। परंतु विश्वविद्यालय के अधिकतर छात्र इन परिणामों से संतुष्ट नहीं हुए। मामला 24 जून का है जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने खराब परीक्षा परिणामों के मुद्दे पर परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। इस दौरान इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने बताया कि हजारों छात्रों की आवाज बनकर परीक्षा नियंत्रक से सवाल पूछे। जिसमें मुख्य तौर पर छात्रों ने परीक्षा चेकिंग में किसी भी मूल्यांकन मानदंड के न होने पर अपना रोष जताया।

बता दें कि बिना किसी मूल्यांकन मानदंड के परीक्षक अपनी मनमर्ज़ी से छात्रों को अंक देते हैं और ऐसे में अगर कोई उत्तर किसी एक परीक्षक को अच्छा लगता है तो वहीं उतर किसी दूसरे परीक्षक के अनुसार सामान्य भी हो सकता है और ऐसे में रिजल्ट में सामान्यत: कम हो जाती है। अधिकतम छात्रों का कहना है कि अक्सर उन्हें उनकी अपेक्षा अनुसार अंक प्राप्त नहीं होते हैं। अधिकतम मास्टर डिग्री प्रोग्राम्स में 20 अंकों के लंबे प्रश्न पूछे जाते हैं और यदि अगर अलग-अलग परीक्षक एक समान उत्तर में 5 अंक भी कम ज्यादा देते हैं तो संभावित है की छात्रों को उनकी अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं मिल सकेगें। हर्षित मिन्हास ने बताया कि बहुत से छात्रों का कहना है कि बीते एक वर्ष से उन्होंने मंडी विश्वविद्यालय के परिणामों में एक अंक से फेल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा देखी है।

विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द हर पेपर के अनुसार मूल्यांकन मानदंड तय कर देने चाहिए ताकि परीक्षक मानदंडों के अनुसार तय अंक ही छात्रों को प्रदान करें। ये चिंता का विषय है कि आज दिन तक उच्च शिक्षा में किसी ने भी इस विषय को नहीं उठाया, परंतु हम विद्यार्थी परिषद के माध्यम से इस विषय को पूरे प्रदेश भर में उठाएंगे और सभी छात्रों को न्याय दिलाने का कार्य करेगें।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस पर प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय में लंबा आंदोलन शुरू करेगी। (अनंत ज्ञान)

## खिलाड़ियों ने पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में जीते 18 स्वर्ण पदक



खिलाड़ी एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में ।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

पेंचक सिलाट एसोसिएशन जिला मंडी द्वारा आयोजित पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता बैडमिंटन हॉल पड्डुल मंडी में रविवार 23 जून को संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में हेमांग मार्शल आर्ट एकेडमी जोगिंद्रनगर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्री टीन, सब जूनियर, जूनियर वर्ग में अपने अपने भार वर्ग में पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेता-इस प्रतियोगिता में स्वास्तिका, अंजली, दिव्यांषी, रिधिमा, ऋशव, आदित्य, अरनव कुमार, दिव्या आदि ने विभिन्न भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किए।

रजत पदक विजेता-आर्यन, सेजल थापा, आरूषी, आदित्य, दिक्षा, अरनव, षायना, अंषुल ने विभिन्न भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किए। (अनंत ज्ञान)

## ग्रामीणों ने की श्री ममलेश्वर महादेव की पूजा

**पीयूष, करसोग।** उपमंडल करसोग के ममेल गांव में अच्छी बारिश व फसल के लिए ग्राम देवता श्री ममलेश्वर महादेव की पूजा पूरे विधि-विधान से की गई। कांडी-चलौणी के श्रद्धालु सुबह में पूजा की थाली सजाकर लाया (पुरोहित) के मंदिर पहुंचे और पूजन-अनुष्ठान के लिए उन्हें सौंप दिया। वहीं प्रधान हंसराज शर्मा ने बताया कि ग्राम देवता श्री ममलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सुख-शांति और समृद्धि के लिए श्री ममलेश्वर महादेव की पूजा की जाती है।

## पेयजल को तरसी फतेहपुर की जनता ने सीएम से लगाई गुहार

**रितेश, सरकाघाट**

जिला मंडी के उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत फतेहपुर की सातों वार्डो में आ रही पानी की विकट समस्या के समाधान को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम पंचायत नरेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला और उनके माध्यम से उपायुक्त मंडी को ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने कहा है कि फतेहपुर पंचायत के सातों वार्डो के हजारों लोग पानी की समस्या से कई सालों से जूझ रहे है जिसके लिए वर्ष जून 2023 में भी ग्रामीण जल शक्ति विभाग को अवगत करवा चूके है लेकिन न उस समय समस्या का समाधान हुआ और अब उन्होंने कहा की फतेहपुर पंचायत में पहले से ज्यादा समस्या उत्पन्न हो गई, और पानी के लिए हजारों ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई है।

उन्होंने बताया कि फतेहपुर पंचायत को सीधा मुख्य पानी की स्कीम से जोड़ा जाए और पानी के संकट से उभारने के लिए तालाब पम्प हाउस में 40 पीएच की नई मोटर्स लगाई जाए। एसडीएम स्वाति डोगरा ने कहा जनता की पेयजल की समस्या को जल्द दूर किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## श्री चंपलांदू नाग निकले शिकारी देवी यात्रा पर



**पीयूष, करसोग।** श्री नाग चंपलांदू पनाहर धार के कारदार तनुज शर्मा ने बताया कि लगभग 25 वर्ष बाद मंडी जिले के सराज क्षेत्र के छतरी में विराजमान श्री नाग चंपलांदू नाग पनाहरधार अपने देवलुओं और कारकूनों के साथ सोमवार को शिकारी देवी यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के माइंड ऑपरेशन एकेडमी में नशा मुक्त भारत पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स कुल्लू टीम के माध्यम से 12 जून से 26 जून तक चल रहे नशा मुक्त भारत फगवाड़ा कार्यक्रम के दौरान माइंड ऑपरेशन अकादमी के सभी छात्रों को नशे से दूर रहने के बारे में जागरूक किया।

इस एएनटीएफ टीम कुल्लू ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे में डूबती जा रही है और उनको इससे बचने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा अगर कोई व्यक्ति आपके आस पास नशा कर रहा है तो आप उसकी शिकायत ऑनलाइन एप्प ड्रग फ्री हिमाचल के माध्यम से शिकायत कर सकते है जिसमें शिकायत करने वाले का नाम नही आता है और सीआईडी टीम शिमला के पास वह शिकायत पहुंच जाती है फिर सीआईडी टीम आगे विभाग को आगे कार्रवाई के लिए भेजती है। अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर न बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। निदेशक ने कहा नशा हमारे समाज के लिए दिन व दिन अभिशाप बनता जा रहा है। निदेशक ने कहा कि नशे के बजाय छात्र छात्राओं को अपना सारा ध्यान अपनी पढ़ाई पर व करियर पर लगाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी छात्र छात्राएं अपने माता-पिता या समाज पर बोझ न बन सके। (अनंत ज्ञान)



माइंड ऑपरेशन एकेडमी के बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए।

## आरोपी शिक्षक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** दो नाबालिग सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ मामले में आरोपी शिक्षक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आरोपी शिक्षक के ऊपर दो नाबालिग सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ का मामला पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में दर्ज था।

थाना प्रभारी अश्विनी ने बताया कि आरोपी शिक्षक को कोर्ट में पेश किया गया था और तीन दिन पुलिस रिमांड में मिला था तो तीन दिन पूरे होने के बाद आज भी कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।(अनंत ज्ञान)

## नेता व शिक्षा विभाग भाटकीधार स्कूल में भरें टीचिंग स्टाफ : तुलेश

**सुनील शर्मा, गोहर**

वार्षिक परिणाम व नकल रोको अभियान के लिए चर्चा का विषय रहे भाटकीधार स्कूल में टीचिंग स्टाफ के सभी पदों को भरने को लेकर समाजसेवी व नकल रोको अभियान के संचालक तुलेश कुमार द्वारा विभाग एवं स्थानीय नेताओं का ध्यान आकर्षित किया गया है।

इस समय स्कूल में टीजीटी आर्ट्स- 1 पद, टीजीटी मेडिकल मेडिकल- 1 पद, टीजीटी नॉन मेडिकल- 1 पद,शास्त्री- 1 पद, पीईटी - 1 पद, लेक्चरर इंग्लिश - 1 पद, लेक्चरर हिंदी- 1 पद, लेक्चरर कंप्यूटर साइंस- 1पद रिक्त चल रहे हैं। कुल 8 पद अध्यापकों के रिक्त चल रहे हैं। तुलेश कुमार ठाकुर का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा 25त्नसे कम रहे वार्षिक परिणाम वाले स्कूलों में अध्यापकों को जवाबदेही सुनिश्चित करना एक अच्छी पहल है लेकिन उसी के साथ साथ विभाग को प्रदेश भर में रिक्त चल रहे पदों को भी समय रहते सत्र के आरंभ से ही भरना होगा ताकि विद्यार्थियों को दिशा मिल सके और वे शिक्षा के नाम पर हो रहे खिलवाड़ से बच सके।

उन्होंने एसएमसी कमेटी व अभिभावकों को भी आगे आने को कहा है। (अनंत ज्ञान)

# बच्चों ने मनरेगा पार्क में प्रकृति का उठाया लुत्फ

**रितेश, सरकाघाट**

सरकाघाट स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के तीसरी से छठी कक्षा के 50 छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने ग्रीष्मकालीन छुट्टियों से पहले अपनी कक्षा अध्यापक-अध्यापिकाओं गगनदीप, मीना कुमारी, पूनम ठाकुर तथा अंजुला शर्मा के साथ भ्रमण पर जाने का निर्णय लिया और बच्चों ने मनरेगा पार्क में विभिन्न प्रकार के खेलों और प्रकृति के सौंदर्य का लुत्फ उठाया तथा वहां के प्राचीन मंदिर बगलामुखी माता के दरबार में भी शीश नवाज।



मनरेगा पार्क में सेल्फी प्वाइंट के साथ फोटो खिंचवाते बच्चे और शिक्षक।

स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार राणा के नेतृत्व में बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वहां के इतिहास को जाना।

शिक्षा और शैक्षणिक भ्रमण का आपस में गहरा संबंध है। शैक्षणिक भ्रमण में यात्राएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्कूल प्रबंधक ने कहा शैक्षणिक यात्रा के पश्चात बच्चे अपने घर पहुंच चुके है। उन्होंने आश्वासन दिलाया कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## मरम्मत के लिए कल बिजली रहेगी बंद

**पुष्पराज, मंडी**

सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-3 मंडी होशियार सिंह ने सूचित किया है कि 26 जून को 11 केवी खलियार-पुरानी मंडी उच्च ताप विद्युत लाइन की आवश्यक मरम्मत की जाएगी। मरम्मत के कारण 26 जून को सुबह 10 से सायं 6 बजे तक जवाहर नगर, खलियार, छिपनु, उपायुक्त आवास, पुरानी मंडी, ढंगासीधार, पुलिस कॉलोनी, डीएवी स्कूल और साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

**बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल के अनुभाग बालीचौकी के अंतर्गत शलाणू, नलोण, दाड़ी, रतवाह, सीहडा, थाटीबीड, नौणा, धबेहड, खणी, नारायणबान, सुधराणी व इसके साथ लगते क्षेत्रों मे बिजली बंद रहेगी।

कनिष्ठ अभियंता विद्युत अनिल कुमार ने बताया कि 11 केवी लाइन की आवश्यक देखरेख एवं रखरखाव के लिए बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है। विद्युत विभाग ने किसी भी तरह की असुविधा के लिए जहां उपभोक्ताओं से खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

# परिवहन कर्मचारी मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

**पुष्पराज, मंडी**

प्रदेश में सरकार के खिलाफ बहुत से कर्मचारी आंदोलन को गति दे रहे हैं। जहां सरकार आर्थिक रोना रो रही हैं वहीं कर्मचारी भी अपनी मांगों पर अड़िग हैं। सोमवार को हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक विश्वकर्मा सभागार में हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बलराम पुरी ने की ।उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश पदाधिकारी 12 जिलों के पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष से गुहार लगा रहे हैं परंतु सरकार तथा निगम प्रबंधन ने बहुत ही उदासीन रवैया अपना रखा है।



सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारी बैठक में भाग लेते हुए।

कल्याण मंच के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री परिवहन से ऊना में दो बार मुख्यमंत्री से हमीरपुर, सुंदरनगर और जिला कांगड़ा के फतेहपुर में व्यक्तिगत रूप से मिलकर मांग पत्र सौंपा है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अब सिवाय आंदोलन के निगम पेंशनरों के पास कोई रास्ता नहीं बच गया। (अनंत ज्ञान)

**नाराजगी** नहीं शुरू हुई दो और पंजीकरण काउंटर की सुविधा, नागरिक सभा ने दिए दो कंप्यूटर ऑपरेटर

# आपातकालीन वार्ड में लगने थे दो पंजीकरण काउंटर

**पुष्पराज, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में जहां व्यवस्था को सुधारने के लिए नागरिक सभा ने पहल की तो उसके बाद अस्पताल व्यवस्था में बहुत से बदलाव देखने को मिले। वहीं टोकन व्यवस्था शुरू करने के बाद मरीजों और तीमारदारों को बैठने की उचित व्यवस्था भी की गई और साथ ही पंखों की व्यवस्था भी अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई। जिससे मरीजों को काफी राहत मिली रही है। कुछ लोग टोकन व्यवस्था के पक्ष में हैं, तो कुछ इसके खिलाफ।

वहीं सूत्रों की मानें तो अस्पताल स्टाफ भी इसके खिलाफ है यह सुनने में आ रहा है। वहीं बीते वीरवार को नागरिक सभा की बैठक अस्पताल प्रशासन और स्टाफ के साथ हुई थी जिसके बारे में नागरिक सभा ने अपना ब्यान खुल कर जारी नहीं किया था लेकिन सोमवार को व्यवस्था को देखते हुए नागरिक सभा के प्रवक्ता नीरज हांडा ने जारी बयान में बताया कि बीते वीरवार को बैठक में टोकन सिस्टम और काउंटर प्लानिंग पर चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज ने नागरिक सभा से आग्रह किया कि अस्पताल में दो काउंटर की व्यवस्था और करना चाहते हैं जिसके लिए अस्पताल प्रशासन के पास मैनपावर की कमी हैं जिसके लिए नागरिक सभा का सहयोग चाहिए। जिसमें सीएमओ नरेंद्र भारद्वाज ने दो कंप्यूटर ओपरेटर की मांग रखी थी और उन्होंने सोमवार से दो काउंटर की व्यवस्था शुरू करने का आश्वासन भी दिया था।



मंडी जोनल अस्पताल में पंजीकरण काउंटर के बाहर लगी भीड़।

नीरज हांडा ने बताया कि सोमवार को नागरिक सभा द्वारा दो कंप्यूटर ऑपरेटर अस्पताल प्रशासन को मुहैया करवा दिए गए है। नागरिक सभा द्वारा मांग के अनुसार अपना कार्य पूरा कर दिया गया हैं, आगे अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी है कि टोकन सिस्टम शुरू करना हैं या नहीं। (अनंत ज्ञान)

### पंजीकरण काउंटर शुरू होने के दिन सीएमओ और एमएस छुट्टी पर

**दो** काउंटर शुरू होने के दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा अधीक्षक छुट्टी पर चले गए। जिसके दौरान अस्पताल का अतिरिक्त कार्यभार डॉ भूप सिंह को सौंपा गया हैं। डॉ. भूपसिंह ने बताया कि सीएमओ और एमएस किसी जरूरी कार्य से बाहर गए हैं। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ही इस काउंटर लगाने के बारे में पूरी जानकारी दे पाएगे।

# कांगर-बहान सड़क को एंबुलेंस चलाकर किया पास

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग की ग्राम पंचायत मतेहल में नवनिर्मित कांगर से बहान सड़क मार्ग का एसडीएम राज कुमार की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने एंबुलेंस चला कर सफल ट्रायल किया। कांगर से आगे बहान गांव तक क्षेत्र के लोगों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए लगभग 1.5 किमी लंबे सड़क मार्ग का निर्माण किया गया है। जिसे सोमवार को प्रशासनिक टीम द्वारा एंबुलेंस चलाकर ट्रायल कर, पास कर दिया गया।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ब्लॉक के माध्यम से सड़क मार्ग का निर्माण किया गया है। सड़क मार्ग को एंबुलेंस के सफल ट्रायल के बाद, अब हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए पास कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग की कुल लंबाई लगभग 1.5 किमी है। एसडीएम ने कहा कि कांगर-बहान एंबुलेंस सड़क के बनने से मरीजों को अपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचाने में मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें आसानी से हॉस्पिटल पंहुचा कर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवा मरीजों के प्राणों की रक्षा की जा सकेगी। सड़क मार्ग के ट्रायल के दौरान स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस चालक जोगेंद्र पाल ने एंबुलेंस को चलाकर बहान गांव तक पहुंचाया। ट्रायल के दौरान एसडीएम करसोग राज कुमार सहित अन्य अधिकारी एंबुलेंस में गांव पहुंचे। (अनंत ज्ञान)



एंबुलेंस को रवाना करते एसडीएम करसोग राजकुमार।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पौंटा**
**विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट, जिला मंडी हि.प्र.**

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो ग्राम पंचायत पौंटा में निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों में दिया गया था जिसमें निविदा जमा करवाने की दिनांक 25.06.2024 की जगह 27.06.2024 व निविदा खोलने की दिनांक 26.06.2024 की जगह 28.06.2024 पढ़ी जाए।
बाकी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पौंटा**

## न्यूज ब्रीफ

### घनारी पहुंची 'एक गांव, एक पौधा' मुहिम



बाबा मौनी धाम घनारी में पौधारोपण करते स्वयंसेवी।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट क्षेत्र में सात जून से दियोली के एक मंदिर परिसर से आरंभ हुई पर्यावरण सरंक्षण के लक्ष्य के दूरदर्शी विजिन को आगे रखकर 'एक गांव, एक पौधा ' 'एक स्कूल, एक पौधा' के संकल्प के साथ मुहिम निरंतर अपने सफर पर आगे बढ़ रही है । इसको आगे बढ़ाते हुए रविवार को गगरेट क्षेत्र के सिद्ध बाबा मौनी धाम घनारी परिसर में 4 पौधे रोपित करके सभी को पौधरोपण जरूर करने का संदेश दिया गया । इस दौरान नीम, आंवला के पौधे लगाए गए । इस दौरान विशेष रूप से संयुक्त मुहिम में मौनी धाम के सेवक प्रबुद्ध वर्ग राकेश कुमार, अशोक कुमार, निशांत शर्मा, सूर्यांश शर्मा व राजेंद्र पंडित ने इन पौधों के पूर्ण सरंक्षण का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर खेलों का समापन



विजेता टीम के साथ खिलाड़ी और अध्यापक।

**विनोद शर्मा, लठियानी।** डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी में दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर खेलों के समापन समारोह में बंगाणा के तहसीलदार अमित कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कबड्डी अंडर-14 में डीएवी सुरंगानी विजेता रहा व डीएवी अंबोटा उपविजेता रहा। अंडर -17 में डीएवी लठियाणी विजेता रहा व डीएवी चंबा उपविजेता। अंडर-19 में डीएवी चंबा विजेता रहा व डीएवी अंबोटा उपविजेता रहा। मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने शारीरिक शिक्षक विजय कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों को इस सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दीं। इस अवसर पर एलएमसी अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सदस्य सुदेश शर्मा, रेफरी नरेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, अशोक कुमार, अजय कालिया व सुरेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### संत कबीर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



श्री गुरु रविदास चरण छोह गंगा अमृत कुंड खुरालगढ़ में संगत।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास चरण छोह गंगा अमृत कुंड खुरालगढ़ साहिब में शिरोमणि संत सतगुरु कबीर महाराज जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई महापुरुषों ने कबीर जी के जीवन पर अपने अपने विचार रखे । वहीं खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंदर दास ने संगत को गुरु की बाणी से जोड़ा। इस अवसर पर संत कर्म चंद भाटिया, संत गिरदाररी लाल, संत दयाल चंद बंगा, सुखचैन सिंह काला, प्रिंसिपल सरूप चंद, मनीष पिंका हिमाचल, बलवीर महे, रविंद लाडी, जगदीश दिस्सा, मेजर सिंह कटारों सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### छात्रवृत्ति के लिए हारसा के 5 मेधावी चयनित



हारसा स्कूल के चयनित छात्र को सम्मानित करते अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** शिक्षा खंड जोल के तहत पीएम श्री राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला हारसा के 5 छात्रों का चयन स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। स्कूल के केंद्र मुख्य शिक्षक सुभाष चंद ने बताया कि स्कूल के छात्र दिव्यांश मल्होत्रा पुत्र राकेश कुमार, तनिश पुत्र दिनेश कुमार, आदित्य शर्मा पुत्र राजीव कुमार, अनमोल शर्मा पुत्र विजय कुमार और मन्नत शर्मा पुत्री अमित कुमार का चयन स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। इन छात्रों को इस परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल के शिक्षक दिनेश कुमार और रीना देवी का भी आभार जताया। वहीं, अभिभावकों को भी बधाई दी। वहीं, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अक्रमील अख्तर ने भी स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों के चयन पर केंद्र मुख्य शिक्षक व सभी अध्यापकों को बधाई दी।

## जिला स्तरीय बैंक सलाहकार की समीक्षा बैठक में डीसी जतिन लाल ने दी जानकारी

# मार्च, 2024 तक बांटे 2801.12 करोड़ के ऋण

**राजेश शर्मा, ऊना**



पीएनबी की समीक्षा बैठक में उपस्थित उपायुक्त जतिन लाल।

जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चौथी तिमाही में बैंकों द्वारा लक्ष्यों के बदले उपलब्धियों की समीक्षा करते हुये उपायुक्त ने बताया कि जिला के बैंकों ने मार्च 2024 तक 2401.56 करोड़ के ऋणों के वार्षिक लक्ष्य के बदले 2801.12 करोड़ के ऋण वितरित किए। बैंकों की जमा राशि 13874.67 करोड़ हो गई है, इसमें 11.47 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई है, जबकि ऋण 11.59 प्रतिशत की दर से बढ़कर 4236.65 करोड़ हो गया है। जिला का ऋण जमा अनुपात वर्ष में 30.54 प्रतिशत हो गया है। जिला का ऋण जमा अनुपात राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत की अपेक्षा कम है। उन्होंने कहा कि बैंकों का ऋण जमा अनुपात सुधारने हेतु बैंकों और सरकारी विभागों को भरसक प्रयत्न करने चाहिएं।

उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिला में बैंकों ने 31 मार्च, 2024 तक 67407 कृषि कार्ड किसानों को बांटे हैं तथा मार्च तिमाही में यह आंकड़ा 1311 कृषि कार्ड रहा है। बैंकों का कृषि ऋण 811.92 करोड़ है, जोकि कुल ऋणों का 19.16 प्रतिशत है।

उपायुक्त ने वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत बैंकों की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन प्राथमिक क्षेत्र में इन उपलब्धियों को न काफी करार दिया। उन्होंने सभी बैंकों को अपनी स्थिति सुधारने और जमा ऋण अनुपात बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। उन्होंने भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों तथा नीतियों का पालन करने को बैंकों तथा सरकारी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बैंकों को जिला में अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न बैंकों की ऋण योजनायों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने को कहा। इस कदम से जहां आम लोग ओर उद्यमी लाभान्वित होंगे, वहीं जिला की ऋण-जमा अनुपात में भी सुधार होगा, साथ ही सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को समय पर मंजूरी देने के भी निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक लहरी मल ने बैंकों के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु हर तरह की सहायता की जानी चाहिए। किसानों की आय बढ़ाने हेतु आवश्यक ऋण वितरित किए जाने चाहिएं।

इस दौरान मुख्य जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक गुरचरण भट्टी ने बैंकों को वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत निधारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने का अनुरोध किया ताकि लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूरा किया जा सके। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सबरीना राजवंशी ने बैठक में शामिल सदस्यों कों स्वयं सहायता समूह बनाने हेतु, जेएलजी तथा नए किसान क्लब बनाने का अनुरोध किया। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे मौजूद

**बैठक** में पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक पियूष कुमार, जिला अग्रणी अधिकारी भारतीय रिजर्व बैंक आशीष सांगड़ा, जिला विकास प्रबंधक सबरीना राजवंशी, आरसेटी निर्देशक पारुल विरदी, विनय शर्मा उपनिदेशक पशुपालन बिभाग, केके भरद्वाज उपनिदेशक बागवानी, कुलभूषण धीमान उपनिदेशक कृषि विभाग, विवेक शर्मा मतस्य विभाग, ज्योति शर्मा डीपीएम डीआरडीए ऊना विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों तथा सरकारी/गैरसरकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

# सीएनजी न मिलने से ऑटो चालक झेल रहे परेशानी

**अनंत ज्ञान, अंब**

एक तो देश में बढ़ती बेरोजगारी की मार और उस पर व्यवस्था बेहाल। आजकल कुछ ऐसा ही कहना है उपमंडल अंब के ऑटो चालकों का। उनका कहना है कि पढ़ लिखकर सरकारी नौकरी न मिली तो अपना और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के ऑटो लेकर धंधा शुरू किया और पुराने ऑटो लेकर चलाना शुरू कर दिया परंतु कुछ समय के वाद सरकार का फरमान आया कि आप पुराने ऑटो छोड़ कर नए सीएनजी वाले ऑटो लें।

हमने बात मानते हुए अपने ऑटो कवाड़ मे देकर बैक से लोन लेकर सीएनजी वाले नए ऑटो ले लिए, पर समस्या है कि हमें अंब पेट्रोल पंप से सीएनजी नहीं मिल रही है और हमें सीएनजी भरवाने के लिए अंब से होशियारपुर या फिर मैहतपुर की तरफ जाना पड़ रहा है जिस कारण आने-जाने में ही दिहाड़ी भी गुजर जाती है और आधी सीएनजी आने-जाने में खत्म हो जाती है और ऑटो चालकों ने बताया कि ईंधन का उचित व्यवस्था न होने के परिवार का गुजारा करना और साथ में बैंक की किस्त देना भी मुश्किल हो गया है। ऑटो चालकों शिंदा, संजीव, विजय लखा, चमन, दिनेश, सुरेश, संजू, दिलवाग, अश्वनी, नवीन और मनोहर ने कहा कि सरकार से हमारी गुहार है कि जल्द से जल्द सीएनजी की समस्या का हल किया जाये।

भारतीय पेट्रोल कंपनी के सेल मैनेजर हरनूर सिंह ने बताया कि पंजाब में बिजली के कट लग रहे हैं जिसके कारण समस्या आ रही है, दो सप्ताह के अंदर सीएनजी की सप्लाई रेगुलर हो जाएगी।



सीएनजी ऑटो रिक्शा के साथ चालक।

# पुलिस ने नौ के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर तेज की मामले की जांच

**अभिषेक कुमार, ऊना**

हरोली क्षेत्र के मल्लूवाल में दो गुटों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान ईंट और लोहे के डंडे से भी एक-दूसरे पर हमला किया गया।

पुलिस थाना हरोली में पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर नौ के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अमनदीप निवासी वार्ड नंबर छह मल्लूवाल ने बताया कि शनिवार शाम चचेरे भाई निखिल के साथ गोंदपुर बैली में भजन के साथ शादी समारोह में टैंट लगाने गए हुए थे। काम खत्म करने के बाद भजन हमें स्कूटर पर छोड़ने के लिए घर आ रहे थे।

रात्रि के समय लालूवाल-पोलियां सड़क पर पोल्ट्री फार्म के समीप उतर गए, जहां पर पहले से मौजूद कुशल, बलजीत, जतिन, छमू और बहादुर सहित एक अन्य लड़के ने हमारा रास्ता रोक कर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं थप्पड़ भी मारे। जब पूरी बात घर पर बताई, तो परिजन बात करने के लिए युवकों के पास जाने लगे। रास्ते में बलजीत व उसके साथी मिल गए, जिन्होंने ईंट से हमला कर दिया। इस दौरान सभी ने पारिवारिक सदस्यों से भी मारपीट की।

वहीं, बलजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर छह मल्लूवाल ने बताया कि शनिवार रात्रि को अपने काम के बाद बाइक पर घर आ रहा था। लालूवाल से पोलियांबीत मार्ग पर गांव के दो लड़के अमनदीप व निखिल एक अन्य व्यक्ति के साथ खड़े थे।

दोनों के साथ खड़े तीसरे आदमी भजन सिंह निवासी भडियारा ने मुझे गाली निकाली, जब गाली निकालने का कारण पूछा, तो भजन सिंह, अमनदीप और निखिल ने मारपीट की। इतना ही नहीं अमनदीप ने रास्ता रोक थप्पड़ भी मारा। इसके बाद घर आ रहा था, तो अमनदीप, अपने दोनों भाइयों रमनदीप व गगनदीप और अपने पिता के साथ आया और लोहे के डंडे से हमला कर दिया।

उधर, डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### ढांक से गिरने से व्यक्ति की मौत

**उमेश, सुंदरनगर।** कॉलोनी पुलिस थाना के तहत नागैन गांव में एक व्यक्ति की ढांक में गिरने से मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान 42 वर्षीय चिंता राम पुत्र खेमराज गांव नागैन डाकघर जयदेवी तहसील सुंदरनगर के रूप में हुई है। चिंता राम घर के किसी कार्य के लिए गांव के बाहर गया हुआ था, कि यह घटना घट गई। घटना का पता चलते ही स्वजन स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे समीप के स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ऊना जिले के मतदाताओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**अभिषेक कुमार, ऊना**

जिले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेट (एसजीपीसी) की एकमात्र सीट के लिए चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। यह जानकारी यहां डिप्टी कमिश्नर जतिन लाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

डीसी ने बताया कि निदेशक, पंचायती राज-सह-आयुक्त गुरुद्वारा चुनाव हिमाचल प्रदेश से प्राप्त हिमाचल प्रदेश के लिए एसजीपीसी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करने की अंतिम तिथि के पश्चात मतदाता सूचियों की हस्तलिखित पांडुलिपियों के कंप्यूटरीकरण एवं प्रथम मुद्रण की प्रक्रिया एक अगस्त से 20 अगस्त तक की जाएगी। डीसी ने आगे बताया कि 21 अगस्त को मतदाता सूचियां जांच के लिए जनता के लिए उपलब्ध होंगी तथा नाम जोड़ने, संशोधित करने एवं हटाने के लिए अपील दर्ज करने की अंतिम तिथि 11 सितंबर निर्धारित की गई है।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम 1959 के नियम 10 (3) के अंतर्गत सभी अपीलों का निपटान 12 से 20 सितंबर तक किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि अंतिम मतदाता सूचियां 5 अक्तूबर को मुद्रित की जाएंगी। डीसी ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए ग्रामीण मतदाता अपने संबंधित पटवारियों से संपर्क करें, जबकि शहरी क्षेत्र में रहने वाले मतदाता पंजीकरण के लिए संबंधित नगर समितियों के कार्यकारी अधिकारियों से संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)

# भंजाल में विधायक राकेश कालिया ने सुनी लोगों की जनसमस्याएं

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**



भंजाल में जनसमस्याएं सुनते विधायक कालिया।

विधायक राकेश कलिया ने अपने भंजाल निवास स्थान पर जनसमस्याओं को सुना। सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ थी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान सुरिंद्र ठाकुर, महासचिव वेद पराशर, अनिल डडवाल, चमन लाल व काफी पंचायतों के प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता, आमजनमानस उपस्थित थे।

विधायक राकेश कालिया ने हर एक व्यक्ति की बात को ध्यानपूर्वक सुना और काफी समस्याओं का मौके पर ही हल कर दिया। ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान सुरिंद्र ठाकुर ने एक भेंट में कहा कि विधायक राकेश कालिया हर व्यक्ति की बात को ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं और काफी समस्याओं को मौके पर ही सुलझाया जा रहा है, साथ ही जन समस्याओं को सुलझाने हेतु अधिकारियों को उचित निर्देश दिए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### विकास को प्राथमिकता देना ही मेरा उद्देश्य : राकेश कालिया



**गगरेट** विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने एक भेंटवार्ता में कहा कि गगरेट के विकास को प्राथमिकता देना ही मेरा उद्देश्य है। विधायक ने कहा कि इलाके की जनता ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि इलाके में सड़कों, स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं का विस्तार करना उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में इलाके की जो भी समस्या लोगों द्वारा ध्यान में लाई जाएगी, वह उसका प्राथमिकता के आधार पर हल करवाएंगे।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग एवं तहसीलदार बंगाना, जिला ऊना हि.प्र.**

दावा किस्मः- जन्म पंजीकरण

श्रीमति सिन्दला देवी पुत्री श्री गोरख गांव सरोह व डाकघर चमियाड़ी हाल वासी पत्नी शिव देव सिंह गांव हटली सुल्तानु डाक हटली तहसील बंगाना जिला ऊना हि.प्र.

**बनाम आम जनता**

**विषयः- इश्तहार वावत जन्म पंजीकरण अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

उपरोक्त मुकद्मा अनुवान वाला में प्रार्थिया श्रीमति सिन्दला देवी पुत्री श्री गोरख गांव सरोह व डाकघर चमियाड़ी हाल वाली पत्नी शिव देव सिंह गांव हटली सुल्तानु डाक हटली तहसील बंगाना जिला ऊना हि.प्र. ने स्वयं हाजिर होकर इस अदालत में अपने जन्म पंजीकरण को ग्राम पंचायत चमियाड़ी के पंचायत रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 29.04.2024 को दायर किया है, जिसमें उसने व्याख्यान किया है कि अज्ञानतावश वह अपनी जन्म तिथि 10.04.1968 ग्राम पंचायत चमियाड़ी के रिकॉर्ड में दर्ज न करवा सकी है, जिसे दर्ज करने की सिफारिश की है।

अतः इस इश्तहार द्वारा स्थानीय आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त जन्म पंजीकरण को दर्ज करने बारे किसी को आपत्ति या एतराज हो तो वह निर्धारित पेशी/तिथि 16.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। एतराज न होने की सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुकद्मा का निर्णय कर दिया जाएगा। उसके बाद कोई भी उजर समायत न होगा।

आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**समाहर्ता प्रथम वर्ग एवं तहसीलदार बंगाना, जिला ऊना हि.प्र.**

### खैर की लकड़ी बरामद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** थाना बंगाणा के अंतर्गत विकास कौशल पुत्र ब्रह्म दास गांव हार डाकघर बुंबलू तहसील बड़सर जिला हमीरपुर हाल वन खंड अधिकारी तलमेहड़ा ने शिकायत की कि रज्जाक पुत्र गोगी गांव चुलहड़ी (घरवासड़ा) तहसील बंगाणा जिला ऊना, अजय कुमार पुत्र विजय कुमार गांव भदसाली तहसील व जिला ऊना से नाकाबंदी के दौरान सदाशिव मंदिर के पास गाड़ी पिकअप नंबर एचपी-54ए-9522 में से कुछ मौछे खैर के बरामद हुए, जो अवैध तरीके से सरकारी जंगल से काट कर ले जा रहे थे, जिनकी कीमत 1,80,773 रुपए है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।




**बेखौफ** लोडर की आड़ में पीला पंजा सोमभद्रा नदी पर खूब बरपा रहा कहर

# निर्माण सामग्री के दामों पर नहीं हो रहा नियंत्रण

**सन्नी पुरी, गगरेट**

पंजाब की निर्माण सामग्री की जरूरतें पूरा कर रही जिला ऊना की क्रशर इंडस्ट्री ने स्थानीय लोगों के गृह निर्माण के सपने निर्माण सामग्री की ऊंची कीमतों ने ऐसे तोड़े हैं कि लोगों को खून के आंसू रोने पर विवश होना पड़ रहा है। जिले की खनिज सामग्री जिले के ही लोगों को इस कद्र महंगे दाम पर मिल रहे हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने वाले इस योजना के तहत मिलने वाली राशि में सिर ढकने तक का जुगाड़ नहीं कर पा रहे हैं।

ऊंची पहुंच रखने वाली क्रशर लाबी के आगे प्रदेश सरकार भी इस कद्र पस्त है कि निर्माण सामग्री के दामों पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार कोई तंत्र ही विकसित नहीं कर पाई है। काला सोना उगलने वाली सोमभद्रा नदी के खनिज पर बेशक पहला अधिकार यहां के लोगों का हो, लेकिन सोमभद्रा नदी चंद क्रशर संचालकों के लिए सोना उगलने वाली नदी बनकर रह गई है। बेशक प्रदेश सरकार को क्रशर इंडस्ट्री सरकारी खजाने के लिए राजस्व जुटाती है, लेकिन इसकी आड़ में अवैज्ञानिक खनन जहां सोमभद्रा नदी की नुहार बदल रहा है, तो सरकार ने भी लोडर से माइनिंग करने की इजाजत देकर पीले पंजे की ऐसी सौगात क्रशर लाबी को थमा दी है कि लोडर की आड़ में पीला पंजा सोमभद्रा नदी पर खूब कहर बरपा रहा है, बावजूद इसके स्थानीय लोगों के लिए यहां के खनिज पराए हो गए हैं।

क्रशर लाबी द्वारा बेची जाने वाली खनन सामग्री के दाम तय करने में प्रदेश सरकार का कोई कंट्रोल न होने के चलते क्रशर लाबी 22 से 25 रुपए प्रति फुट तक रेत बेच रहा है तो 10 और 20 एमएम बजरी भी बीस रुपए प्रति फुट तक बेची जा रही है। स्टोन डस्ट भी 17 से 18 रुपए प्रति फुट बेची जा रही है, वह भी तब स्थानीय लोगों को मिल रही है, जब पंजाब को जाने वाले वाहनों को खनन सामग्री से लाज दिया जाता है। इससे न सिर्फ भवन निर्माण कार्यों में लगे लोगों का बजट बिगड़ रहा है तो गरीबी में जीवन यापन कर रहे उन लोगों पर सरकारी सहायता मिलने के बाद भी घर बनाने का सपना पूरा न होने का दाग लग रहा है। दरअसल प्रदेश सरकार ने भी खनन सामग्री को वस्तु अधिनियम के दायरे से बाहर कर दिया है। यही नहीं बल्कि किस कद्र सरकार की आंखों में धूल झोंकी जा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अगर कोई व्यक्ति खनन सामग्री के साथ एम फार्म की मांग करे तो इसके अलग से चार्ज लिए जा रहे हैं। पर्यावरण प्रेमी अमित वशिष्ठ का कहना है कि वह शीघ्र ही इसे लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे, ताकि लोगों को इस नदी के खनिज पदार्थ सस्ते दाम पर मिल सकें।

उधर, जिला खनन अधिकारी नीरजकांत का कहना है कि खनन सामग्री के दामों पर खनन विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब को खनन सामग्री निर्यात करने पर लगे पूर्ण प्रतिबंध

पर्यावरणविद अमित वशिष्ठ का कहना है कि प्रदेश सरकार ने कुछ माह पहले पंजाब को खनन सामग्री के निर्यात पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध का सराहनीय निर्णय लिया था। प्रदेश सरकार फिर से ऊना जिले से पंजाब को खनन सामग्री का निर्यात करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए। ताकि जिले के लोगों को खनन सामग्री के दाम में राहत मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापारियों ने राहगीरों को पिलाया ठंडा मीठा पानी



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के लोअर ढालपुर में स्थानीय व्यापारियों के द्वारा राह चलते राहगीरों को ठंडा पेयजल पिलाकर पुण्य कमाया। सोमवार को लोअर ढालपुर में स्थित व्यापारियों ने निर्जला एकादशी के अवसर पर लोअर ढालपुर से गुजर रहे लोगों को पानी पिलाया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्थानीय व्यापारी वीरेंद्र गुप्ता, सुनील, मनोज, सकलानी, अकरम, ज्योति क्लॉथ हाउस ओर शीतल गारमेंट की तरफ से निर्जला एकादशी के अवसर पर राहगीरों को गर्मी में राहत देने के लिए ठंडा मीठा पानी पिलाया। इस दौरान राहगीरों ने भी तेज गर्मी में ठंडे मीठे पानी का सेवन कर लुत्फ उठाया। ( अनंत ज्ञान )

### युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू में छात्र वर्ग की अंडर-14 और अंडर-19 खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढालपुर के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। ऐसे में इन विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सोमवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-14 के 34 और अंडर-19 के 40 खिलाड़ी शामिल रहे। समारोह में उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने खो-खो, वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय का रोशन किया है। प्रधानाचार्य प्रकाश ने कहा कि अंडर-14 और अंडर-19 में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

### जाणा वाटरफॉल के आसपास चलाया सफाई अभियान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की पंचायत जाणा में पंचायत बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत की इस बैठक में पंचायत के सभी प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। इसके बाद सभी ने बैठक में निर्णय लिया कि जाणा गांव को एक खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में लगातार प्रसिद्धी मिल रही है, जो कि एक इस इलाके के लिए सकारात्मक संकेत है और अब जाणा पंचायत को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों के द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। इसलिए सभी ग्रामीणों ने सोमवार को एकत्र होकर पर्यटकों की पहली पसंद जाणा वाटरफॉल में जाकर साफ-सफाई कर इलाकों को साफ-सुथरा बनाया। इस अभियान के तहत जाणा वाटरफॉल से इधर-उधर बिखरे हुए प्लास्टिक व शीशे की बोतलों और प्लास्टिक के लिफाफों को इक्ट्ठा किया गया। पंचायत प्रधान अजिता ने जाणा वाटरफॉल के सभी दुकानदारों से आग्रह किया कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि पर्यटकों को प्राकृतिक शुद्धता और वास्तविक रमणीय स्थल के दर्शन हो सकें। इस अभियान में कनिष्ठ अभियंता तकनीकी सहायक स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ( अनंत ज्ञान )



### लाहौल-स्पीति के मडग्रां नाले में आई बाढ़, सड़क हुई क्षतिग्रस्त, क्षेत्र में मचा हड़कंप

# पांच घंटे बंद रहा उदयपुर-किलाड़ मार्ग

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मडग्रां नाले में सोमवार सुबह बारिश के बाद एकाएक बाढ़ आ गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बाढ़ से तिंदी को जोड़ने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया। सूचना मिलने के बाद सड़क को खोलने के लिए बीआरओ ने अपनी मशीनें भेजीं।

बाढ़ के कारण आए मलबे से क्षतिग्रस्त हुई सड़क के कारण कई वाहन भी सड़क के दोनों तरफ फंस गए। बाढ़ से किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। घाटी के मडग्रां नाले में सुबह चार बजे अचानक आई बाढ़ से सड़क के क्षतिग्रस्त होने से तांदी-संसारी मार्ग पांच घंटे बंद रहा। उदयपुर से किलाड़ व किलाड़ से उदयपुर आ रही बसों सहित दर्जनों छोटे वाहन आर-पार फंसे रहे। हालांकि पता चलते ही बीआरओ की मशीनरी मौके पर पहुंच गई। बीआरओ ने साढ़े दस बजे सड़क बहाल कर दी। बाढ़ के कारण तांदी संसारी मार्ग पर सफर करने वालों को



लाहौल-स्पीति के मडग्रां नाले में आई बाढ़ के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होने से फंसे वाहन।

दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मडग्रां निवासी रामदास व सुरेश ने बताया कि सुबह चार बजे पहाड़ी से अचानक जोरदार आवाज हुई। कुछ देर बाद नाले में भयंकर बढ़ आ गई। बाढ़ आने से हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क क्षतिग्रस्त होने से पांच घंटे दोनों और वाहन फंसे रहे। इन दिनों बारिश व ग्लेशियरों के पिघलने से क्षेत्र में अचानक बाढ़ का खतरा बना रहता है। ऐसे में जिला प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। उधर, बीआरओ कमांडर कर्नल गौरव ने बताया कि नाले में आई बाढ़ से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। सड़क बहाली कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

> हिमाचल में मानसून से पहले ही बाढ़ की स्थिति देखने को मिल रही है। बीती रात हुई बारिश की बजह से लाहौल-स्पीति के उदयपुर के मडग्रा नाले में बाढ़ आ गई। बीआरओ ने अब इस मार्ग को बहाल कर दिया है। जगह-जगह पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। लोगों से आग्रह है कि सफर में निकलने से पहले सड़क बहाली की जानकारी जुटा लें।
>
> **मयंक चौधरी, एसपी लाहौल-स्पीति।**



## गिमनर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी में जीता कांस्य पदक




**कमलेश वर्मा, मनाली।** अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में कुल्लू के गिमनर सिंह ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। मंगोलिया के उलानबातर में हुई अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में गिमनर सिंह ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। भारत का प्रतिनिधित्व इस प्रतियोगिता में एकमात्र पायलट अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के अनुदेशक गिमनर सिंह ने किया था।

एक्यूरेसी कप में गिमनर सिंह ने भारत को टीम इवेंट में कांस्य पदक जिताया। इस प्रतियोगिता में फ्रांस, चीन, कोरिया, मंगोलिया, मलयेशिया, वियतनाम सहित अन्य देशों से आए 60 महिला व पुरुष पायलटों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। एक्यूरेसी कप में चीन ने पहला, कोरिया व मंगोलिया के पायलट दूसरे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

## सीएम साहब! सैंज नदी में अवैज्ञानिक तरीके से की गई ड्रेजिंग की हो जांच

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

सैंज विकास समिति और व्यापार मंडल सैंज का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को नायब तहसीलदार सैंज से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने सैंज नदी में अवैज्ञानिक तरीके से हुई ड्रेजिंग कार्य की छानबीन करने बारे और बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्या का प्रशासन द्वारा हल न करने के बारे में जिक्र किया। वहीं, ड्रेजिंग कार्य के दौरान नदी में बनाई झील में डूबने से हुए छात्र की मौत की मौत की जांच की भी गुहार लगाई। सैंज वैली विकास समिति के अध्यक्ष बुधराम ने बताया कि किसी अनहोनी से बचाव के लिए ड्रेजिंग कार्य में मनमानी तथा इसकी आड़ में अवैध खनन को रोकने को लेकर समिति ने पूर्व में कई बार प्रशासन से गुहार लगाई थी, लेकिन किसी भी बात पर गौर नहीं किया गया। अंततः युवक की मौत का हादसा सामने आ गया। उन्होंने प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि उनकी मांगों पर गौर किया जाए और बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्या का शीघ्र हल किया जाए। ड्रेंजिग मॉनिटरिंग कमेटी की ओर से कितने भूवैज्ञानिकों की सलाह ली गई क्योंकि ड्रेजिंग कार्य से नदी के किनारे लगाए गए बड़े-बड़े मलवे के ढ़ेर आने वाली बरसात में बड़े हादसे व तवाही का कारण बन सकते हैं, जिस तरह बीते वर्ष पूरा सैंज बाजार उजड़ गया था सतेश, सिउड, विहाली, तरेढा, खराटला सहित अन्य अनेक गांव में तबाही का मंजर देखने को मिला था। बकशाहल गांव में टापू में फसे चार घरों के लोगों ने भागकर जान बचाई थी। सड़क बह जाने से इस गांव के लोग बुरी तरह प्रभावित हैं और आज भी ये सभी गांव बाढ़ के खतरे में हैं। सैंज नदी के किनारे और गांवों की सुरक्षा को लेकर कोई भी कार्य नहीं हुए हैं। बाढ़ से तवाही के बाद एक साल पूरा होने वाला है, लेकिन एनएचपीसी की ओर से जारी की गई करीब चार करोड़ धन राशि से सुरक्षा दीवारों का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है, जिसकी 93 लाख की पहली किस्त जल शक्ति विभाग के पास पड़ी हुई है। (अनंत ज्ञान)




नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते विकास समिति और व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल।

## लोकसभा चुनाव में किसान मोर्चा की भूमिका महत्वपूर्ण

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कुल्लू की बैठक जिला अध्यक्ष दूनी चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र प्रभारी अखिलेश कपूर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में लोकसभा चुनाव में हिमाचल में हुई ऐतिहासिक जीत के लिए प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए अखिलेश कपूर ने कहा कि इन चुनावों में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, मंडी संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री सुरेश शर्मा के मार्गदर्शन में सभी विधायकों एवं प्रदेश संगठन सहित जिला एवं मंडलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव में किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। (अनंत ज्ञान)

## प्री मानसून ने खोली कांग्रेस सरकार के व्यवस्था परिवर्तन की पोल : शौरी

**शीला कौल, बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि हिमाचल में प्री मानसून दस्तक दे चुका है और जुलाई माह की शुरुआत के साथ ही मानसून अपने रंग दिखाना शुरू कर देगा।

पिछले वर्ष की बरसात के घाव अभी भी अधिकांश जगह पर भरे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बरसात की दस्तक के साथ ही क्षेत्र में पिछले वर्ष की दारुण व्यथा फिर सताने लगी है। बंजार क्षेत्र में इस वर्ष के प्री मानसून ने वर्तमान सरकार की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है। पिछले वर्ष की बरसात में बंजार-सजवाड़ सड़क मार्ग पर बस योग्य पुल बह गया था, जिसे अब तक विभाग पुनः नहीं लगा पाया है। अस्थायी व्यवस्था के साथ हाल ही में इस सड़क पर पुनः बस सेवा शुरू की गई थी और अब वह अस्थायी व्यवस्था पुनः नाले में बह गई है, जिससे सजवाड़ पंचायत शेष बंजार घाटी से कट गई है। सुरेंद्र शौरी ने वर्तमान सरकार के रवैये पर रोष जताते हुए कहा कि पिछली बार की बरसात से सरकार ने कोई सबक न लेकर ज्यों का त्यों रवैया अपनाया हुआ है। पिछली एक साल से सरकार सजवाड़ सड़क पर स्थायी पुल तक नहीं लगा पाई, जिसका खामियाजा आज घाटी की जनता को भरपूर पर्यटन सीजन व फल सीजन के समय भुगतना पड़ रहा है। इस पुल निर्माण के लिए स्थानीय जनता के बारंबार निवेदन के बावजूद विभाग अभी तक पुल निर्माण के लिए निविदाएं तक आमंत्रित नहीं कर पाया है। दो दिन पूर्व ही तीर्थन घाटी की मुख्य सड़क पर भी पिछले वर्ष भूस्खलित हुए स्थान पर गाड़ियां न चढ़ पाने के कारण एक दिन के लिए ट्रैफिक अवरुद्ध हो गया था। पिछले वर्ष से खराब भूस्खलित चिन्हित स्थानों की विभाग व सरकार ने कोई सुध नहीं ली है और प्री मानसून के साथ हालात काबू से बाहर हो चले हैं। (अनंत ज्ञान)



## सैंज घाटी के शाक्टी में अर्ली वार्निंग सिस्टम किया जा रहा स्थापित : डीसी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि एचपीपीसीएल की ओर से सैंज घाटी के शाक्टी में अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। सोमवार को डीसी ने राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

इस मौके पर डीसी ने कहा कि सैंज व मणिकर्ण घाटी में त्वरित राहत कार्य बल की एक-एक टुकड़ी तैनात की जाएगी। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को नदी के किनारे कैंपिंग तथा बैठने पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी न हो।



वहीं, उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में दो साल से पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। तकसीम विशेषकर खानगी तकसीम, भूमि की निशानदेही व इंतकाल के मामलों का समय पर निपटारा करें, ताकि लोगों को राजस्व संबंधी मामलों में तहसील के चक्कर न काटने पड़ें। डीसी ने राजस्व रिकॉर्ड संबंधी प्रविष्टियां को दुरुस्त करने के लिए भी तीव्रता से मामलों के निपटाना के निर्देश दिए। निशान देही के मामलों को सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार तीन महीने के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निपटान करना सुनिश्चित करें। हालांकि पार्टीशन के जिन मामलों में अधिक पक्षकार हैं, उन मामलों को आदेश के स्तर तक पहुंचने में तीव्रता से कार्य करें, ताकि इन मामलों में अधिक समय तक लंबित न रहे। उपायुक्त ने फौजदारी मुकदमों, ऑन रिकवरी के मामले में भी समयबद्ध निपटान सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया जाएगा एससी एसटी विकास निधि एक्ट बनाने का मुद्दा : अमर

**शीला कौल, बंजार**

हिमाचल प्रदेश कोली समाज पंजीकृत राज्य कार्यकारणी की बैठक मंडी स्थित साक्षरता एवं जन विकास समिती भवन सौली खड्ड में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कुल्लू जिला से संबंध रखने वाले कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमर चंद शलाठ ने की। बैठक में राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, सदस्यों और सचिवों ने हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमर चंद शलाठ ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। महासचिव गोपाल झिलटा ने 17 मार्च को शिमला में आयोजित राज्य कार्यकरिणी बैठक कार्रवाई की जिलावार प्रगति रिपोर्ट सदस्यों के समक्ष रखी। इसके उपरांत बैठक में कोली समाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सिलसिले बारे चर्चा-परिचर्चा और मंथन हुआ। प्रदेश में कोली समाज का संगठन अपने स्वजातीय लोगों के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान एवं मानवता की मदद के लिए हमेशा तत्पर है। कोली समुदाय के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर सक्षम बन रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष अमर चंद शलाठ ने कहा कि प्रदेश के हर जिले और हर खंड में गांव स्तर तक कोली समाज के संगठन को मजबूत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## नेगी करेंगे परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में विधानसभा उपचुनाव के उपरांत परियोजना सलाहकार समिति की बैठक केलांग मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास तथा लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 25 जून को केलांग मुख्यालय में डीसी कार्यालय के सभागार भवन में करेंगे। विधायक अनुराधा राणा भी विशेष रूप से बैठक में मौजूद रहेंगी। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ गत वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियां पर चर्चा करेंगे और जारी वित्तीय वर्ष में जनजातीय उपयोजना के तहत आवंटित धनराशि के तहत करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों की मद्दवार चर्चा के उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करेंगें और विकास कार्यों का जायजा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## हिमकेयर योजना ने लाखों लोगों के जीवन को बनाया बेहतर : गोविंद

**कमलेश वर्मा, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी हिमकेयर योजना को कांग्रेस की सुक्खू सरकार बंद करने की दिशा में कार्य कर रही है, जो कि गलत है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय की उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में लगभग 32 लाख कार्ड बने हैं और लगभग 7 लाख 75 हजार लाभार्थी हैं।



पूर्व की भाजपा सरकार के दौरान जब भी इस योजना को शुरू किया गया था उस समय से इस योजना पर कुल 988 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। गोविंद ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा जब से सरकार सत्ता में आई है, तब से लेकर आज तक 364 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण हिमाचल प्रदेश के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस योजना ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उन्हें वित्तीय बोझ से मुक्त करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायता की है। (अनंत ज्ञान)

## गणेश गनी को ओकार्ड साहित्य सम्मान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ओकार्ड इंडिया संस्था दिल्ली की ओर से शिमला में ओकार्ड साहित्य सम्मान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुल्लू हिमाचल स्थित हिंदी के चर्चित कवि व आलोचक गणेश गनी को ओकार्ड साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विख्यात कवि कुमार कृष्ण मुख्यातिथि रहे, जबकि अब्दुल बिस्मिल्लाह विशेष आमंत्रित अतिथि, देवेंद्र गुप्ता विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता राकेश गुप्ता ने अध्यक्षता की। इस दौरान साहित्यकार देवकन्या ने प्रशस्ति पढ़कर गणेश गनी का परिचय दिया। डॉक्टर देवेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में गणेश के समग्र व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर किस्से चलते हैं बिल्ली के पांव पर पुस्तक से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहे हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित कवि व आलोचक एवं किस्सागोई के लिए गणेश गनी को वर्ष-2024 के ओकार्ड साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आठवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले के अवसर पर ओकार्ड इंडिया की ओर से आयोजित साहित्य सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि गणेश गनी के साथ होना कविता के साथ होना है, उनकी रचना किस्से चलते हैं बिल्ली के पांव पर अकादमिक आलोचना की शुष्कता पर करारा प्रहार है। कवि कुमरी कृष्ण ने कहा कि गणेश गनी हिमाचल के विजय दानदेथा हैं उन्होंने 100 से अधिक कवियों की कविताओं का बखूबी विश्लेषण अपनी चार पुस्तकों में किया है। (अनंत ज्ञान)



हिंदी के चर्चित कवि व आलोचक गणेश गनी को ओकार्ड साहित्य सम्मान देते हुए।

**आयोजन**

### स्टिंगरी गांव में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता, जिला पुलिस विभाग मना रहा एंटी ड्रग अवेयरनेस सप्ताह

# गरजा ने एसपी-11 को हराकर प्रतियोगिता को किया अपने नाम

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय केलांग से 5-6 किलोमीटर दूर स्टिंगरी गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हुए एक रोमांचक मुकाबले में गरजा यूथ की टीम ने एसपी -11 की टीम को हरा कर प्रतियोगिता को अपने नाम किया।

जिला पुलिस विभाग के द्वारा एंटी ड्रग अवेयरनेस सप्ताह मनाया जा रहा है और इसी कड़ी में स्टिंगरी गांव में एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। मैच के दौरान एसपी-11 की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 12 ओवर के अंदर 104 रन बनाकर सिमट गई। इस दौरान गरजा यूथ के गेंदबाजों ने आक्रमक रुख अपनाते हुए एसपी-11 के खिलाड़ियों को बांधे रखा और निरंतर विकेट चटका कर एसपी-11 को मात्र 104 पर ही निपटा दिया। इसके बाद 104 रनों का पीछा करने उतरी गरजा यूथ की टीम ने शुरू से ही संभल कर खेलते हुए बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजायरा किया। इस दौरान गरजा यूथ के बल्लेबाज 104 रनों का पीछा करते हुए एसपी -11 के गेंदबाजों पर हावी रहे। इस दौरान गरजा यूथ के बल्लेबाज ने अंतिम गेंद में छक्का मार कर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। गरजा यूथ की तरफ से जांगपो ने सबसे अधिक 45 रन ओर मोनू ने 22 रन बना कर टीम के लिए विशेष योगदान दिया। क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत समापन एसपी जिला लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने किया। ( अनंत ज्ञान )




प्रतियोगिता के खिलाड़ी एसपी संग नशे से युवाओं को दूर रहने का संदेश देते हुए।

### कबड्डी की ट्रॉफी पर निथर का कब्जा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** निरमंड खंड की अंडर-19 छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता सीनियर सेकेंडरी स्कूल बागीपुल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शिक्षा खंड निरमंड के 25 स्कूलों के करीब 300 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल निथर की कबड्डी टीम ने करीब 10 वर्षों बाद कबड्डी की ट्रॉफी अपने नाम की। स्कूल के प्रिंसिपल धर्मपाल और सतीश ने बताया कि कबड्डी के फाइनल मुकाबले में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल निथर की टीम ने वीनस पब्लिक स्कूल निथर की टीम को 58 अंकों के बड़े अंतर से हराया। (अनंत ज्ञान)





## न्यूज ब्रीफ

### स्कूली छात्रों को सिखा रहे आत्मरक्षा के गुर

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला पुलिस किन्नौर की ओर से स्कूलों छात्रों को नशे से दूर रहने व नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए पुलिस रिकांगपिओ में Say No to Drugs के तहत विशेष अभियान 22 से 30 जून तक चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक किन्नौर सृष्टि पांडे ने कहा कि युवाओं को आत्म सुरक्षा गुर के तहत चार दिवसीय निहत्थे मुकाबला व पांच दिवसीय क्रिकेट खेल प्रशिक्षण पुलिस के जवानों द्वारा दिया जा रहा है, जिसमें कोठी स्कूल व रिकांगपिओ के स्कूली छात्र भाग ले रहे हैं। जिला पुलिस की ओर से छात्रों को जागरूक भी किया जा रहा है, जिसमें खेलकूद में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने व नशे से दूर रहकर पढ़ाई पर विशेष ध्यान देकर अपने लक्ष्य को ओर बढ़ने की छात्रों से अपील की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### ओम प्रकाश ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** भारत विकास परिषद पांवटा साहिब के दूसरे परिवार मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत संगीत प्रवक्ता ओम प्रकाश शर्मा ने एक के बाद एक भजन गाकर दर्शकों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। भारत विकास परिषद के परिवार मिलन कार्यक्रम में प्रांत पूर्व अध्यक्ष आर एस सक्सेना, प्रांत सचिव अशोक टंडन, प्रांत कोषाध्यक्ष नरेंद्र खट्टर, क्षेत्रीय अधिकारी वीरेंद्र सहगल, प्रांत संगठन सचिव नीरज गोयल, प्रांत महिला संयोजिका सत्यम शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती और विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। वंदे मातरम की प्रस्तुति के बाद भारत विकास परिषद पांवटा साहिब के अध्यक्ष अनिल सैनी ने सभी विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों का स्वागत करते हुए भारत विकास परिषद का महत्व और उद्देश्य स्पष्ट किया। चंद्रशेखर ने संगठन के कर्तव्य और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। संगीत प्रवक्ता ओम प्रकाश शर्मा ने जग में सुंदर हैं दो नाम जैसे भजनों के साथ भजन संध्या शुरू की और लगभग एक घंटे तक सभी श्रोताओं को अपने गायन से भाव विभोर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### कला अध्यापकों की नई पोस्टें निकालने की मांग



**रघुवंशी, अर्की।** बेरोजगार कला अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला सोलन अध्यक्ष जयदेव शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी से अर्की के जयनगर में उनके प्रवास के दौरान मिला और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। संघ ने सीपीएस से मिडिल स्कूलों में सौ बच्चों की शर्त को हटाने व कला अध्यापकों की नई पोस्ट निकालने की मांग की। उन्होंने सीपीएस से आग्रह किया कि वह सरकार के समक्ष जल्द ही उनकी मांगों को रखें और उन्हें पूरा करें। संजय अवस्थी ने जल्द ही शिमला सचिवालय में मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बात कर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला सोलन मुख्य सलाहकार सुरेंद्र शर्मा, विजय चौहान, ओम प्रकाश, मनीष सहित अन्य बेरोजगार कला अध्यापक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### 26 को इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**आशीष, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी दाड़लाघाट फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 26 जून को कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान 26 को बिजली अनुभाग दाड़लाघाट के अंतर्गत गांव स्यार, स्यार मार्किट, कोटला, नुम्हाला, वेटनरी हॉस्पिटल, सब तहसील कार्यालय, सीएचसी हॉस्पिटल, काकड़ा, तेलीगांव, बटेड़, सुल्ही, खाता, अंबुजा मेन गेट, रौड़ी व इसके आसपास के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है। बिजली लाइन का मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। (अनंत ज्ञान)

### 300 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



**आशीष , दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन की ओर से सोमवार को अंबुजा अस्तपाल दाड़लाघाट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत दाड़लाघाट, रौड़ी व बरायली के अलावा आसपास के क्षेत्र के लोगों, दुकानदारों व अंबुजा उद्योग के अधिकारी, कर्मचारियों ने सहयोग देकर रक्तदान किया। शिविर में आईजीएमसी शिमला से आई टीम ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। रक्तदान शिविर में 300 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। (अनंत ज्ञान)

### शांडिल के ओएसडी संजय की हार्ट अटैक से मौत

आर मोहन चौहान, सोलन। शूलिनी मेले के दौरान रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल के साथ ड्यूटी दे रहे ओएसडी संजय शर्मा की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। उनको अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे 53 साल के थे। संजय शूलिनी मेले की अंतिम संध्या से पूर्व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व स्वास्थ्य मंत्री के साथ गंज बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में माथा टेकने गए थे। इस दौरान संजय की छाती में अचानक दर्द हुआ। उनकी हालत को देख अस्पताल ले जाया गया। इस बीच डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री मेले की अंतिम संध्या में निकल गए थे, लेकिन दुखद सूचना मिलने के बाद उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित सभी कांग्रेसी अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अपने फेसबुक पेज में भी संजय की मौत को लेकर मार्मिक पोस्ट शेयर की है। साथ ही उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। संजय सिरमौर जिला के नारग के रहने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

# शूलिनी माता ने दिया सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

## तीसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक अखिल और अनुज शर्मा की धूम, लोक नृत्य करियाला ने भी बटोरी दर्शकों की तालियां

**आर मोहन चौहान, सोलन**

राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के अंतिम दिन माता शूलिनी देवी अपनी बड़ी बहन के यहां दो दिन रुकने के बाद वापस मंदिर लौट गई।

माता ने मेले को स्वीकार कर शहरवासियों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इसी के साथ मेले का समापन भी हो गया। वहीं, शूलिनी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक अखिल ने धूम मचा दी। उन्होंने स्टेज पर आते ही पंजाबी गाने की झड़ी लगाकर सभी लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। अखिल के अलावा तीसरी स्टार नाइट में अनुज शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुति दे सभी का मनमोहन लिया। उन्होंने हिंदी गानों से माहौल बना दिया। अनुज ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि इसके अलावा कनक जोशी, युगम राणा और स्थानीय लोक नृत्य करियाला भी किया गया, जबकि और एनजेडसीसी के दल की प्रस्तुति भी हुई। तीसरी और आखिरी सांस्कृतिक संध्या में बांसुरी वादन व हास्य कलाकार ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा पहाड़ी लोग गायक हेमंत शर्मा ने भी एक से बढ़कर एक गाने गाकर सभी का खूब मनोरंजन किया, जबकि कार्तिक ठाकुर ने तेरी दीवानी गाना गाया। इसके अलावा आराधया और संजू के डांस ने भी सभी का मनोरंजन किया। शूलिनी मेले के समापन और तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पहुंचे। उनके साथ प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल, सीपीएस संजय अवस्थी और राम कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मेले के दौरान दंगल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।



### गगन पहलवान ने जीता चांदी की गद्दा

मेले के दौरान हुए कुश्ती मुकाबलों में गगन पहलवान ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बड़ी माली हासिल की। उन्होंने पंजाब के मन्ना पहलवान को रोमांचक मुकाबले में पराजित कर 40 हजार रुपए कैश प्राइज और एक चांदी का गद्दा अपने नाम किया। मन्ना पहलवान, जो कि पंजाब से हैं, उन्होंने भी शानदार प्रदर्शन किया और दूसरे स्थान पर रहते हुए 35 हजार रुपए कैश प्राइज जीता।

### कहलोग स्कूल ने जीता कबड्डी का खिताब



मेले में आयोजित जूनियर वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया, जिसमें सीनियर सेकेंडरी स्कूल कहलोग ने कोहिनूर स्पोर्ट्स क्लब दभोटा को मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 50 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें हिमाचल प्रदेश के अलावा हरियाणा और चंडीगढ़ के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और खेल प्रेमियों के बीच खासा उत्साह देखा गया।

### फूड स्टॉल की जांच

मेले के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 15 किलो मिलावटी मिठाई को मौके पर ही नष्ट कर दिया। नगर निगम की खाद्य विभाग टीम ने खुलासा किया कि मेले में कुछ लोग रंग-बिरंगी मिठाइयां बेच रहे थे। जांच के दौरान पाया गया कि मिठाई में मिलाया जा रहा रंग कपड़ों की रंगाई में उपयोग होने वाला रंग था, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, विभाग ने उस दुकानदार की 15 किलो मिठाई को तुरंत नष्ट करने का निर्णय लिया।

# चंडीगढ़ की गौरी और पंजाब के गगन ने जीती कुश्ती प्रतियोगिता

**आर मोहन चौहान, सोलन**

तीन दिवसीय मां शूलिनी मेले के दौरान पुलिस विभाग व शूलिनी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में कुश्ती प्रतियोगिता एवं दंगल का आयोजन किया गया।

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मां शूलिनी का यह मेला ऐतिहासिक ठोडो मैदान में वर्षों से मनाया जा रहा है और ठोडा व दंगल जैसे प्राचीन खेल इसे अनूठा बनाते हैं। मेलों के दौरान खेल गतिविधियों का आयोजन लोगों के मनोरंजन के साथ ही खिलाड़ियों के शारीरिक सौष्ठव व मानसिक दृढ़ता का भी परिचायक होता है। इससे युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उचित मंच प्राप्त होता है। उन्होंने विजेता पहलवानों को बधाई दी तथा इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से हार-जीत की परवाह किए बगैर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए और कड़ी मेहनत का आह्वान भी किया। लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला चंडीगढ़ की गौरी व मैदा के बीच खेला गया। इसमें गौरी विजयी रहीं। दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पंजाब पुलिस के गगन और पंजाब के रहने वाले ताज गोनी के बीच खेला गया। इसमें गगन ने खिताब जीत लिया। विजेता को 40 हजार रुपए और उपविजेता को 35 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, कांग्रेस महासचिव सुरेंद्र सेठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



दंगल प्रतियोगिता में बड़ी माली के विजेता पहलवान को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



# उत्तर क्षेत्रीय ओपन शतरंज में सोलन का दबदबा

**भावना, सोलन।** शूलिनी मेले के अवसर पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के अंडर-13 आयु वर्ग में मोक्ष बरेट प्रथम तथा मनन शर्मा द्वितीय रहे।

अंडर-15 वर्ग में अर्पण कश्यप प्रथम व ईशान गुप्ता द्वितीय तथा आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में मल्हार बेक्टा पहले, पार्थ शर्मा दूसरे तथा अर्नव तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 वर्ग में मयूर सक्सेना पहले, अधृत शर्मा दूसरे और तरूल तीसरे स्थान पर रहे। भाविका सूद को यंगेस्ट फीमेल खिलाड़ी चुना गया। वरिष्ठ वर्ग में उत्तम प्रकाश पहले, सूरज दहीया दूसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में गौरव शर्मा को सोलन में सर्वश्रेष्ठ चुना गया। इसके सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार सूर्यांशी शर्मा को दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# श्वॉन प्रदर्शनी का आयोजन सर्वोत्तम की ट्रॉफी शिंबा के नाम

**भावना, सोलन**

मां शूलिनी मेले के अवसर पर जिला प्रशासन के सौजन्य से पशुपालन विभाग, सोलन की ओर से श्वॉन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

विजेताओं को पुरस्कार वितरण अतिरिक्त उपायुक्त अजय यादव द्वारा किया गया। डॉ. राजीव खुराना, उपनिदेशक, पशु पालन विभाग सोलन ने बताया कि श्वॉन प्रदर्शनी में कुल 13 श्वॉनों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में श्वॉनों को बड़ी, मध्यम व छोटी नस्लों की तीन प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्वॉन को 2100 रुपए, द्वितीय को 1100 रुपए तथा तृतीय को 750 रुपए तथा प्रत्येक नस्ल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ श्वान को 500 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रर्दशनी में सर्वोतम श्वॉन को चैंपियन श्वान की ट्रॉफी व 3100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। पशु पालन विभाग के पशु चिकित्सकों तथा



सहायक स्टाफ द्वारा सभी प्रतिभागी श्वॉनों का रेबीज का प्रतिरोधी टीकाकरण निशुल्क किया गया। सभी श्वॉनों को बतौर प्रोत्साहन स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, दवाइयां व श्वान शैंपू आदि के उपहार पैक भी प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में बड़ी नस्ल के श्वॉनों में राजेश का श्वॉन प्रथम व जगजीत बाजवा का श्वॉन द्वितीय, मनीष सूद का श्वॉन तृतीय, मध्यम नस्ल में सूरज का श्वान प्रथम, नारायण सिंह ठाकुर का द्वितीय व विशाल का श्वॉन तृतीय रहा। छोटी नस्ल के श्वॉनों में प्रथा का श्वान प्रथम, संजीव ठाकुर का श्वॉन द्वितीय व रेणु जैसवाल का तृतीय रहा। प्रर्दशनी के सर्वोत्तम श्वॉन की ट्रॉफी सूरज के श्वॉन (सिंबा) के नाम रही। (अनंत ज्ञान)

# नाहन-शिमला रोड पर लुढ़का ट्रक, ड्राइवर जख्मी

**एसपी जैरथ, नाहन**

नाहन- शिमला रोड कार्मल स्कूल के पास एक बार फिर एक भारी वाहन पलटा है। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या एचपी- 71- 8212 नाहन की ओर से सीमेंट लेकर श्री रेणुका जी ददाहू की ओर जा रहा था।

घटना सोमवार सुबह पांच बजे के आसपास की है, जैसे ही ट्रक कार्मल स्कूल के मोड़ के पास पहुंचा, तो चालक विजयपाल वाहन से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक सड़क पर ही पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक घटना के दौरान ट्रक में अकेला ही था। ट्रक के पलटने से जोर से हुई आवाज के चलते नजदीक रह रहे लेक्चरर हरदेव सिंह व कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के द्वारा चालक को घायल अवस्था में ट्रक से बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में चालक के कंधे में गंभीर चोट आई है। जानकारी मिली है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ इस तंग सड़क पर नीचे की ओर से आ रहे वाहन को बचाने के दौरान यह हादसा हुआ। लोगों के द्वारा सड़क के किनारे ऊंचे रैंप बना दिए गए हैं, जो कि दुर्घटना का बड़ा कारण बन रहे हैं। यही नहीं सरकार और प्रशासन बाईपास अल्टरनेटर रोड को भी शीघ्र सुचारु कर पाने में असमर्थ साबित हो रहा है। इस दुर्घटना में चालक की जान तो बच गई मगर वहां को और वाहन में लदे सीमेंटेड के गिर जाने से मालिक को भारी नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# लोक संस्कृति को जीवंत रखते हैं मेले : अग्निहोत्री

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मां शूलिनी मेले की तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने उन्हें मेला आयोजन समिति व शहरवासियों की ओर से सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी व कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल की समृद्ध लोक-संस्कृति व देव परंपरा देश-विदेश में विख्यात है। यहां के अधिकतर मेले व त्योहार देवी-देवताओं से जुड़े हैं और मां शूलिनी का यह तीन दिवसीय मेला माता के प्रति शहर व प्रदेशवासियों की अगाध श्रद्धा व आस्था का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन हमारी लोक मान्यताओं, परंपराओं और लोक संस्कृति को न केवल जीवंत बनाए रखने में मददगार होते हैं, अपितु इनके संरक्षण में भी अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। सांस्कृतिक संध्याओं के माध्यम से हिमाचल की विशिष्ट लोक संस्कृति व लोक कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है, वहीं बाहरी राज्यों से आने वाले कलाकार हमारी सांस्कृतिक विविधता को नए आयाम प्रदान करते हुए संस्कृति के आदान-प्रदान में सहायक बनते हैं। शूलिनी मेले के अवसर पर आयोजित ठोडा नृत्य धनुर्विद्या की हमारी पुरातन विरासत को संजोए हुए है, वहीं कुश्तियां एवं दंगल के आयोजन प्राचीन खेलों को आगे ले जाने में अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन व मेला समिति को बधाई दी और इसमें शहरवासियों सहित सभी के सहयोग की भी सराहना की। (अनंत ज्ञान)



शूलिनी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री व अन्य।

# 12000 लीटर लाहन की नष्ट

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब** पांवटा ब्लॉक मे गांव खारा के जगंलों में करीब 5 किलोमीटर अंदर खारा के नाला में बनी नाजायज शराब की पांच भट्टियां जिनमें से 2 भट्टियां चालू हालत में मिली हैं। एसपी ने बताया कि मौके पर पहुंची टीम को आसपास कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। बरामद भट्टियों के आसपास करीब 28 ड्रमों में रखी हुई लाहन पाई गई। मौका पर ड्रम में रखी करीब 12000 लीटर लाहन व एल्युमिनियम के 2 बंटों में रखी करीब 40 लीटर नाजायज कसीशुदा ताजी शराब को नष्ट कर दिया गया।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने शराब बनाने के सभी साधनों को खत्म कर मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने 10 साल मोदी को गालियां देने में ही निकाल दिए : रावत

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने अपने 10 साल पीएम नरेंद्र मोदी को गाली देने में ही गवा दिए। रावत ने बताया कि महा गठबंधन के तमाम नेता नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार पीएम बनने से हताश और परेशान हैं।

इस बार महा गठबंधन के तमाम नेता पीएम बनने के मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे थे, लेकिन उनके सपने उस समय धराशाई हो गए, जब देश की जनता ने एनडीए गठबंधन को 292 सिटे देकर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मौका दिया है। रावत ने बताया कि भाजपा ने जहां पर 240 सिटे अकेले जीती हैं, वहीं पर महागठबंधन के तमाम नेता मिलकर भी 234 सिटें ही जीत पाए हैं, जबकि कांग्रेस 99 पर फंस कर रह गई है। 99 का फेर कांग्रेस पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। नरेंद्र मोदी की ताकत का लोहा पूरी दुनिया मानती है। नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन गए हैं उनकी बढ़ती लोकप्रियता से महा गठबंधन के नेता परेशान हैं। (अनंत ज्ञान)

# लानाचेता में विधानसभा उपाध्यक्ष ने सुनी जनसमस्याएं

**एसपी जैरथ, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कने सिरमौर जिले के प्रवास कार्यक्रम के दौरान रेणुका विधानसभा क्षेत्र की लानाचेता पंचायत में जन समस्याएं सुनीं।

लानाचेता में प्रतिनिधिमंडलों ने उपाध्यक्ष विधानसभा के समक्ष विशेष तौर पर गुसान रोड तथा लानाचेता के लिए पेयजल योजना की मां रखी, जिसके लिए विनय ने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत जल्द गुसान रोड तथा लानाचेता पंचायत के लिए पेयजल योजना का निर्माण किया जाएगा, ताकि इन योजनाओं के क्रियान्वयन के उपरांत क्षेत्र के लोग इनका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को कहा कि वह रेणुका विधानसभा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य तथा शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए सदैव तत्पर हैं उनका हमेशा प्रयास रहता है कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लोगों को हर मूलभूत सुविधा घर द्वार पर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि वह समय-समय पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मिलते हैं तथा जो भी समस्या उनके संज्ञान में लाई जाती है, वह तत्परता के साथ उनका समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। (अनंत ज्ञान)



विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का लानाचेता पहुंचने पर स्वागत करते लोग।

# दर्जनों लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस का थाम रहे दामन : हरदीप बावा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी बावा हरदीप सिंह ने विरोधियों पर हमला बोलते हुए कहा कि मेरा क्या कसूर का नारा देकर निर्दलीय चुनाव जीतकर बाद में जनता से विश्वासघात करने वाले भाजपा प्रत्याशी को आज गांव में नुक्कड़ सभाओं में भीड़ दिखाने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। आज जनता उन्हें सवाल कर रही है कि हमारा क्या कसूर है। जनमत का मजाक उड़ाकर त्यागपत्र देकर भाजपा प्रत्याशी ने ही लोगों को चुनाव में झोंकने का काम किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी के पास अपने विकास का विजन तो है पर क्षेत्र के विकास के लिए न कोई विजन है न कोई योजना। इसी के चलते रोजना दर्जनों लोग भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं। पूर्व विधायक भाजपा के लोगों को ही भाजपा में ज्वाइन करवाकर लोगों को गुमराह करने का जो प्रयास कर रहे हैं, ऐसे हथकंडे भी उन्हें हार से नहीं बचा सकते। जनता ने नालागढ़ के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने का मन बना लिया है। हरदीप बावा ने कुनप्लेट, कोहला, चंबा, जुखाड़ी, कफलेड़ा आदि जगह चुनाव प्रचार कर लोगों से सरकार के साथ चलने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र धामी व थली में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन, शिमला, सोलन व मंडी के वॉलंटियर्स ने लिया भाग

# बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से बनाए मॉडल, लगाई प्रदर्शनी

**भावना, सोलन**

गांधी स्मारक निधि पंजाब-हरियाणा-हिमाचल प्रदेश की ओर से संचालित महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र हलोग धामी, जिला शिमला व थली, जिला मंडी में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिमला, सोलन व मंडी के वॉलंटियर्स ने भाग लिया।

इस मौके पर प्रोजेक्ट निदेशक अशोक शरण ने कहा कि संभावनाएं तलाश कर महिला सशक्तिकरण के लिए सिलाई ट्रेनिंग सेंटर खोलने का प्रयास किया जाएगा, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में स्वयं की पहचान बना सकें। गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष संजय सिंह एवं सचिव आनंद कुमार प्रदेश में चलाए जा रहे सामाजिक विकास के विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

इसके अलावा वॉलंटियर्स पुष्पा शर्मा, कल्पना शर्मा, निशा बाला, देवकला, प्रेमा लक्ष्मी व भावना ने अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल कर अच्छा कार्य किया है। उधर, मंडी की थली व शाकरा पंचायत के बच्चों की ओर से तैयार किए गए साइंस प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका उद्घाटन महिला मंडल थली की अध्यक्ष लीलावती व महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र के प्रोजेक्ट निदेशक अशोक शरण ने किया। (अनंत ज्ञान)



महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र हलोग धामी में आयोजित मॉडल प्रदर्शनी में हिस्सा लेते बच्चे।

### प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना

अशोक शरण ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना तथा विभिन्न वैज्ञानिक कार्यों के प्रति रुझान पैदा करना है। इसमें बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल, हिमाचल रोडवेज बस मॉडल, बैलून से चलने वाली गाड़ी, वृक्ष बचाओ मॉडल, विंटर सीजन मॉडल, नेचर मॉडल आदि के मॉडल प्रस्तुत किए। लीलावती एवं सुमित्रा देवी ने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर गांधी स्मारक निधि पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश की सुनीता शर्मा, गिरिराज, हलोग धामी केंद्र की को-ऑर्डिनेटर पुष्पा शर्मा भी मौजूद रहीं।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीजा ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में दो स्वर्ण जीते



**लागोस (नाईजीरिया)।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराकर डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला युगल में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 (11-9 11-6 12-10) से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारत ने पुरुष युगल वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की जोड़ी ने अजीज सोलंके और ओलाजिदे ओमोटायो को 3-0 (11-811-9, 11-8) से हराया। महिला एकल फाइनल में अकुला की शुरुआत थोड़ी खराब रही और वह अपनी चीनी प्रतिद्वंद्वी को पहला गेम 10-12 से गंवा बैठीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए अगले चार गेम 11-9, 11-6,11-8,11-6 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

### सीरीज 3-0 से जीतने की खुशी है : श्रेयंका



**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से जीत से खुश युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में हार से सबक सीख कर टीम ने अच्छी वापसी की है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से हराया था। श्रेयंका ने कहा, ''उस सीरीज (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के बाद, हमने चर्चा की कि क्या गलत हुआ और क्या सही हुआ। हम वीडियो कॉल के जरिए एक साथ चर्चा करते थे। इसने हम सभी को एकजुट रखा।'' उन्होंने कहा, '' इस सीरीज से पहले हमारे लिए गेंदबाजी और बल्लेबाजी शिविर लगा था। हम अपने क्षेत्ररक्षण पर भी ध्यान दे रहे थे। मुझे लगता है कि जब आप कड़ी मेहनत करते है तो परिणाम खुद दिखने लगता है। टीम ने बेंगलुरु में जिस तरह से अपना दबदबा बनाया 3-0, उससे हम काफी खुश है।''

### इटली ने महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग का खिताब जीता



**बैंकॉक।** इटली ने फाइनल में जापान को 25-17, 25-17, 21-25, 25-20 से हराकर एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) का खिताब जीत लिया है। इटली की स्टार खिलाड़ी पाओला एगोनू ने गेम में सर्वाधिक 27 अंक बनाए। 25 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने अपनी टीम के 12 किल ब्लॉक में से चार रिकॉर्ड किए और इटली के 66 सफल हमलों में से 23 को अंजाम दिया, को महिलाओं की वीएनएल 2024 की सबसे मूल्यवान खिलाड़ी नामित किया गया। पोलैंड ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में ब्राजील को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता



**हाले (जर्मनी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6 (8), 7-6 (2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा,''मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।'' सिनर पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें नोवाक जोकोविच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।

### पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता



**बर्लिन।** जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7 (0), 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा, ''मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया। फाइनल में बेहद करीबी मैच में जीत दर्ज करना शानदार रहा।'' पेगुला ने इससे पहले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराया था।

**टी-20 विश्व कप**

### वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराया

# द. अफ्रीका सेमीफाइनल में, विंडीज बाहर

**एजेंसी, एंटीगा**

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मारक्रम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

**03**
**विकेट लेकर तबरेज शम्सी बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'**



इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और इस तरह से ग्रुप-2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मारक्रम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (29 रन) और हेनरिक क्लासेन (22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली, लेकिन वह मार्को यानसन (1नाबाद 21 रन) थे जिन्होंने ओबेद मैकॉय द्वारा फैंके गए 17वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

### चेस ने अर्धशतक लगाने के बाद झटके तीन विकेट



**वेस्टइंडीज** के ऑलराउंडर रोस्टन चेस टी-20 विश्व कप मैच में अर्धशतक बनाने और तीन या अधिक विकेट लेने वाले कुल मिलाकर चौथे और अपनी टीम के दूसरे खिलाड़ी बने।

चेस ने 52 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123.81 रहा। इसके बाद उन्होंने तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और केशव महाराज के विकेट शामिल थे। वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इससे पहले यह कारनामा करने वाले पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने टी-20 विश्व कप 2009 में लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ नाबाद 66 रन बनाए और 38 रन देकर 4 विकेट लिए थे। शेन वॉटसन ने 2012 टी-20 विश्व कप के दौरान कोलंबो में दो बार ऐसा किया था।

इसके अलावा चल रहे टूर्नामेंट में, मार्कस स्टोइनिस ने ओमान पर जीत में ऑस्ट्रेलिया के लिए एक ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 67 रन बनाए और मैच में 19 रन देकर 3 विकेट लिए।

### जॉर्डन की हैट्रिक से इंग्लैंड अंतिम-4 में

**ब्रिजटाउन।** गत चैंपियन इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज क्रिस जोर्डन की हैट्रिक के बाद कप्तान जोस बटलर (नाबाद 83 रन) के तूफानी अर्धशतक से सुपर-आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से रौंदकर शान से टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद जोर्डन की हैट्रिक और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका को 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दिया। बटलर की 38 गेंद में छह चौके और सात छक्के जड़ित आतिशी पारी से इंग्लैंड 9.4 ओवर में 117 रन बनाकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बनी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सॉल्ट और बटलर ने पहले दो ओवर संभलकर खेलने के बाद हाथ खोले। बटलर ने सात में से पांच छक्के हरमीत सिंह की गेंदों पर जड़े जिससे 9वें ओवर में 32 रन बने। सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने नाबाद 25 रन बनाए।

मार्क वुड की जगह अंतिम एकादश में शामिल किए गए जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। बारबाडोस के क्राइस्टचर्च में जन्में 36 वर्षीय जोर्डन ने 19वें ओवर में हैट्रिक सहित सभी चारों विकेट झटककर दिन अपने लिए यादगार बना दिया।

### ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलना चाहिए : ख्वाजा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उस्मान ख्वाजा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलना चाहिए, हालांकि तालिबान शासन के कारण महिलाओं के मानवाधिकारों के मुद्दे पर उनकी सहानुभूति है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों में उल्लेखनीय गिरावट का हवाला देते हुए दो बार (एक टेस्ट मैच जो ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना था और एक टी-20 सीरीज, जो विदेश में खेलना था) अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने से मना कर दिया है। ख्वाजा ने कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि हमें अफगानिस्तान के साथ खेलना चाहिए। मैं पहली के दोनों पक्षों से सहानुभूति रखता हूं। मैं अफगानिस्तान में महिला क्रिकेट के मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के रुख के कई पहलुओं का पूरी तरह से सम्मान करता हूं और उनसे सहमत हूं, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है, खेल को बढ़ावा देना और बढ़ाना।'

### भारत ने तीरंदाजी में ओलंपिक टीम कोटा हासिल किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोमवार को जारी ताजा विश्व तीरंदाजी रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस वर्ष के पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम के लिए कोटा हासिल कर लिया है।

भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में गैर-योग्य देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और टीम कोटा हासिल किया। इस प्रकार, भारत पेरिस में होने वाली सभी पदक स्पर्धाओं, पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित वर्ग में भाग लेने के लिए पात्र होगा। पुरुष वर्ग में भारत और चीन ने जगह बनाई, जबकि महिला वर्ग में इंडोनेशिया टीम ओलंपिक कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश था। टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक खंड में 12 टीमें होंगी, जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। पहली बार, तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाद शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।



**भारतीय तीरंदाजी टीम**

**पुरुष :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव।
**महिला :** दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त।

#### तरुण, दीपिका का चौथा ओलंपिक




**एथेंस** 2004 में ओलंपिक में पदार्पण करने वाले चालीस वर्षीय सेना के अनुभवी तरुणदीप राय अपने चौथे ओलंपिक में भाग लेंगे। वहीं पूर्व विश्व नंबर-1 दीपिका कुमारी के लिए भी यही स्थिति है, जो लंदन 2012 में अपने पहले ओलंपिक में भाग लेने के बाद लगातार चौथे ओलंपिक में दिखेंगी। धीरज बोम्मादेवरा, अंकिता भक्त और भजन कौर अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगे, जबकि प्रवीण जाधव के लिए यह टोक्यो के बाद उनका दूसरा लगातार ओलंपिक होगा।

### टॉमी पॉल ने क्वींस क्लब टेनिस के फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराया

**एजेंसी, लंदन**



अमेरिका के टॉमी पॉल ने क्वींस क्लब टेनिस में फाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-1, 7-6 से हराकर अपना तीसरा एटीपी खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज पॉल विंबलडन से पहले घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को 2010 में सैम क्वेरी के बाद जीतने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी है।

वह इसके साथ ही जॉन मैकेनरो, जिमी कॉनर्स और पीट सैम्प्रास जैसे अपने देश के दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए जो यहां चैम्पियन रहे हैं। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज मुसेटी टूर स्तर की दो प्रतियोगिताओं को जीतकर यहां पहुंचे थे। घसियाले कोर्ट पर यह उनका पहला फाइनल मुकाबला था। इस जीत के बाद वह टेलर फ्रिट्ज को पछाड़कर अमेरिका के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

### एशियाई जूनियर स्क्वाश के लिए 11 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की 11 सदस्यीय टीम इस्लामाबाद में मंगलवार से शुरू हो रही 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेगी।

पांच दिवसीय प्रतियोगिता में नौ खिलाड़ियों को अपने-अपने आयु-समूह वर्ग में शीर्ष-10 में वरीयता दी गई है। शिवेन अग्रवाल और आद्या बुधिया को क्रमश: लड़कों के अंडर-15 और लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में दूसरी वरीयता मिली है।

### बांग्लादेश के खिलाफ आत्ममुग्धता से बचना होगा अफगानिस्तान को

**एजेंसी, किंग्सटाउन**

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है।

भारत अभी ग्रुप में शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश का नंबर आता है। ऑस्ट्रेलिया का नेट रन रेट अफगानिस्तान से बेहतर है और अगर वह भारत को हरा देता है तो फिर उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ जाएगी।



अफगानिस्तान के खिलाड़ियों की फाइल फोटो।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है। टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता कुल्लू के खिलाड़ियों ने झटके छह पदक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** धर्मशाला में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुल्लू के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण सहित कुल छह पदक जीते। अब ये खिलाड़ी राज्य स्तरीय उत्तर भारत की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल्लू के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें पांच खिलाड़ियों ने छह पदक जीते।

ओपन वर्ग की 10,000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सीमा देवी ने स्वर्ण और 5,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-18 लंबी कूद में सोजल ने स्वर्ण, अंडर-18 की 3,000 मीटर दौड़ में ऋषभ ने कांस्य पदक जीता। अंडर-16 की लंबी कूद में आर्यन कौशल ने स्वर्ण और अंडर-19 की शॉटपुट में रायना ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

जिला कुल्लू एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव युवराज वर्मा ने कहा कि कुल्लू के सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। पांच खिलाड़ियों ने दौड़, लंबी कूद और शॉटपुट में पदक हासिल किए हैं। (अनंत ज्ञान)

**यूरो-2024**

### स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में हासिल की थी एक गोल की बढ़त

# स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने टाली जर्मनी की हार

**एजेंसी, फ्रैंकफर्ट ( जर्मनी )**

निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया, जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।



मुकाबले के दौरान फुटबॉल को हेडर लगाता जर्मनी (सफेद जर्सी) का खिलाड़ी।

जर्मनी इससे पहले स्कॉटलैंड और हंगरी को हराकर अगले दौर में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुका था। वह तीन मैच में 7 अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा। स्विट्जरलैंड ने 5 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। हंगरी ने स्टुटगार्ट में खेले गए ग्रुप-ए के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 1-0 से पराजित किया। इससे वह ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा।

**स्कोर कार्ड**

| स्विट्जरलैंड | | जर्मनी |
|---|---|---|
| 04 | शॉट | 18 |
| 03 | लक्ष्य पर शॉट | 03 |
| 33% | नियंत्रण | 67% |
| 331 | पास | 636 |
| 14 | फाऊल | 12 |
| 03 | येलो कॉर्ड | 01 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 01 |
| 02 | ऑफ साइड | 02 |
| 02 | कार्नर | 09 |

# उरुग्वे ने पनामा पर 3-1 की जीत से अपना अभियान शुरू किया

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स**

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया।

इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा। इसमें से उसके सात प्रयास निशाने पर रहे और तीन गोल में बदले।



पनामा के खिलाफ गोल करने के बाद खुशी मनाते उरुग्वे के खिलाड़ी।

पनामा के लिए अमीर मुरिलो ने स्टॉपेज समय (90+4 मिनट) ने गोल कर हार के अंतर को कम किया। ग्रुप-सी के एक अन्य मैच में अमेरिका ने बोलीविया को 2-0 से हराया। उरुग्वे अब गुरुवार को न्यूजर्सी में बोलीविया का सामना करेगा जबकि इसी दिन अमेरिका के सामने पनामा की चुनौती होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पशु तस्करों के चुंगल से छुड़वाए 16 मवेशी



**अशोक ठाकुर, कठुआ।** लखनपुर। अंडों की आड़ में दिन दिहाड़े किए जा रहे पशु तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए लखनपुर पुलिस ने 16 मवेशियों को पशु तस्करों के चंगुल से मुक्त करवाया है। लखनपुर पुलिस की टीम ने ट्रक टर्मिनल पर पंजाब की तरफ से जम्मू जा रहे ट्रक नंबर जेके02ए क्यू 3117 को जांच के लिए रोका और जांच के दौरान पुलिस ने तिरपाल से पूरी तरह बंद किए गए ट्रक के अंदर अंडे देखे। इसके बाद अंडों के पीछे से तीन गाय और 13 बैल को अमानवीय रूप से बांधा गया था। उन्हें मुक्त करवाया गया। वहीं पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को भी मौके पर गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान आशा सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी चड्ढा के रूप में हुई। वहीं, पुलिस ने पीसीए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### अब तक नौ लाख से अधिक ने किए बाबा केदार के दर्शन

**गुप्तकाशी।** हिन्दुओं की आस्था के केंद्र भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही भक्तों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। 10 मई को कपाट खुल गए थे और अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं कि अब तक 9.50 लाख तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो कि एक रिकॉर्ड है। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में देश-विदेश से लाखों लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या से पर्यटन व तीर्थाटन को बढ़ावा मिल रहा है। केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के बीच बाबा केदार के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। पिछले वर्ष इस समय तक 6.50 लाख श्रद्धालु ही बाबा केदार के दर्शन करने पहुंचे थे जबकि इस वर्ष 9.50 लाख श्रद्धालुओं ने अभी तक दर्शन करके एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।

### नायब सरकार ने किए श्रीरामलला के दर्शन



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को अपने पूरे मंत्रिमंडल और विधायकों के साथ अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी ने प्रदेशवासियों के सुख व समृद्धि की कामना की। नायब सिंह ने सोमवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं और हमें उनके दर्शन करने का मौका मिला है। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। बड़ी संख्या में लोग श्रीरामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं। नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा में तीर्थ स्थलों का भ्रमण करने के इच्छुक लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चलाई है, जिसके तहत अब लोगों को तीर्थ स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार ने श्रमिकों को भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है और विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### नड्डा ने जारी किया डायरिया रोको अभियान




**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को डायरिया रोको अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव गणपतराव जाधव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। समारोह में कई पोस्टर और प्रचार सामग्री का भी लोकार्पण किया गया।

### अफगानिस्तान में भू-स्खलन, 7 लोगों की मौत



**काबूल।** पूर्वी अफगानिस्तान के पक्तिया प्रांत के एक गांव में भू-स्खलन से सात लोगों की मौत हो गई है। प्रांत के जनिखैल जिले के जकोरगोर गांव में रविवार रात आई प्राकृतिक आपदा में एक घर बह गया। अफगानिस्तान के सुदूर इलाकों में ज्यादातर लोग मिट्टी के घरों में रहते हैं। इस कारण भारी बारिश, हिमपात और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय उन्हें नुकसान की आशंका बनी रहती है।

### बाबा विश्वनाथ की आय में चार गुना की वृद्धि



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम के कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद इसकी आय में चार गुना की वृद्धि हुई है। मंदिर के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में आय 22 से 23 करोड़ के आसपास थी, जो 2023-24 में बढ़कर 86 करोड़ हो चुकी है। विश्वनाथ धाम के विस्तार और सुविधाओं के बाद पिछले सात साल में बढ़े दान के साथ ही दर्शनार्थियों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मई 2024 तक श्रद्धालुओं की संख्या 16.22 करोड़ दर्ज की गई।

# जयशंकर ने यूएई के विदेश मंत्री के साथ की द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

**एजेंसी, अबूधाबी/नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से रविवार रात अबू धाबी में पर मुलाकात की और लगातार बढ़ती द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की।

डॉ. जयशंकर ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 'यूएई के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद से अबू धाबी में मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी लगातार बढ़ती व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर सार्थक और गहन बातचीत हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि सराहनीय रही।'

यूएई विदेश मंत्रालय के एक रीडआउट के अनुसार शेख अब्दुल्ला ने डॉ. जयशंकर को फिर से भारत के विदेश मंत्री बनने पर बधाई दी। यूएई के शीर्ष राजनयिक ने कल रात अबू धाबी में डॉ. जयशंकर का रात्रिभोज के लिए स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्री संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने यूएई और भारत के बीच व्यापक रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी के ढांचे के भीतर द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक में शेख अब्दुल्ला और डॉ. जयशंकर ने आर्थिक, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन सहित सभी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की चर्चा की।

### पीएम मोदी ने इस साल की थी यूएई की यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया है। दोनों देशों ने आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

व्यापार समझौते में कई लाभ दिए गए हैं, जिनमें टैरिफ को खत्म करना और कम करना, खुले व्यापार के माहौल को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं के लिए बाजार पहुंच को बढ़ाना शामिल है। यूएई 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत में शीर्ष चार निवेशकों में से एक है। करीब 35 लाख संख्या के साथ भारतीय समुदाय यूएई में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।

# लोकसभा चुनाव का रियल एस्टेट के काम-काज पर पड़ा असर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून के दौरान देश के 9 बड़े शहरों में नए घरों की मांग में 13 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है। रियल स्टेट डाटा एनालिस्ट फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट में अप्रैल से जून के दौरान देश के 9 प्रमुख शहरों में नए घरों की मांग 97,331 यूनिट रहने का अनुमान लगाया गया है।

पिछले साल इसी अवधि में यानी अप्रैल से लेकर जून की तिमाही के दौरान नए घरों की मांग का आंकड़ा 1,11,657 यूनिट का था। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान दिल्ली-एनसीआर में नए घरों की मांग पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई। दूसरी ओर, पुणे, हैदराबाद और कोलकाता में नए घरों की मांग में भारी गिरावट आई है। प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान नए घरों की मांग में कमी आने की एक बड़ी वजह कुछ दिन पहले संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव हैं। चुनावी गतिविधि बढ़ाने के कारण रियल एस्टेट के कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ा।

खासकर इस दौरान निर्माण कार्य की गति में काफी गिरावट आई, जिसकी वजह से नये घरों की मांग पर काफी असर पड़ा। इस रिपोर्ट में जिन शहरों को शामिल किया गया है, उनमें दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पुणे, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद के आंकड़े डाले गए हैं।

# ताइवान की सीमा में एक बार फिर घुसे चीनी विमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चीनी सेना लगातार ताइवान की सीमा में घुस रही है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक रविवार से सोमवार के बीच 23 चीनी एयरक्राफ्ट और 7 नौसैनिक जहाजों ने उनका बॉर्डर क्रॉस किया। उन्होंने बताया कि 23 में से 19 एयरक्राफ्ट उनकी उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन तक पहुंच गए थे। इसके बाद ताइवान ने चीनी सेना पर नजर रखने के लिए अपने विमान और नौसैनिक जहाज तैनात कर दिए हैं। इनमें मिसाइल सिस्टम को भी एक्टिवेट रखा गया है। ताइवान की सेना ने बताया कि वे चीनी सेना की हर हरकत पर नजर रखे हुए हैं। ताइवानी सेना के मुताबिक रविवार को भी 15 चीनी सैन्य विमान और छह नौसैनिक जहाज उसकी सीमा के भीतर घुसकर निगरानी कर रहे थे। ताइवानी सेना ने बताया कि उन्होंने इस महीने अब तक चीनी सैन्य विमानों को 324 बार और नौसेना जहाजों को 190 बार ट्रैक किया है। इससे दो दिन पहले चीन ने ताइवान की आजादी मांग कर रहे लोगों को मौत की सजा देने की धमकी दी थी। इसके बाद ताइवानी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि लोकतंत्र कोई अपराध नहीं है।

**23 एयरक्राफ्ट और 7 नौसैनिक जहाज के साथ बॉर्डर क्रॉस किया**

### ममता ने नीट को खत्म करने का आग्रह किया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित करने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बनर्जी ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की। उन्होंने कहा, "मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप इस पर विचार करें और राज्य सरकारों द्वारा इस परीक्षा को आयोजित करने की पुरानी प्रणाली को बहाल करने तथा नीट को खत्म करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।"

# हज यात्रा के दौरान 1,301 यात्रियों की मौत

## सऊदी अरब बोला, ज्यादातर गैर कानूनी तरीके से मक्का पहुंचे थे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान 1,301 यात्रियों की मौत हुई। सऊदी ने रविवार को ये जानकारी दी है। मरने वाले हज यात्रियों में सबसे ज्यादा मिस्र के 660 लोग थे। इसके बाद इंडोनेशिया के 199 और भारत के 98 हैं। वहीं, जॉर्डन से 75, ट्यूनीशिया से 49 पाकिस्तान से 35 और ईरान से 11 हज यात्रियों की मौत की खबर है।

सऊदी अरब ने मरने वालों का आंकड़ा जारी करते हुए बताया कि इनमें ज्यादातर वो लोग थे जो अवैध तरीके से मक्का-मदीना पहुंचे थे। सऊदी ने मौत की वजह भीषण गर्मी को बताया है। सऊदी की तरफ से दिए गए बयान में कहा गया है कि मरने वाले ज्यादातर या तो बुजुर्ग थे, या किसी बीमारी से जूझ रहे थे। इस बार हज के लिए 18 लाख यात्री सऊदी पहुंचे।

### टूर ऑपरेटरों ने गुमराह किया

हज पर जाने के लिए हज यात्री टूर ऑपरेटर का भी सहारा लेते हैं। इसके लिए ऑपरेटर पैकेज लेकर उचित सुविधा जैसे रहने, खाने और ट्रांसपोर्ट जैसी तमाम जरूरी चीजें मुहैया कराने का वादा करते हैं। हालांकि, मिस्र के सांसद महमूद कासिम ने टूर ऑपरेटरों पर हज यात्रियों के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

### बिना वीजा सऊदी पहुंचे थे मिस्र के लोग

मिस्र के मारे गए 658 हज यात्रियों में से 630 बिना वीजा के हज के लिए गए थे। इस समस्या से निपटने के लिए मिस्र ने क्राइसिस सेंटर का गठन किया है। हज यात्रा के दौरान मारे गए यात्रियों के शव सड़कों पर पड़े हुए थे। इन्हीं के बीच से बाकी यात्री हज करने जा रहे थे। इस साल बड़ी संख्या में हज यात्रियों के मरने के पीछे की बड़ी वजह भीषण गर्मी का होना है।

# संविधान पर हमला हमें स्वीकार्य नहीं : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लोकसभा संसद सत्र के पहले दिन विपक्ष के सभी नेता अपने हाथों में संविधान की प्रतियां लिए हुए नजर आए। इस दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा।

राहुल ने कहा कि हम संविधान पर हमला नहीं होने देंगे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह कर रहे हैं। यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने हाथों में संविधान की प्रतियां लेकर लोकसभा कक्ष तक मार्च किया था। राहुल ने कहा कि हमारा संदेश जनता तक पहुंच रहा है और कोई भी शक्ति भारत के संविधान को नहीं छू सकती है और हम इसकी रक्षा करेंगे। राहुल ने पीएम मोदी के संबोधन पर कहा कि कोई नई बात नहीं कही, विपक्ष हर मिनट का हिसाब मांगेगा।

### खड़गे बोले- मोदी ने संविधान तोड़ने की कोशिश की, इसीलिए आज सभी दलों के नेता एक साथ आए



**खड़गे** ने कहा कि मोदी जी ने संविधान तोड़ने की कोशिश की, इसीलिए आज सभी दलों के नेता एक साथ आए हैं और विरोध कर रहे हैं। यहां गांधी की मूर्ति थीं, वे सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को तोड़ रहे हैं, इसीलिए आज हम दिखाना चाहते हैं कि मोदी जी, आपको संविधान के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। मोदी की इमरजेंसी वाली टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि वे यह 100 बार कहेंगे। बिना इमरजेंसी घोषित किए आप यह कर रहे हैं। इस बारे में बात करके आप कब तक शासन करना चाहते हैं?

### विपक्ष हर मिनट का मांगेगा हिसाब: जयराम



**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास देने के लिए कुछ भी नया नहीं है। हमेशा की तरह 18वीं लोकसभा की शुरुआत से पहले भी उन्होंने बात को भटकाने का सहारा लिया। कोई नई बात नहीं कही है। विपक्ष हर मिनट का हिसाब मांगेगा। प्रधानमंत्री ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि वे लोगों के फैसले का सही मतलब समझते हैं। उन्होंने कहा कि गैर-जैविक प्रधानमंत्री को लोकसभा चुनाव में व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक रूप से करारी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने हमेशा की तरह संसद के बाहर अपना 'देश के नाम संदेश' दिया है।

# दक्षिण कोरिया में फैक्टरी में आग, 20 लोगों की मौत

**एजेंसी, सियोल**



दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार को आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात घायल हो गए व छह लोग लापता हैं।

स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्टरी की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्टरी की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय फैक्टरी में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

# अमरनाथ यात्रा : एडीजीपी ने सुरक्षाबलों के साथ समीक्षा बैठक कर जानी तैयारियां

**एजेंसी, श्रीनगर**

**एडीजीपी** (कानून एवं व्यवस्था) और एसडीआरएफ के सह कमांडेंट जनरल विजय कुमार ने आईजीपी कश्मीर वीके बिरदी और अन्य अधिकारियों के साथ 29 जून से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर समीक्षा बैठक की।

एक अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अधिकारियों ने उपकरणों का निरीक्षण भी किया और यात्रा से पहले टीमों को जानकारी दी। उनके साथ डीआईजी दक्षिण कश्मीर, डीआईजी सशस्त्र, कमांडिंग ऑफिसर एनडीआरएफ और कमांडिंग ऑफिसर एसडीआरएफ भी थे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की 12 टीमों, एसडीआरएफ की 11 टीमों, एनडीआरएफ की 8 टीमों, बीएसएफ की 4 टीमों और सीआरपीएफ की 2 टीमों को अधिकारियों ने जानकारी दी और उन्हें यात्रा मार्गों पर आगे की तैनाती के लिए रवाना कर दिया गया। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने वाली है और इस साल 29 अगस्त को समाप्त होगी।

# नड्डा ने खड्गे को लिखा पत्र, जहरीली शराब कांड पर कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिली**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तमिलनाडु में जहरीली शराबकांड को लेकर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा। नड्डा ने इस मामले पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। जहरीली शराब से राज्य में कई लोगों की मौत हुई है। नड्डा ने पत्र में कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी पूरी तरह से मानव जनित है। अगर द्रमुक-विपक्षी गठबंधन सरकार और अवैध शराब माफियाओं के बीच सांठगांठ नहीं होती तो शायद 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी के बाद कल्लाकुरिची के करुणापुरम गांव में चिताएं जलाने की भयावह तस्वीरों ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। करुणापुरम में अनुसूचित जाति की आबादी काफी ज्यादा है, जो गरीबी और भेदभाव के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

# जमाखोरी रोकने के लिए 31 मार्च 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। सरकार ने गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने व जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए गेहूं पर स्टाक सीमा लागू की है।

मंत्रालय के मुताबिक, यह आदेश 24 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक, थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं के स्टाक की अधिकतम सीमा 3 हजार टन होगी, जबकि यह प्रोसेसर के लिए यह प्रसंस्करण क्षमता का 70 फीसदी होगी। इसके साथ ही बड़ी शृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन प्रति बिक्री केंद्र की होगी, जिसकी कुल सीमा 3,000 टन होगी व एकल खुदरा बिक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन की होगी। खाद्य मंत्रालय के मुताबिक एक अप्रैल, 2023 को गेहूं का शुरुआती स्टॉक 82 लाख टन था, जबकि एक अप्रैल, 2024 को यह 75 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल 266 लाख टन की खरीद की गई थी, जबकि इस साल सरकार ने 262 लाख टन की खरीद की है और खरीद अभी भी जारी है।

**गुड न्यूज** यूनेस्को ने जारी की सूची, ग्वालियर ने भी संगीत श्रेणी में बनाई जगह

# कोझिकोड शहर बना भारत का पहला 'सिटी ऑफ लिटरेचर'

**एजेंसी, कोझिकोड**



केरल के कोझिकोड शहर ने कोलकाता जैसे समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास वाले शहरों को पछाड़कर यूनेस्को से सिटी आफ लिटरेचर की उपाधि हासिल की है। भारत से ग्वालियर और कोझिकोड उन 55 नए शहरों में से हैं, जो यूसीसीएन में शामिल हुए हैं। जहां मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने संगीत श्रेणी में प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई वहीं कोझिकोड ने साहित्यश्रेणी में जगह बनाई। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर केरल के कोझिकोड को यूनेस्को ने भारत का पहला सिटी ऑफ लिटरेचर घोषित किया। अक्तूबर 2023 में कोझिकोड ने यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) की साहित्य श्रेणी में स्थान बनाया था। राज्य के मंत्री एमबी राजेश ने एक कार्यक्रम में कोझिकोड की उपलब्धि की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि कोझिकोड ने कोलकाता जैसे समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास वाले शहरों को पछाड़कर यूनेस्को से 'सिटी आफ लिटरेचर' की उपाधि हासिल की है।

कोझिकोड में 500 से अधिक पुस्तकालय हैं। यह कई दशकों से प्रसिद्ध मलयालम लेखक एमटी वासुदेवन नायर की साहित्यिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। भारत से ग्वालियर और कोझिकोड उन 55 नए शहरों में से हैं, जो यूसीसीएन में शामिल हुए हैं। जहां मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने संगीत श्रेणी में प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई।

वहीं, कोझिकोड ने साहित्यश्रेणी में जगह बनाई। दुनिया के जिन अन्य शहरों को यूनेस्को से टैग प्राप्त हुआ है, उनमें शिल्प और लोक कला श्रेणी में बुखारा, मीडिया आर्ट्स श्रेणी में कैसाब्लांका, डिजाइन श्रेणी में चोंग्किंग, फिल्म श्रेणी में काठमांडू शामिल हैं।

# गाजा में युद्ध समाप्त करने के समझौते पर नहीं होंगे सहमत: नेतन्याहू

**एजेंसी, तेल अवीव**



**गाजा** में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल 'आंशिक' युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा।

नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास की ओर से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह 'आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।' उन्होंने कहा कि लेकिन हम हमास को खत्म करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक विराम के बाद युद्ध जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका कहना है कि इजराइल अब भी हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगा कि वह फिर कभी सात अक्तूबर जैसा हमला न कर सके।